


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01, अंक : 348 | रांची, बुधवार, 04 दिसंबर 2024 (मार्गशीर्ष शुक्ल 03, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com




# 'नागरिक प्रथम' न्याय संहिता का मूल मंत्र : पीएम

एजेंसियां



▫ प्रधानमंत्री ने चंडीगढ़ में तीन नये आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन से राष्ट्र को कराया अवगत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल क्रियान्वयन से राष्ट्र को अवगत कराया और कहा कि नए आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्याय संहिता का मूल मंत्र नागरिक प्रथम है। ये कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। पहले एफआईआर दर्ज करवाना बहुत मुश्किल था लेकिन अब जीरो एफआईआर को कानूनी मान्यता दे दी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीड़ित को एफआईआर की कॉपी दिए जाने का अधिकार दिया गया है और आरोपित के खिलाफ कोई भी मामला तभी वापस लिया जाएगा, जब पीड़ित सहमत होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानून हमारे संविधान द्वारा हमारे देश के नागरिकों के लिए कल्पित आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। संविधान और कानूनी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत के बाद देश की नई न्याय संहिता को तैयार किया गया है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से बनी भारत की यह न्याय संहिता भारत की न्यायिक यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी।

मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता-पूर्व काल में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए आपराधिक कानूनों को उत्पीड़न और शोषण के साधन के रूप में देखा जाता था। 1857 में देश के पहले बड़े स्वतंत्रता संग्राम के परिणामस्वरूप 1860 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) लागू की गई थी। कुछ वर्षों बाद भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया और फिर सीआरपीसी का पहला ढांचा अस्तित्व में आया। इन कानूनों का विचार और उद्देश्य भारतीयों को दंडित करना और उन्हें गुलाम बनाना था।

शेष पेज 08 पर

### न्याय संहिता से बढ़ेगी हर विभाग की उत्पादकता

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि नई न्याय संहिता से हर विभाग की उत्पादकता बढ़ेगी और देश की प्रगति में तेजी आएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी, जो कानूनी बाधाओं के कारण बढ़ता है। पहले ज्यादातर विदेशी निवेशक न्याय में देरी के डर से भारत में निवेश नहीं करना चाहते थे। जब यह डर खत्म होगा, तो निवेश बढ़ेगा और इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने लगाया मार्शल लॉ, कहा

# संवैधानिक व्यवस्था को बचाने के लिए जरूरी कदम

**दक्षिण कोरिया।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने एक बड़ा कदम उठाते देश में मार्शल लॉ की घोषणा कर दी है। यून ने कहा कि स्वतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा के लिए उनके पास आपातकाल लगाने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने देश को संकट में डालने के लिए संसदीय प्रक्रिया को बंधक बना लिया है। बता दें, राष्ट्रपति यून सुक योल ने साल 2022 में पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने अपने फैसले को देश की संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा के लिए उठाया गया आवश्यक कदम बताया है।

**दक्षिण कोरिया में बढ़ा राजनीतिक तनाव :** राष्ट्रपति यून सुक योल के मार्शल लॉ लगाने के फैसले से पूरे देश में राजनीतिक तनाव काफी बढ़ गया है। वहीं आपालकाल लागू करने के दौरान राष्ट्रपति यून सुक-योल ने कहा कि दक्षिण कोरिया को उत्तर कोरिया की साम्यवादी ताकतों की ओर से उत्पन्न खतरों से बचाने के साथ-साथ देश विरोधी ताकतों को खत्म करने के लिए यह जरूरी है, इसलिए 'मैं इमरजेंसी मार्शल लॉ की घोषणा करता हूं।'



### राष्ट्रपति यून पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

दक्षिण कोरिया राष्ट्रपति यून सुक योल पर विपक्ष ने सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। विपक्ष ने राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की भी मांग की थी। इसके कुछ समय बाद ही राष्ट्रपति यून सुक योल ने मार्शल लॉ लगा दिया है। विपक्ष का आरोप है कि महाभियोग से बचने के लिए राष्ट्रपति यून सुक योल ने इमरजेंसी की घोषणा की है।



### अर्जुन मुंडा के बड़े भाई का निधन, अंत्येष्टि

**जमशेदपुर.** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीम सेन मुंडा (65 वर्ष) का मंगलवार तड़के टाटा मोटर्स अस्पताल में निधन हो गया। वे कैंसर से पीड़ित थे। तीन दिन पहले उन्हें दिल्ली से जमशेदपुर लाया गया था। भीम मुंडा के निधन पर ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत कई राजनीतिक दलों के सांसद, विधायकों ने शोक जताया। शेष पेज 08 पर

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिया निर्देश, कहा

# अवैध माइनिंग पर हर हाल में लगे रोक

प्रात: नागपुरी संवाददाता

▫ बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण है प्राथमिकता
▫ अवैध माइनिंग से नदियों के अस्तित्व पर खतरा
▫ अपराधियों के लिए जरूरी है पुलिस का भय

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण एवं अपराध नियंत्रण, अवैध माइनिंग पर रोक, मादक पदार्थ पर नकेल कसने एवं साइबर क्राइम पर लगाम लगाने से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक 3 दिसंबर मंगलवार को की। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष पावर प्वाबइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था, अवैध माइनिंग पर रोक तथा विभिन्न प्रकार के अपराध नियंत्रण को लेकर की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी रखी गई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनियोजित अपराध को रोकने के लिए पुलिस एक प्रभावशाली प्लान तैयार कर चिन्हित अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। शेष पेज 08 पर




### साइबर अपराध चुनौती, स्ट्रांग सेटअप करें तैयार

श्री सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध पर रोक लगा पाना चुनौती साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने झारखंड साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि साइबर अपराध से निपटने के लिए स्ट्रांग सेटअप तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस अधिकारी जल्द से जल्द टेक्निकल सेल का गठन कर टेक्निकल ऑफिसर की तैनाती करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर साइबर अपराध को कम किया जा सकता है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस पदाधिकारियों ने जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि 'प्रतिबिंब एप' के जरिए 330 साइबर अपराधियों पर एफआईआर दर्ज कराए गए हैं। 1281 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

### रांची के मेकॉन चौक से सिरमटोली तक निर्माणाधीन फ्लाईओवर का सीएम ने किया औचक निरीक्षण

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें। फ्लाईओवर निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार के जरिये कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित की जा सके। इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं। शेष पेज 08 पर



# हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार कल, शपथ ग्रहण भी होगा

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार पांच दिसंबर को मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। राजभवन के बिरसा मंडप में मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। समारोह दोपहर 12.15 बजे आरंभ होगा। इस बाबत राजभवन सचिवालय ने तैयारी आरंभ कर दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार नए मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराएंगे। जानकारी के अनुसार, मंत्रिमंडल विस्तार में झारखंड मुक्ति मोर्चा के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा, प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी का शपथ ग्रहण भी होगा। प्रोटेम स्पीकर नौ दिसंबर से आरंभ होने विधानसभा सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ ग्रहण कराएंगे।

**कांग्रेस की मैराथन बैठक दिल्ली में :** कांग्रेस कोटे के मंत्रियों का नाम तय करने के लिए मंगलवार को दिल्ली में मैराथन बैठकें हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत अन्य वरीय नेता सोमवार को ही इस सिलसिले में दिल्ली रवाना हुए थे। उन्होंने वहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की। बैठक के दौरान सभी निर्वाचित 16 विधायकों की सूची आलाकमान को सौंपी गई। संभावना है कि इस बार कांग्रेस विधायक दल का नेता मंत्री नहीं बनेगा। शेष पेज 08 पर



### 28 नवंबर को हेमंत सोरेन ने ली थी शपथ

हेमंत सोरेन ने बीते 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। विधानसभा चुनाव में उनके नेतृत्व में आइएनडीआइए के घटक दलों ने मिलकर 56 सीटें जीतने में कामयाबी पाई। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 34, कांग्रेस ने 16, राजद ने चार और भाकपा-माले ने दो सीटें जीतने में सफल रही।

## संक्षिप्त खबरें

### आगरा के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी



**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद ताज महल और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है।ताज की सुरक्षा व्यवस्था में लगे एसीपी सैयद अरीब अहमद ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पर्यटन विभाग को एक ई-मेल मिला है, जिसमें ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद ताज महल की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों के साथ बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच की। यहां पर आने-जाने वाले पर्यटकों पर भी नजर रखी जा रही है। अभी तक किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। ई-मेल किसने और कहां से भेजा इस बात का पता लगाया जा रहा है। ताजमहल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# 41 डीएसपी को वेतनमान में प्रोन्नति

### झारखंड पुलिस सेवा

**रांची।** झारखंड पुलिस सेवा के 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ मिला है। अब इन्हें लेवल 10 के तहत वेतन मिलेगा।इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।जारी अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड पुलिस सेवा के द्वितीय बैच के पदाधिकारी को एमएसीपी योजना का लाभ उनके संबंध में दायर पीएआईएल और अन्य याचिका के क्रम में सीबीआई केस को लेकर फलाफल से प्रभावित होगी। इसके अलावा जारी अधिसूचना में यह भी किया गया है कि जिन 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ दिया गया है, उनके संबंध में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर एमएसीपी योजना का लाभ रद्द कर दिया जाएगा और उन्हें भुगतान की गई राशि की प्रतिपूर्ति कर ली जाएगी।




वेतन लाभ पाने वाले अधिकारियों में शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, मजरूल होदा, अविनाश कुमार, विनोद कुमार महतो, शशि प्रकाश, अजय कुमार द्वितीय, सतीश चंद्र झा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, कुमार वेंकटेश्वर रमन, संदीप कुमार गुप्ता, विकास चंद्र श्रीवास्तव, सुमित कुमार, राजा मित्रा, राजकिशोर, अजीत कुमार विमल, ज्ञान रंजन, कौशर अली, अमर पांडे, अभिषेक कुमार, संजय कुमार प्रथम, संजीव कुमार बेसरा, अजय केरकेट्टा, विनोद रवानी, जीतवाहन उरांव, अशोक कुमार सिंह प्रथम, मुजीबुर रहमान, भूपेन्द्र रावत, आनंद ज्योति मिंज, तौकीर आलम, समीर कुमार सवैया, श्रद्धा केरकेट्टा, पूनम मिंज, अमित कच्छप, संदीप भगत, प्रदीप पॉल कच्छप, प्रकाश सोय, आशीष कुमार महली, अरविंद कुमार बिन्हा और नवनीत एंथोनी हेंब्रम शामिल हैं।

### बंगाल में आठ और देशभर में 28 निजी मेडिकल कॉलेजों पर ईडी का छापा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आठ गैर सरकारी मेडिकल कॉलेजों और देशभर में कुल 28 मेडिकल कॉलेजों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह छापा मारा है। इस कार्रवाई के दौरान मेडिकल कॉलेज मालिकों के घरों और संस्थानों को खंगाला जा रहा है। ईडी सूत्रों के अनुसार, पूर्व माकपा सांसद लक्ष्मण सेठ के हल्दिया स्थित घर और उनकी स्वयंसेवी संस्था द्वारा संचालित मेडिकल और डेंटल कॉलेज में कार्रवाई चल रही। इसके साथ ही बर्धमान, बीरभूम और कोलकाता के तारातला इलाके के मेडिकल कॉलेजों में भी तलाशी अभियान जारी है।

शेष पेज 08 पर

## इंजीनियरिंग छात्रा से रेप-मर्डर मामला : अभियुक्त की फांसी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

▫ 15-16 दिसंबर, 2016 को रांची की बूटी बस्ती में हुई थी घटना

एजेंसियां

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के रांची में बीटेक की छात्रा की रेप के बाद हत्या करने और शव को घर में जला देने के बहुचर्चित केस के अभियुक्त राहुल राज उर्फ रॉकी राज उर्फ अंकित उर्फ राज श्रीवास्तव उर्फ आर्यन की फांसी की सजा पर रोक लगा दी है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट से रिकॉर्ड तलब किया है। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को दोषी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने मौत की सजा के ट्रायल कोर्ट के आदेश की पुष्टि की थी।अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता उस दिन कॉलेज गई थी। वह घर लौटी, लेकिन रात में अकेली थी। अगली सुबह पड़ोसियों ने उसका शव जली हुई हालत में पाया। पीड़िता के पिता ने बलात्कार और हत्या का संदेह जताया है। उनकी शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच के दौरान मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। पाया गया कि याचिकाकर्ता पीड़िता का पीछा कर रहा था।जानकारी के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि पीड़िता के साथ बलात्कार किया गया और डेटा केबल और बिजली के तार से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। डीएनए रिपोर्ट के आधार पर याचिकाकर्ता की पहचान राहुल के रूप में हुई। ट्रायल कोर्ट ने याचिकाकर्ता को आईपीसी की धारा 302, 376, 449 और 201 के तहत दोषी ठहराया और उसे मौत की सजा सुनाई।



अपील में झारखंड उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि और सजा की पुष्टि की। शेष पेज 08 पर

# भारत-चीन सीमा पर शांति और स्थिरता पहली शर्त : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा को जानकारी दी कि चीनी कार्रवाई के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग होने के कारण भारत-चीन संबंध 2020 के बाद से सामान्य नहीं रहे थे। हमारे निरंतर राजनयिक प्रयासों से हाल ही में संबंधों में कुछ सुधार आया है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा में भारत-चीन संबंधों पर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति और अमन-चैन रिश्तों के सामान्य होने की पहली शर्त है। चीन के साथ बातचीत में राष्ट्रीय हितों को व्यापक तौर पर साधा जा रहा है। दोनों पक्षों (भारत और चीन) को एलएसी का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए। किसी भी पक्ष को यथास्थिति को एकतरफा बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चाओं के माध्यम से चीन के साथ जुड़ने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। दोनों देशों के बीच कुछ क्षेत्रों के बारे में वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर समझ का अभाव है। विदेश मंत्री ने सदन को डेप्सांग और डेमचोक के संबंध में 21 अक्टूबर, 2024 को हुए समझौते के बारे में सूचित किया। शेष पेज 08 पर

## संसद में उठा झारखंड में आलू की किल्लत का मामला

**नयी दिल्ली।** झारखंड में आलू की किल्लत का मामला लोकसभा में उठा। हजारीबाग से सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच आलू व्यापार को लेकर जारी विवाद को उठाया। उन्होंने कहा कि इसका सबसे ज्यादा असर झारखंड के गरीब लोगों पर पड़ेगा। पश्चिम बंगाल के आलू व्यापारियों ने धमकी दी है कि यदि राज्य सरकार दूसरे राज्यों को आलू बेचने पर लगी रोक नहीं हटाती है, तो वे हड़ताल पर चले जाएंगे। मनीष जायसवाल ने केंद्र की मोदी सरकार से पश्चिम बंगाल और झारखंड के बीच अंतर-राज्यीय विवाद में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। पश्चिम बंगाल ने स्थानीय बाजारों में आलू की कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास में पड़ोसी राज्यों को आलू बेचने पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया है। इससे झारखंड के बाजारों में आलू 35-40 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। बंगाल से आवक कम होने के कारण झारखंड में आलू की किल्लत बढ़ गयी है।

तृणमूल कांग्रेस के कीर्ति आजाद ने किसानों के सामने डीएपी खाद के संकट का मुद्दा लोकसभा में शून्यकाल में उठाया और सरकार से इस संबंध में बयान देने की मांग की। शेष पेज 08 पर

### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अड़ीं

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में आलू की किल्लत पर अपनी राय रखी। उन्होंने इसकी बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाया। साथ ही कहा कि फिलहाल आलू का अंतरराज्यीय व्यापार पर रोक जारी रहेगी। सोमवार को ही खाद्य भवन में बंगाल के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने आलू व्यवसायियों और कोल्ड स्टोर के मालिकों के संगठनों के साथ त्रिपक्षीय बैठक की। इसका कोई नतीजा नहीं निकला।

# अब बैंक खाते में चार नॉमिनी तक रख सकेंगे खाताधारक

▫ बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 लोकसभा से हुआ पारित

**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने, निवेशकों, ग्राहकों और उपभोक्ता की सुविधा तथा सुरक्षा को बढ़ाने संबंधी बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को लोकसभा ने मंगलवार को पारित कर दिया। वहीं इस विधेयक के खिलाफ विपक्ष के संशोधन प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन को बताया कि आज बैंकों को पेशेवर तरीके से चलाया जा रहा है। मेट्रिक्स स्वस्थ हैं, इसलिए वे बाजार में जा सकते हैं और बॉन्ड जुटा सकते हैं, ऋण जुटा सकते हैं तथा उसी के अनुसार अपना व्यवसाय चला सकते हैं। उन्होंने बताया कि कहा कि सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक लाभ में आ रहे हैं। शेष पेज 08 पर



# रामगढ़ में रामचन्द्र रुंगटा के प्लांट पर जीएसटी टीम ने की छापेमारी

## झारखंड इस्पात, मां छिन्नमस्तिका, आलोक स्टील और रामगढ़ ऑफिस में हुई जांच

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** राज्य के जाने-माने उद्योगपति रामचंद्र रुंगटा के प्लांट में मंगलवार को जीएसटी की टीम ने बड़ी छापेमारी की है। रामगढ़ जिले के अरगड्डा रोड स्थित झारखंड इस्पात, बरकाकाना इलाके के मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन और कुजू ओपी क्षेत्र के आलोक स्टील प्लांट के अलावा रामगढ़ शहर में जहाज कोठी में बने कार्यालय में छापेमारी चल रही है।

जीएसटी के अधिकारियों को संदेह है कि रामचंद्र रुंगटा अपने फर्म के माध्यम से सरकारी टैक्स की चोरी कर रहे हैं। यहां तक कि उन्हें जितना टैक्स देना चाहिए था, उसके अनुपात में अभी तक उन्होंने उसे जमा नहीं किया है।



सभी ठिकानों पर जीएसटी के अधिकारियों ने एक साथ छापेमारी शुरू की। सभी प्लांट और कार्यालय में चार-पांच गाड़ियों से अधिकारी एक साथ घुसे और प्लांट के दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया। इस दौरान वहां मौजूद सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों के मोबाइल भी जब्त कर लिए गए और उन्हें बंद कर दिया गया। यहां तक कि लैंडलाइन फोन को भी पूरी तरीके से ठप कर दिया गया। अधिकारियों की टीम प्लांट और ऑफिस में मौजूद सभी दस्तावेजों को खंगाल रही है।

### छापेमारी से मचा हड़कंप

जीएसटी के अधिकारियों की छापेमारी के बाद सभी स्थानों पर हड़कंप मच गया। प्लांट के कंटाघर और ऑफिस समेत पूरे प्लांट का भ्रमण कर अधिकारियों ने जायजा लिया। किसी को भी प्लांट के अंदर जाने आने की अनुमति नहीं मिली। जो भी वाहन कुछ सामान लेकर आ रहा था उसकी जांच की गई। स्पंज, कोयला, लोहा, स्टॉक समेत कंपनी चलाने के लिए जरूरी उपकरण संसाधन की खरीद-बिक्री कागजात समेत कई मामलों की जांच पड़ताल की जा रही है।

# कुएं में लगे मोटर, पंपसेट और केबल की चोरी, ऑपरेटर पर संदेह

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोबरदरहा गांव में कुएं में लगा मोटर, पंप सेट और केबल चोरों ने चुरा लिया। इस मामले में नगर परिषद जलापूर्ति योजना में पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद कुंदन कुमार यादव ने पंप ऑपरेटर ब्रह्मदेव बसरियार के ऊपर संदेह व्यक्त किया है। कुंदन कुमार यादव के बयान पर रामगढ़ थाने में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि वह ग्रामीण जलापूर्ति योजना के बेल्जी रतना सौरठिया इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में पर्यवेक्षक है। इस योजना के नियमित इंटकवेल में लगाए गए वीटी पंप का दो मोटर, एक पंप का हैड और केबल चोरी कर लिया गया। इसकी सूचना 29 नवंबर को पंप ऑपरेटर ब्रह्मदेव बसरियार के द्वारा दी गई। जब उन्हें इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने गोबरदरहा गांव में इस पूरे मामले की जांच की। कुंदन यादव ने पुलिस को बताया कि पूछताछ के दौरान ब्रह्मदेव



बसरियार के द्वारा कई स्टेटमेंट भी बदले गए। उन्होंने उसका कॉल रिकॉर्डिंग भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। कुंदन ने पुलिस से पंप ऑपरेटर से पूछताछ करने और जांच-पड़ताल करने की मांग की है। कुंदन कुमार यादव ने इस बात का भी जिक्र किया है कि 14 नवंबर को उनकी कंपनी के कुछ टेक्नीशियन उसे इलाके में काम करने गए थे, जिसमें मोटर और अन्य उपकरणों को चलते हुए हालात में पाया था।

## संक्षिप्त

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**इटकी।** इटकी ब्राम्बे सड़क पर मंगलवार को भारत गैस ऐजेंसी के निकट बारीडीह मोड़ के निकट सड़क दुर्घटना में वाईक सवार छोटू उरांव और महादेव उरांव नामक दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये है। ग्रामीणों के मदद से घायल युवकों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंच कर दुर्घटना ग्रस्त वाईक और एक ट्रेक्टर को जब्त कर लिया है। घायल एक युवक बारीडीह और दूसरा बुढ़ा खुखरा ( मांडर ) का निवासी बताये गये है। घटना के संबंध में बताया गया कि बाईक में सवार युवकों ने तेज रफ्तार के साथ वारीडीह गांव से इटकी मोड़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बारीडीह मोड़ के निकट विपरीत दिशा से आ रही ट्रेक्टर को देखकर अपना संतुलन खो बैठे और गिर पड़े ट्रेक्टर चालक ने युवकों को बचाने के लिए ट्रेक्टर को गिरे हुए पेड़ पर चढ़ा दिया। जिससे दोनों युवक ट्रेक्टर के चपेट में आने से बाल बाल बच गये।

### दुलमी गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर



**सोनाहातू।** विधायक अमित महतो के पहल पर दुलमी गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।विधायक के निर्देश अनुसार झामुमो कार्यकताओं के द्वारा दुलमी गांव में 100 केवी के ट्रांसफार्मर का स्विच ऑन कर एवं फीता काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया,ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष बिजली की समस्या रखी थी। मौके रोहिताश चौधरी, दीनबंधु महतो, राजु मुंडा, श्रवण मछुआ, शष्टीधर लोहरा, संदीप लोहारा, संजय, मिशन, जगदीश, सत्यनारायण, लक्ष्मण, रहीना, कानदेव, विमल आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव को लेकर हुई बैठक

**रामगढ़।** आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के आयोजन के मद्देनजर जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़ की अध्यक्षता में सोमवार को अनुमंडल कार्यालय स्थित जिला खेल कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम ने बैठक में उपस्थित नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी, एन सी सी रामगढ़ के पदाधिकारी एवं जिले के सभी महाविद्यालय के प्रभारी पदाधिकारियो को आगामी 13 दिसंबत को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एवं महोत्सव के दौरान होने वाली विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 स्थानीय मैक्स इंस्टीट्यूट आफ टीचर ट्रेनिंग इम्क कॉलेज में जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता,विज्ञान मेला एकल,विज्ञान मेला सामूहिक एवं फोटोग्राफी का आयोजन किया जाना है।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रामगढ़ में चुनाव कमेटी की हुई बैठक

- लिए गए कई निर्णय

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़** ।2 दिसम्बर को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रामगढ़ में चुनाव कमेटी की बैठक चुनाव अध्यक्ष सरदार नरेंद्र सिंह चमन की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस बैठक में कई निर्णय लिए गए । बैठक में यह निर्णय लिया गया की समाज के जो बच्चे 15 दिसंबर २०२४ तक 18 वर्ष की आयु या उससे ज्यादा के हो जाएगे तो वो नये सदस्य के लिए सदस्यता फॉर्म ले सकते हैं । नई सदस्यता का फॉर्म 3 दिसंबर से लेकर 7 दिसंबर तक चुनाव कार्यालय से 100 रुपए नकद भुगतान करके संध्या 7:00 बजे से 7:30 बजे के बीच लिया जा सकेगा। फॉर्म जमा करने की तिथि 9 दिसंबर से 10 दिसंबर संध्या शाम 7:00 से 7:30 के बीच चुनाव कार्यालय में निर्धारित की गयी है।

डुप्लीकेट कार्ड बनाने का भी प्रावधान वर्तमान सदस्यो के लिए आवेदन के साथ 200 रुपये नकद भुगतान देके बनाया जा सकेगा। बैठक में चुनाव कमिटी के सदस्य सरदार कवलजीत सिंह लाम्बा, सरदार हार्मिंदर सिंह जौली , सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार हरजाप सिंह अध्यक्ष के साथ मौजूद थे।

### अलग-अलग स्थानों से दो बाइक की चोरी

**रामगढ़।** रामगढ़ थाने में दो लोगों ने अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी हो जाने की शिकायत की है। पहली घटना में दो दिसंबर को सैनी होटल फैमिली रेस्टोरेंट के पार्किंग स्थल से पल्सर बाइक संख्या (जेएच 24सी 6614) चोरी चली गई। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। इस संबंध भुक्तभोगी चिन्तामनी पटेल ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। दूसरी घटना रजरप्पा थाना क्षेत्र के जमीरा निवासी मो. मेराज ने स्पलेंडर प्लस बाइक संख्या (जेएच 24ए 9366) चोरी हो जाने पर मामला दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने कांड संख्या 374/24 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# डीएमएफटी मद से हो रहे पथ के निर्माण का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

## सड़क निर्माण के दौरान प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता के विषय पर ली जानकारी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** डीएमएफटी मद से हो रहे हैं सड़क निर्माण की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा टीम गठित कर हो रहे निर्माण कार्यों का ऑन द स्पॉट जाकर पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया ।

रामगढ़ जिला अंतर्गत ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक आवागमन की सुविधा को दुरुस्त करने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पथ निर्माण सहित अन्य योजनाओं के तहत लोगों को



सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से हो रहे निर्माण कार्यों का जांच हेतु उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार टीम गठित किया गया। जांच टीम द्वारा डीएमएफटी के तहत विभिन्न योजना अंतर्गत नेहरू रोड में सड़क निर्माण कार्य का पदाधिकारियों द्वारा जा जाकर निरीक्षण किया गया साथ ही क्षेत्र के लोगों से भी निर्माण की गुणवत्ता पर चर्चा की गई इस दौरान लोगों ने डीएमएफटी के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रशंसा करते हुए उपायुक्त को धन्यवाद कहा।

जांच टीम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, डीएमएफटी लीड सुकांतो मेटे, सहायक अभियंता भवन निर्माण शुभम सक्षम सहित अन्य उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** प्रखंड के बंता हजाम राजकीय कृत उच्च विद्यालय में पदस्थापित प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी के सेवानिवृत होने पर मंगलवार को विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक, पुर्व मुखिया सुशील चंद्र सिंह मुंडा, जिप प्रतिनिधि अखिल महतो, एसएमसी अध्यक्ष काली पद महतो, उपाध्यक्ष फाल्गुनी देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ समीर हजाम, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल सिल्ली के प्रधानाध्यापिका विनीता कुमारी समेत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित



कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका को पुष्प गुच्छ, फुल माला, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सरिता कुमारी काफी भावुक हुई। उन्होंने अपने सेवा काल के दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं पुर्व शिक्षक नरेश चंद्र महतो,पुर्व लिपिक रघुनंदन कोइरी समेत विद्यालय कमीर्यो की सहयोग की सराहना की वहीं उन्होंने बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की। प्रखंड प्रमुख ने सरिता कुमारी को एक आदर्श प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षिका बताते हुए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को सरिता कुमारी से काफी कुछ प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने सेवानिवृत्त शिक्षक के विद्यालय में शिक्षा के प्रति ईमानदारी पूर्वक कार्य, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का चर्चा किये ।

वही उन्होंने कहा कि सेवा में आने वाला का सेवानिवृत होना एक परंपरा है। जिसका हर किसी को पालन करना ही है। इनका शिक्षको और छात्रों से हमेशा मधुर संबंध बना रहा । आज इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है। अन्य सभी वक्ताओं ने ?उनकी दीघार्यु और स्वस्थ्य जीवन की कामना किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षिका कुमारी निशा कच्छप, शिक्षक शशि भूषण मिर्धा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन एवं समापन प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ समीर हजाम ने किया। इस पुर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कुली छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सहायक शिक्षिका धनवंती कच्छप, केशवती महतो, दिपक कुमार दास, दुर्गेशवरी देवी, शिक्षक अनंत किशोर प्रजापति, अंशुमन सिंह,आकाश कुमार, कालीपद महतो, सुभाष सिंह मुंडा,दुर्गेश्वरी देवी अखिलेश्वर महतो समेत गणमान्य लोग,अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# तोरपा विधायक की पहल पर बहाल हुई बिजली व्यवस्था

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** एक हाइवा ट्रक ने सोमवार की देर रात तोरपा रेफरल अस्पताल के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे ट्रांसफार्मर के परखच्चे उड़ गये। इसके कारण पूरा तोरपा इलाका रात भर अंधकार में डूबा रहा।

इसकी जानकारी मिलते ही मंगलवार की सुबह तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया तोरपा पहुंच



गये और विभाग के अधिकारियों से बात कर विद्युत आपूर्ति बहाल कराया।मौके पर विधायक ने कहा कि लोगों को कोई भी समस्या हो, वे इसकी जानकारी दें, उनकी समस्याओं के निराकरण का हर संभव प्रयास किया जायेगा। विद्युत ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने के एक घंटे अंदर विधायक के तोरपा पहुंचने की स्थानीय लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि जनप्रतिनिधि ऐसा ही होना चाहिए, जो समस्या की जानकारी मिलते ही वहां पहुंच जाए।

### कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष की पत्नी का अंतिम संस्कार


**खूंटी।** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष और छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर साहू की पत्नी यशोदा देवी का सोमवार को निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। मंगलवार को छाता नदी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके छोटे पुत्र मनोज कुमार साहू ने मुखाग्नि दी।

### आरिफ रजा ने 200 गरीबों के बीच बांटे कंबल



**इटकी।** इटकी मौसीबाड़ी के निकट मंगलवार को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश युवा कांग्रेस के को-आडेर्नेटर आरिफ रजा ने अपने निजी कोष से 200 सौ गरीब जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर आरिफ रजा ने कहा कि मानव सेवा करना ही मनुष्य जीवन का मुख्य उदेश्य है। गरीब और जरूरतमदों के प्रति मनुष्यता और अपनत्व भरा भावना का वातावरण समाज में बनाने की जरूरत है क्योंकि गरीबों की जिन्दगी काफी दुख भरी होती है। समाज में उनके उपेक्षा के बजाय छोटी मोटी सहयोग कर उन्हे मानसिक रूप से सबल बना कर उनको विकास की राह पर ले जाना हम सभी प्रबुद्ध नागरिकों का कर्त्तव्य बनता है। उन्होंने कहा कि रविवार को इटकी में जरूरतमदों के बीच पुनः कंबल वितरण कार्यक्रम किया जायेगा। कार्यक्रम में सफील्लाह अकतर, लालबीर कुमार, मो०अजहर ,साहिल रजा ,अमीन अंसारी सहित दर्जणों लोग उपस्थित थे।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**बुढ़मू।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग राहत सेवा केंद्र झारखंड के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महावीर नायक स्थानीय नागपुरी कलाकार के द्वारा गीत संगीत का आयोजन किया गया, इस दौरान प्रखंड के तमाम पंचायत से सैकड़ों दिव्यांग महिला, पुरूष एवं बच्चों को कंबल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंगल मारूती परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो के सौजन्य से कंबल का वितरण किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य रामजीत गंझू, प्रमुख सत नारायण मुंडा, विडिओ धीरज कुमार, उप प्रमुख हरदेव साहू उपस्थित हुए। अतिथियों ने दिव्यांग जनों का उत्थान एवं सहयोग के लिए हर संभव सहयोग करने और योजनाओं से जोड़कर लाभ पहुंचाने की बात कही। दिव्यांग राहत सेवा केंद्र झारखंड के अध्यक्ष दिनेश नायक, सचिव रतन मुंडा एवं कोषाध्यक्ष सुनील राम ने दिव्यांगों के लिए लगातार राहत शिविर लगाकर दिव्यांगों को लाभ पहुंचाने का कार्य करते हैं। मौके पर झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, सीता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### श्री अग्रसेन स्कूल में मनी अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि



**भुरकुंडा।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि मनाई है। सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त शिक्षक पात्रिक मिंज ने कहा कि 1971 में अलबर्ट एक्का ने पाक सेना का बंकर उड़ा दिया। पाक सैनिकों को मार गिराया। रेलवे के आउटर सिग्नल इलाका को कब्जे में लेने के बाद वापस आने के दौरान टॉप टावर मकान के ऊपर में खड़ी पाक सेना ने अचानक मशीनगन से उन पर हमला कर दिया। इसमें 15 भारतीय सैनिक मारे गए। तब अलबर्ट दौड़ते हुए टॉप टावर पर चढ़ गए और मशीनगन को कब्जे में लेकर दुश्मनों को तहस-नहस कर दिया। इस दौरान अलबर्ट एक्का को 20 से अधिक गोलियां लगीं। वह टॉप टावर से नीचे गिर गए और अपनी अंतिम सांस ली।

# रातू में दोदिनी राज्यस्तरीय कला उत्सव का आगाज

- बच्चे बिखेर रहे मनमोहक कला की छटा
- राज्य के 641 प्रतिभागी ले रहे भाग
- विजेता राष्ट्रीय उत्सव में लेंगे हिस्सा

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रातू।** प्रखंड के डायट परिसर में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम 'कला महोत्सव' का रंगारंग आगाज किया गया। पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जेसीईआरटी के उप





निदेशक प्रदीप चौबे व एसडीईओ नवीन बाड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर इसका उद्घाटन किया।

गिरिडीह की छात्राओं ने 'मन की वीणा' संगीत से शुरूआत की। बच्चियों ने मनमोहक कला की छटा बिखेरी। वहीं, मधु मंसूरी ने 'झारखंड कर कोरा' गीत से समा बांधा। इस दौरान राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। धीरसेन सोरेंग ने महोत्सव को भाषा, संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओ के प्रोत्साहन का एक बेहतरीन मंच बताया। मधु मंसूरी ने शराब पीकर कला का प्रदर्शन करने को फैशन करार दिया और कहा कि इससे न केवल कला संस्कृति बल्कि, भारतीय भूमि अपमानित हो रहा है। संचालन चंद्रदेव सिंह कर रहे हैं।

**विजेताओं को मिलेगा नकद इनाम**

उत्सव का समापन 4 दिसंबर की शाम होगा। बच्चे-बच्चियों को छह विधाओं में प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर दिया जा रहा है। इसमें शास्त्रीय, वादन, नृत्य, थियेटर, दृश्य कला व पारंपरिक कहानी वाचन शामिल है। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिये क्रमशः 25, 20 और 15 हजार नकद इनाम दिया जायेगा और प्रशस्ति पत्र भी दिये जायेंगे। वह नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महोत्सव में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## संक्षिप्त

### वी उपभोक्ताओं के लिए समाधान लाया

**रांची।** दूरसंचार कंपनी वी एआई और एमएल द्वारा पावर्ड स्पैम मैनेजमेंट समाधान ला रही है। यह नया समाधान मशीन आधारित ऑटोमेटेड समाधान के माध्यम से संभावी स्पैम मैसेजेज को पहचान लेता है, जिससे वी के यूजर मोबाइल का सुरक्षित एवं सहज अनुभव पा सकते हैं। शुरूआती टेस्टिंग अवस्था के बाद से यह समाधान 24 मिलियन से अधिक स्पैम मैसेजेज को पहचान चुका है।

### पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर अगली सुनवाई नौ को

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। ईडी ने अदालत से कागजात दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। जमीन घोटाले की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। सभी आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### दिव्यांगता दिवस पर जागरूकता सह रैली कार्यक्रम का आयोजन

**रांची :** मंगलवार को अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी, रांची में कोशिश स्पेशल स्कूल के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों व अभिभावकों द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के शुभ अवसर पर जागरूकता सह रैली कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 :30 बजे से किया गया। इस कार्यक्रम का शुरूआत बच्चों ने बैनर तले स्कूल प्रागण से अरगोड़ा मैदान तक पैदल मार्च करते हुए गए और विभिन्न पोस्टटर के माध्यम से दिव्यांग जनो के लिए जागरूकता सह रैली करते हुवे मैदान के चारो और गए। मैदान में जाकर दिव्यांग बच्चों ने खूब मस्ती किये और घूमे और खुश हुवे। इस कार्यक्रम के दौरान इस कोशिश के सभी सदस्य और स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिका लोग भी उपस्थित हुवे और बच्चों में कृष्णानु रॉय, मानी सहाय, सिद्धार्थ सहाय,तन्मय सिंह,वितिका, तुरजो, अनुभव, राज, इशिका, मनीषा, मंजूषा, अंशु, कृष, आदि।

### एचडी कुमार स्वामी से संजय सेठ ने की मुलाकात

**रांची :** नयी दिल्ली में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात किया। रांची स्थित एच.ई.सी. के पुनरुद्धार सहित कई विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। श्री सेठ ने बताया कि बहुत जल्द ही एचईसी के मुद्दे पर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी और सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

### झारखंड स्कॉय मार्शल आर्ट टीम का चयन

**रांची :** दिनांक 07 से 09 दिसंबर 2024 तक ताऊ देवीलाल स्टेडियम, पंचकुला, चंडीगढ़ में स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया और स्कॉय एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने जा रही 24वीं कैडेट, सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता के लिए झारखंड स्कॉय टीम का चयन किया गया। चयनित झारखंड टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आगामी 05 दिसंबर को रांची से प्रस्थान करेगी। इस टीम में विभिन्न वर्गों के उत्कृष्ट खिलाड़ी शामिल हैं, जिनके नाम निम्नलिखित हैं : चुमकी मुर्मू, खुकुमनी टुडू, चंपावती सोरेन, अनुपमा टुडू, ललिता बास्के, सबिता मुर्मू, नमिता सिंह, सीता रानी मुर्मू, सोनाली हेंब्रम, आंचल तिर्की, नीतू केरकेट्टा, एलिन डांग, अमायरा सिंह, अनाया सिंह, अतुल किरो, रोजलिन टोप्पो, मनीष कुमार, अजीत कुमार, साहिल लोहरा, शिवांश सिंह और शशि शेखर।

# रांची में बाइक चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार, हथियार और बाइक बरामद



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** पुलिस ने दो अलग-अलग बाइक चोर गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में तनवीर आलम, अर्जुन महतो, वासुदेव दास, रोशन दास भरत दास, गुफरान खान और आमिर अंसारी शामिल हैं। इनके पास से चोरी के पांच बाइक, एक स्कूटी, एक पिस्टल और तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत दो दिसंबर को शुभ नारायण उपाध्याय ने बाइक चोरी का मामला लालपुर थाने में दर्ज कराया था। मामले के अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज प्राप्त होने पर गठित टीम ने छापेमारी कर मो. तनवीर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसके जरिये बताया गया कि वह और उसका गिरोह शहर के विभिन्न स्थानों से मोटर साईकिल चोरी करता है। इसके बाद गूगल से पुराने मोटर साईकिल का नम्बर प्राप्त कर चोरी के मोटरसाईकल का नम्बर बदल देता है तथा अपने साथियों के सहयोग से शहर के बाहर बेचने का काम करता है। इसकी निशानदेही पर शहर से चुराकर खपाये गये पांच मोटरसाईकिल इनके सहयोगियों एवं खरीदार से बरामद किया गया है तथा कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी ने बताया कि एक दूसरे मामले में लालपुर थाना को सूचना मिली थी कि मोटरसाईकिल चोरी के आरोप में दो लोगों को सन्तअन्ना गली में कुछ लोग पकड़ कर रखे हुए हैं। सूचना पाकर लालपुर थाना वहां पहुंची और गुफरान खान उर्फ छोटू खान को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि यह अपने पास एक पिस्टल भी रखता है, जिसका उपयोग घटना को अंजाम देने के लिए करता है और मोटरसाईकिल चोरी करने के समय भी वह इसे अपने पास रखे हुए था।

पुलिस को आरोपित ने बताया कि वह यहां लोगों की भीड़ से घिर गया था और मोटरसाईकिल से भागने के प्रयास में गिर गया था। इसलिए घटनास्थल के पास वाले नाले में बहुत ही चतुराई से पिस्टल को छुपा दिया था। उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। इसपर 13 मामले पूर्व से दर्ज है। इनमें हत्या, लूट फिरौती, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज है। साथ ही पुलिस ने इसकी एक सहयोगी आमिर अंसारी को गिरफ्तार किया है।

# व्हाट्सएप नंबर में 24 घंटे में मिलीं 281 शिकायतें

## दर्ज 171 शिकायतों का तेजी से किया जा रहा निस्तारण




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने 3 दिसंबर, 2024 को समाहरणालय स्थित प्रकोष्ठ में बैठक कर व्हाट्सएप नंबर में प्राप्त शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। जिला प्रशासन द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 में 24 घंटे के अंदर ही 281 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। दर्ज की गई कुल 171 शिकायतों का निस्तारण तेजी से किया जा रहा है। उपायुक्त ने व्हाट्सएप नंबर पर रांची जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से भी शिकायतें प्राप्त करने के लिए प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया।

उधर, उपायुक्त ने आवासीय कार्यालय प्रकोष्ठ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी बीडीओ/सीओ को व्हाट्सएप नंबर द्वारा जन शिकायत के विषय मे महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि पारदर्शिता की कोई भी शिकायत नहीं मिले। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारी/कर्मी को व्हाट्सएप नंबर की जानकारी होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि बीडीओ/सीओ सभी के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दें।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में पदाधिकारी कर्मी ससमय उपस्थित रहे, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त द्वारा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

## उपायुक्त ने की डीसीसी, डीएलआरसी व ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति के साथ बैठक

मंगलवार को उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी), जिलास्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, रांची, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नाबार्ड एवं सभी संबंधित बैंकों के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सीडी रेशियो, एनुअल क्रेडिट प्लान, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सभी सीडी रेशियो की बैंकवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा खराब प्रदर्शनन करनेवालें बैंकों को सुधार करने का निर्देश दिया गया। अभी सीडी रेशियो 46.28 प्रतिशत हैं जिसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड में सालाना वार्षिक योजना में दिए गए लक्ष्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य ससमय पूरा करने के निर्देश दिये। प्रखंडवार लंबित आवेदनों के जल्द निष्पादन का निर्देश, केसीसी के स्वीकृत आवेदनों का ऋण आवेदकों को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया। उपायुक्त रांची ने KCC ऋण के बारें में जानकारी लिया जिसपर सम्बंधित पदाधिकारी के द्वारा उन्हें बताया गया की KCC ऋण वित्त वर्ष 2024-25 का लक्ष्य-76057 जिसमें सितंबर तक 34512 KCC ऋण वितरण लाभुकों के बीच कर दिया गया हैं। मुद्रा लोन और स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बैंकों को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। आरएसईटीआई एवं आरयूडीएसईटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा जरुरतमंदों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

## ट्रेनों का होगा सामान्य परिचालन हटिया-आनंद विहार फिर चलेगी



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेनों को रद्द कर दिया गया था। मार्ग में परिवर्तन किया गया था। अब ये ट्रेनें सामान्य रूप से परिचालित होंगीं। इसके अलावा हटिया- आनंद विहार फिर से चलेगी।

ट्रेन संख्या 18601/18602 टाटानगर - हटिया - टाटानगर एक्सप्रेस 4 दिसंबर, 2024 को सामान्य रूप से परिचालित होंगी।

ट्रेन संख्या 08151/08152 टाटानगर - बरकाकाना - टाटानगर पैसेंजर 4 दिसंबर, 2024 को सामान्य रूप से परिचालित होंगी।

ट्रेन संख्या 22892 रांची - हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस 5 दिसंबर, 2024 को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला- पुरुलिया-टाटानगर - खड़गपुर होकर चलेगी।

हटिया- आनंद विहार का पुनः परिचालन

जाड़े में कोहरे के मौसम की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 12873/ 12874 हटिया - आनंद विहार टर्मिनल- हटिया एक्सप्रेस को रद्द किया गया था। अब इन ट्रेनों को पुनः बहाल कर दिया गया है।

ट्रेन संख्या 12873 हटिया- आनंद विहार टर्मिनल (त्रि साप्ताहिक) एक्सप्रेस 5 दिसंबर, 2024 से हटिया से पुनः परिचालित होगी।

ट्रेन संख्या 12874 आनंद विहार टर्मिनल - हटिया (त्रि साप्ताहिक) एक्सप्रेस 6 दिसंबर, 2024 से आनंद विहार टर्मिनल से पुनः परिचालित होगी।

## शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रकिया 15 दिसंबर के बाद होगी शुरू

- ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं होंगे

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कू ल में कार्यरत शिक्षकों के स्थाशनांतरण की प्रक्रिया 15 दिसंबर से शुरू होगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह ने 3 दिसंबर, 2024 को इस बाबत सूचना जारी की है।

निदेशक ने लिखा है कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण के लिए विभागीय संकल्प (संख्या 2093, दिनांक - 6.8.2019) यथा संशोधित अधिसूचना (संख्या-1556, दिनांक - 8.6.2022 के आलोक में ऑनलाईन पोर्टल तैयार किया गया है।

पारस्परिक स्थानांतरण के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 दिसंबर, 2024 के बाद प्राप्त किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने के लिए 2 माह का समय दिया जाएगा। ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। पूर्व में निदेशालय अथवा जिला स्तर पर पारस्परिक स्थानांतरण के लिए समर्पित आवेदन के आवेदकों से अनुरोध है कि ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन समर्पित करेंगे।

## पूजा सिंघल मामले में बिरसा जेल अधीक्षक ने कोर्ट में दाखिल किया जवाब

**रांची।** नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से दायर याचिका पर मंगलवार को धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की रांची कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक ने जवाब दाखिल किया। इससे पूर्व 30 नवंबर को कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है।

## बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार से पूछा आखिर कब तक जनता परेशान रहेगी?



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार को निशाने पर लिया। सोशल मीडिया के माध्यम से मरांडी ने मंगलवार को हेमंत सरकार को घेरते हुए बड़ा सवाल किया कि आखिर कब तक जनता परेशान होती रहेगी?

मरांडी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं में खाली पदों के कारण आम जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा। राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयोग और मानवाधिकार आयोग जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में लंबे समय से पद खाली हैं, जिससे लोगों की अर्जियों पर सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त कार्यालय में 2000 से अधिक मामले लंबित हैं। पूर्व लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय का कार्यकाल जून 2021 में समाप्त हो गया और तब से यह पद खाली है। इसके कारण भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों की सुनवाई ठप हो गई है।

मरांडी ने कहा कि राज्य मानवाधिकार आयोग भी पूरी तरह से बंद है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए इस आयोग में पिछले लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्य नहीं हैं, जिससे लोग मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में न्याय पाने से वंचित हो रहे हैं। राज्य महिला आयोग की स्थिति भी बेहद खराब है। महिलाओं की समस्याओं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए यह आयोग काम करता है लेकिन अध्यक्ष और सदस्यों के अभाव में शिकायतों की सुनवाई नहीं हो रही।

सूचना आयोग में भी पद खाली रहने के कारण प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता की कमी और सरकार की जवाबदेही कमजोर पड़ रही है। साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्तियां समय पर करने की आवश्यकता पर बल दिया है लेकिन झारखंड में अभी तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

## झारखंड राय यूनिवर्सिटी में लिगल सर्विसेज क्लिनिक का उद्घाटन



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** नामकुम स्थित झारखंड राय यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ लीगल स्टडीज में लिगल सर्विसेज क्लिनिक का उद्घाटन 3 दिसंबर को किया गया। इस अवसर पर अमित शेखर (एजेसी-15), निर्मल कुमार भारती (अवर सचिव, झालसा) कमलेश बेहरा (डालसा सचिव) एवं पीएलवी विक्की चौधरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

अमित शेखर ने कहा कि देश भर में विधिक सेवा क्लीनिकों की स्थापना करना, ताकि देश के विधि छात्रों को कानून के तहत अपने अधिकारों और उपायों के बारे में अनभिज्ञ जनता की समस्याओं से परिचित कराया जा सके। गरीबी और असमानता की पृष्ठभूमि में संविधान में निहित 'सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक' न्याय के आर्दशों को प्राप्त कराया जा सकें। जागरुकता शिविरों, सेमिनारों, वाद-विवाद, कानूनी परामर्श, पोस्टर निर्माण और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से छात्रों और आम लोगों के बीच कानूनी जागरूकता फैलाना ही उद्देश्य हैं।

श्री शेखर ने आगे लीगल सर्विसेज क्लिनिक के बारे में कहा कि प्रत्येक विधिक सेवा क्लिनिक छात्रों के लिए एक कार्य केंद्र होगा, जहां फाइनल ईयर के विद्यार्थी फैकल्टी मेंबर के देख रेख में प्राथमिक विधिक सेवाएं प्रदान करेंगे। ये फर्स्ट प्वाइंट ऑफ कॉन्टेक्ट के रूप में काम करेगा

धन्यवाद डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने किया। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा क्लिनिक में लोगों के अनुकूल वातावरण प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा।

# बीआईटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल से, जुटेंगे दुनिया भर के विशेषज्ञ




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी मेसरा के बायो इंजीनियरिंग विभाग 5 से 7 दिसंबर, 2024 तक अंतरराष्ट्री य सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इसका विषय 'इमर्जिंग ट्रेंड्स इन ट्रांसलेशनल बायोइन्फॉर्मेटिक्स' है। इसमें बायोइन्फॉर्मेटिक्स, रोग जीवविज्ञान और कंप्यूटेशनल तकनीकों के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और नवाचारों पर चर्चा होगी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेसी बोस नेशनल फेलो और निदेशक (एनसीबीएस, बेंगलुरु) प्रो. एल.एस. शशिधर रहेंगे। विशिष्ट अतिथि निदेशक और बायोकॉन चेयर (आईबीएबी, बेंगलुरु) प्रो. डी. सुंदर होंगे।

सम्मेलन को एसईआरबी, डीबीटी, सीएसआईआर, एनएएसआई जैसी सरकारी एजेंसियों और एसकॉनटव ईजीडाइनर जैसे उद्योग भागीदारों का समर्थन प्राप्त है।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ट्रांसलेशनल बायोइन्फॉर्मेटिक्स के उभरते रुझानों और संभावना ओंर गहन चर्चा, तकनीकी कार्यशालाओं एवं प्रेरक व्याख्यानों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। सम्मेलन के अध्यक्ष और बायो इंजीनियरिंग और बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. कुनाल मुखोपाध्याय ने बताया कि पहले दिन 5 दिसंबर को एआई-एमएल और बिग डेटा का रोग जीवविज्ञान में अनुप्रयोग, दूसरे दिन 6 दिसंबर को आणविक मॉडलिंग और संरचनात्मक बायोइन्फॉर्मेटिक्स में भविष्य की संभावना व तीसरे दिन 7 दिसंबर को जटिलताओं का विश्लेषण : सिस्टम बायोलॉजी और मैथमेटिकल बायोलॉजी पर चर्चा होगी।

सम्मेलन में दुनिया भर के प्रतिष्ठित वक्ता और विशेषज्ञ भाग लेंगे, जो बायोइन्फॉर्मेटिक्स और इसके अनुप्रयोगों में नए दृष्टिकोण साझा करेंगे। सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी और सिंगापुर सहित विभिन्न देशों से शोधकर्ता, शिक्षाविद, और विद्वान शामिल होंगे। 200 से अधिक पोस्ट डॉक्टोरल फेलो के भाग लेने की उम्मीद है। बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना आयोजन का नेतृत्व करेंगे।

प्रो कुनाल मुखोपाध्याय ने कहा कि झारखंड में यह अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है। यह एआई, मशीन लर्निंग और अन्य बायोइन्फॉर्मेटिक्स तकनीकों के माध्यम से विविध अनुप्रयोगों पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा, जो मानवता को कई तरीकों से लाभान्वित करेगा।

विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आलोक जैन सम्मेलन के संयोजक हैं। उन्होंने कहा कि यह पैनल चर्चा अत्याधुनिक तकनीकों और उनके नवाचार एवं खोज को बढ़ावा देने की क्षमता पर केंद्रित होगी, जो भारत के अनुसंधान परिदृश्य को नया रूप दे सकती है। यह सम्मेलन समाज पर सार्थक प्रभाव डालने और जिज्ञासु युवा मन को प्रेरित करने का लक्ष्य रखता है।

प्रो. राजू पोद्दार और डॉ. कोएल मुखर्जी आयोजन सचिव हैं। सहायक प्रोफेसर डॉ. आलोक जैन सम्मेलन के संयोजक हैं। उन्होंरने कहा कि यह सम्मेलन झारखंड में शोध और नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# गोलियों की तड़-तड़ाहट से दहल उठा शहर, युवक की हत्या

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** गोलियों की तड़-तड़ाहट से श्री वंशीधर नगर शहर दहल उठा। शहर के गोसाईबाग में अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। मृत युवक की पहचान गढ़वा के सोनपुरा निवासी सुरेश राम पासवान के पुत्र सत्येन्द्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मृत युवक के कमर से देशी कट्टा को बरामद किया है। घटनास्थल से बाईक व आठ खोखा बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार गोसाईबाग में एक बाईक से दो लोग पहुंचे थे। लाईन होटल के समीप बाईक रोककर एक बाईक में हवा लेने लगा। दूसरा गुटखा लेने गुमटी के पास गया था। इसी बीच दूसरी बाईक पर भी दो अपराधी लाईन होटल के पास पहुंचे। बाईक खड़ा कर गुटखा लेने गये सत्येन्द्र कुमार पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। इससे सत्येन्द्र कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दूसरे युवक ने भाग कर जान बचाई।

फायरिंग करने के बाद जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक दोनों अपराधी बाईक पर सवार होकर उत्तर दिशा की ओर भाग निकले। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की जांच की। शव को कब्जे में लेकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी।

मृत युवक की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कमर से देशी कट्टा बरामद किया। आठ खोखा एवं एक ग्लैमर बाइक भी बरामद किया है। उधर, घटना के बाद शहर में भय का माहौल है।

## विद्यालय में डॉ राजेंद्र प्रसाद और खुदीराम की जयंती मनी



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**दुमका।** जरमुंडी स्थित कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार की अध्यक्षता में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं युवा क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती मनाई गई। प्रधानाध्यापक एवं सभी शिक्षकों ने डॉ प्रसाद एवं खुदीराम बोस के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने भी पुष्प अर्पित किया।

प्रधानाध्यापक ने कहा कि डॉ प्रसाद की सादगी और सच्चाई को सभी को अपनाना चाहिए। सहायक शिक्षक सुनेन्दु सरकार ने कहा कि हम सभी को बोस की देशभक्ति, ईमानदारी, सत्यता और कर्तव्यनिष्ठता को आत्मसात करना चाहिए।

मौके पर वरीय शिक्षक अनिल कुमार शाही, निरंजन कुमार साह, संगीता कुमारी, रंजन रानी, पुनीत कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा, संयाजिका अंजू देवी, चांदनी देवी, पुतुल देवी इत्यादि उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त

### डीवीसी के यूनियन चुनाव सम्पन्न छह यूनियनों ने लिया भाग

**लातेहार :** दामोदर घाटी निगम के तुबेद कोयला खान मे यूनियन चुनाव-2024 मंगलवार को संपन्नर हुआ। इस चुनाव में छह यूनियन ने भाग लिया था। चुनाव मे मतदाता के रूप में एनसीडब्ल्यू (राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता) के 12 और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। चुनाव में बतौर नोडल पदाधिकारी डीवीसी के प्रबंधक (मानव संसाधन) रवि प्रकाश तिवारी उपस्थित थे। मौके पर श्रम विभाग के अबू जफर मुख्यस रूप से मौजूद थे।चुनाव का निरीक्षण दीपक कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) के द्वारा किया गया। एएसआई एनएन मिश्रा की उपस्थिति में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन हुआ। इस अवसर पर अकाउंटेंट संजय कुमार व बिमलेश कुमार, ब्रजेश कुमार एवं डीवीसी के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जेल की सुरक्षा में नहीं हो कोई चूक : उपायुक्त

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कारा सुरक्षा के मद्देनजर कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सी.टी.वी, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गयी एवं कारा सुरक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, कारा अधीक्षक लातेहार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुखिया ने नये कार्यालय का किया उद्घाटन

**चरही :** मंगलवार को हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो ने फुसरी स्थित बजरंग चौक के पास नए कार्यालय का विधिवत पूजा पाठ करते हुए उद्घाटन कियें, इस दौरान उन्होंने लोगों से बात करते हुए बताया कि, इस कार्यालय को लोगों की परेशानियों को देखते हुए खोला गया है, इसे खुलने से हमारे पंचायत के ग्रामीण जनता को साइन मोहर इत्यादि, पंचायत से जुड़े किसी भी तरह के परेशानियों का सामना न करना पड़े, और हमारा पंचायत सुचारू ढंग से चल सके, मौके पर मुंतज़िर अंसारी, विनोद कुमार केसरी, विकास सिंह, मुमताज अंसारी, आबिद अंसारी, मनोज प्रजापति,रामप्रवेश कुमार, मुकेश कुमार वर्मा, इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

### प्रवासी मजदूर का शव गांव जोबर फुसरो पहुंचते ही माहौल हुआ गमगीन

**विष्णुगढ़ :** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। इसी क्रम में विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबर फुसरो के मजदूर निवासी कोकील महतो के पुत्र सरजू कुमार महतो की तिरुपति जिले में रविवार को दो मंजिले की ऊंचाई पर पाइप सफाई के कार्य के दौरान गिर जाने से मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ हैं। मृतक सरजू कुमार महतो तिरुपति में इलेक्ट्रो स्टील टेस्टिंग के कॉन्ट्रैक्टर राधा रानी इंटरप्राइजेज द्वारा कंपनी में काम करता था। वह घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था।

### विभावि मे शोध पर कार्यशाला आज

**हजारीबाग :** आनुभाविक डेटा संग्रहण तथा इसके महत्व' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में 4 दिसंबर को पूर्वाहन 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज विज्ञान के संकायअध्यक्ष डॉ सादिक रज्जाक करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार कार्यक्रम को बतौर मुख्य संरक्षक तथा मुख्य वक्ता सुशोभित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन समाज विज्ञान विभागों के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। कार्यशाला में भाग लेने के लिए लगभग 85 शोधार्थियों ने अब तक पंजीकरण कराया है।

## मंईयां योजना के फॉर्म भरने के लिए प्रखंड कार्यालय में उमड़ी भीड़



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**कटकमसांडी :** आचार संहिता समाप्त होते ही मईयां योजना के लाभ पाने को लेकर महिलाओं की भीड़ प्रखंड कार्यालय में उमड़ने लगी है। महिलाएं अपने छोटे छोटे बच्चों को लेकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों से मईयां योजना का भरे हुए फॉर्म को कन्फर्म करने के लिए रोज सैकड़ो की संख्या में महिलाएं प्रखंड मुख्यालय पहुंच रही है। मगर सर्वर डाउन की शिकायत सुनने के बाद मायूस होकर अपने घर भी लौट रही है।

महिलाओं का कहना है कि प्रखंड कार्यालय पहुंचने के बाद काम नही होने से समय व पैसे की बर्बादी होती है। अनुबंध के आधार पर नियुक्त एक ऑपरेटर के भरोसे कार्य निष्पादित हो रहा है। हमे यह कहकर बरगलाया जाता है कि सर्वर काम नहीं कर रहा है। मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाके, मसलन ढौठवा, आराभुसाई, शाहपुर, रेबर, बाझा, डांटो, पेलावल, रोमी, खुटरा, पबरा, लुपुंग, हेदलाग, गदोखर, बलियंद, कंचनपुर, कंडसार, नवादा, डांड़ आदि जगहों से प्रखंड कार्यालय पहुंचे महिलाओं को मायूस घर लौटने का दर्द देखा गया। लोगों का कहना है कि महिलाओं की परेशानियों को देखते हुए प्रखंड प्रशासन की ओर से निर्देशितअपने अपने पंचायत के सचिवालयों में ही योजना से सम्बन्धित समस्याओं का निपटारा होने से महिलाओं की परेशानियां कम हो सकती थी।

## अवैध खनन कार्य में लिप्त लोगों के विरुद्ध दर्ज करें एफआईआर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** सदर मेदिनीनगर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक 3 दिसंबर को हुई। सदर अनुमंडल कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में खनन पदाधिकारी, सदर व लेस्लीगंज के एसडीपीओ, सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

मौके पर एसडीएम ने सभी को आपसी ताल-मेल व बेहतर समन्वय के साथ पूरे अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी सीओ और थाना प्रभारी अपने क्षेत्र अंतर्गत संचालित क्रशर का मापी करें। यह सुनिश्चित करें कि क्रशर अपने निर्धारित एरिया में ही संचालित किया जा रहा है।




एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन को किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। जो लोग भी अवैध कार्य में लिप्त पाये जायेंगे, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी को बेहतर समझ के साथ काम करने की बात कही गयी। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा देखा गया है कि दो थाना क्षेत्र की सीमा रेखा पर अवैध बालू का कारोबार हो रहा है। ऐसे स्थान पर दोनों थानों व अंचलों के पदाधिकारी आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर संबंधित पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

इसके पूर्व सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी ने अपने स्तर से की गयी कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया।

## गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करें कार्य : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में तकनीकी विभाग के पदाधिकारियों संग बैठक कर विभागवार चल रही योजनाओं की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जतायी। उन्होंने बारी-बारी से विद्युत विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन निर्माण, जल पथ प्रमंडल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा कर कई निर्देश दिये।



**बिजली बिल माफी की ली जानकारी, पेयजल द्वारा संचालित योजनाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देश**

बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन व वितरण की जानकारी ली साथ ही बिजली बिल माफी का स्टेटस से भी अवगत हुई। उन्होंने कार्यपालक अभियंता से ससमय जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की बात कही। इसी तरह उन्होंने पेयजल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को तय समय पर पूरा करने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने नया शौचालय निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए लाइब्रेरी निर्माण से भी अवगत हुए।

**भूमि उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं को लेकर 05 दिसंबर की बैठक में प्रतिवेदन के साथ शामिल होने के निर्देश**

समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों के तरफ से भूमि उपलब्धता से जुड़ी अड़चनों को लेकर कार्य प्रारंभ नहीं होने का मामला उठाया गया,इसपर उपायुक्त श्री रंजन ने ऐसे सभी अभियंताओं से कहा कि जमीन से जुड़ी समस्या को लेकर पूरी रिपोर्ट के साथ 5 दिसंबर को सभागार में होने वाली बैठक में शामिल होना सुनिश्चित करें ताकि संबंधित सीओ साथ बैठक कर जमीन से जुड़ी समस्या को समाप्त कर कार्य प्रारंभ किया जा सके।

**जिला परिषद के माध्यम से जेसीबी क्रय करने की योजना**

समीक्षा बैठक में कई स्थानों पर कंडम बिल्डिंग रहने का मामला भी प्रकाश में आया। इसपर डीसी ने सभी से कहा कि ऐसे सभी कंडम बिल्डिंग का सूची बनाकर उप विकास आयुक्त को सौंपे जिसके पश्चात डीआरडीए निदेशक की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर ऐसे सभी कंडम बिल्डिंग पर उचित निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने उप विकास आयुक्त को जिला परिषद से जेसीबी क्रय करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिला परिषद इतना बड़ा विंग है, जहां जेसीबी की जरूरी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि कंडम बिल्डिंग को तोड़ने में जेसीबी को उपयोगिता में लाया जाये। उन्होंने कहा कि इस जेसीबी को आमजनों हेतु किराया पर देने का योजना भी बनाया जाये ताकि प्राप्त किराये से ही जेसीबी के ऑपरेटरों पर आने वाले खर्च को वहन किया जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित रहे।

## पलामू में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपित फरार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू :** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। वहीं, वारदात के बाद से किशोरी की हालत गंभीर है। मंगलवार को उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार, आरोपित ने खेत में घटना को अंजाम दिया है। घटना सोमवार देर शाम की है।

वहीं, पीड़िता की मां ने बताया कि 11 वर्षीय बच्ची धनिया पत्ता लेने खेत में गई थी। इसी बीच गांव के ही एक युवक ने खेत में ही उसे पकड़ लिया और जबरन कुछ दूर ले गया। फिर पीड़िता के साथ रेप किया और उसे धमकी दी कि यदि घर पर इसकी जानकारी किसी को दी तो जान से मार देंगे। घटना के बाद से ही पीड़िता काफी डरी हुई थी। देर रात जब उसकी तबियत बिगड़ी, तो उसने बताया कि उसके पड़ोस का ही रवि कुमार (22) ने उसके साथ गलत काम किया है।

किशोरी रात भर घर में दर्द से तड़पती रही। मंगलवार सुबह परिजन उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता की बिगड़ती स्थिति देखते हुए, उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और पीड़िता का लिखित बयान दर्ज कराया। इस मामले के संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता के फर्द बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी है।




## 14 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लातेहार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के निर्देशानुसार आगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। इसकी तैयारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रही है। मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला के बैंक कर्मचारियों के साथ बैठक कर ज्यादा से ज्यादा वादों में नोटिस कर निष्पादन कराने का निदेश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में जितना अधिक हो सके वादों का निपटारा कर आम जनता को राहत दिलाने में न्यायालय की सहायता करें। उन्होंने कहा कि वादों के निपटारा में बैंक की भूमिका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कई बार छोटे-मोटे ऋण का वाद भी बड़ा हो जाता है, जिसके कारण बैंककर्मी, न्यायालय और आम आदमी परेशान रहता है। ऐसे वादों को चिन्हित कर उनका निष्पादन आसानी से लोक आदालत में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने नियम को ध्यान में रखते हुए जितना हो सके उतना राहत आम जनता को पहुंचाने का काम बैंक करे।

## डेंटल कॉलेज एवं मिशन हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन मंगलवार को शहर के महावीर स्थान चौक में निशुल्क दंत जांच शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया।

शिविर में 32 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एंव आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया।



मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह- जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो।

मौके पर स्थानीय लोगों ने कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है। इससे गरीब परिवार एवं माध्यमिक परिवारों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज परिवार का सरहाना किया।

मौके पर डॉ अभिमन्यु, नर्सिंग विभाग से अजरा, रेशमी, रोजी, लैब विभाग से बिट्टू एवं नेत्र विभाग से राहुल ने अपना सरहानीय योगदान देते हुए कहा कि देश के आजादी के समय अर्थात विभाजन के समय 1947 में पाकिस्तान में हिंदुओं, सिखों, जैनों एवं बौद्धों की अच्छी खासी संख्या थी, जो अब नगण्य हो चुका है।

यही स्थिति अब बांग्लादेश में भी होने जा रही है। बांग्लादेश की वर्तमान सरकार इस कुकृत्य में खुले तौर पर शामिल है। अगर हम सभी अभी भी सचेत नहीं होंगे तो हमारी आनेवाली पीढ़ियां हमें ही कोसेंगी। बताया कि बांग्लादेश में यह संयोग नहीं प्रयोग किया जा रहा है और अगला निशाना भारत होगा। आयोजन को सफल बनाने में इनकी रही भूमिका प्रकाश गुप्ता, बासुदेव प्रसाद, डॉ. चेतलाल प्रसाद, संजय श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार, आर्य समाज से आचार्य कौटिल्य, सीख समाज से सुरजीत सिंह, दीपक जैन, पवन जैन, हीरालाल राम जी, इस्कॉन से केशवानंद महाराज, रामलखन मुंडा, महेन्द्र बेक, नरेश खंडेलवाल, सुमेर सेठी, अमरदीप यादव, मनमीत अकेला, विनोद कुमार, हर्ष अजमेरा सहित अन्य है।

## संक्षिप्त

### डॉ. अनुज से मिले युवा समाजसेवी अफजल



**बोकारो।** झारखंड के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं जरूरतमंदों की सेवा में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ. अनुज जैन से बोकारो के सामाजिक कार्यकर्ता सह हेल्पिंग कार्प्स फाउंडेशन के जिला समन्वयक अफजल खान ने रांची में भेंट की। अफजल ने उन्हें रिलेशनशिप सेलिंग बुक भी भेंट की। इस दौरान अफजल ने डॉ अनुज से विभिन्न स्वास्थ्य-समस्याओं पर बात भी की। डॉ. अनुज ने अफजल के कार्यों की सराहना करते हुए समाजसेवा तथा जरूरतमंदों की मदद में हर सक्षम लोगों, खासकर युवाओं की भागीदारी को जरूरी बताया। डॉ. अनुज बिहार-झारखंड के प्रसिद्ध मैक्सिलोफेशियल सर्जन (प्लास्टिक व कॉस्मेटिक सर्जन) हैं। वे लगातार विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों की मदद करते आ रहे हैं। आनन्द मार्ग योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निशुल्क चिकित्सा सलाह देते रहे हैं।

### योगेन्द्र महतो को मंत्री बनाएं सीएम हेमंत : प्रकाश



**बोकारो।** कसमार निवासी युवा समाजसेवी प्रकाश कुमार (जय प्रकाश) ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक योगेन्द्र महतो से मिलकर उन्हें विगत विधानसभा चुनाव में मिली शानदार जीत पर बधाई दी। प्रकाश ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनके बेहतर कार्यकाल के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं। साथ ही, क्षेत्र में विकास संबंधी मुद्दों पर उनसे चर्चा भी की। क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत जनसमस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनके नेतृत्व में विकास की सकारात्मक अपेक्षा जताई। प्रकाश ने कहा कि अपने पूर्व के विधायकी-कार्यकाल में श्री महतो ने गोमिया के विकास में कई नए आयाम जोड़े हैं। उनसे जनता को विकास की अपेक्षा है। उन्होंने उनकी क्षमता व उनके सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की मांग की है।

### लंबे समय बाद जांची गई बोकारो एसपी ऑफिस की कार्यप्रणाली

# आईजी ने लिया जायजा, मुकदमे निपटाने में तेजी लाने का दिए निर्देश

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो ।** विभिन्न थानों में पुलिस अफसरों की कार्यप्रणाली जांचने वाले एसपी के दफ्तर का कामकाज भी लंबे समय के बाद जांच के घेरे में आया। मंगलवार को लगभग एक दशक के बाद इसकी जांच की गई। उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी डॉ. माइकल एस राज ने मंगलवार को एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया।

बता दें कि वर्ष 2014 के बाद किसी आईजी ने बोकारो एसपी कार्यालय के कार्यशैली का निरीक्षण नहीं किया था। आईजी ने एसपी बोकारो मनोज स्वर्गियारी की मौजूदगी में निरीक्षण करते हुए कहा कि यह वार्षिक निरीक्षण है। निरीक्षण से कार्यालय के कार्यशैली में सुधार आता है। साथ ही कार्य प्रणाली को भी एक नई ऊर्जा व गति मिलती है। जिले के आपराधिक गतिविधियों की स्थिति देखी गई।



उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कार्यालय में आने वाले जन शिकायत सहित पासपोर्ट सत्यापन सहित अन्य विभागीय कार्यों की गति के साथ-साथ हर एक पहलू की समीक्षा करेंगे। कार्य के दौरान कार्यालय में नए तकनीक का कितना इस्तेमाल किया जा रहा है, यह भी देखा जाएगा। स्थिति के अनुसार और बेहतर करने का निर्देश दिया जाएगा, ताकि अपराध पर काबू पाया जा सके। समय पर केस का त्वरित गति से निष्पादन हो सके, यह भी निर्देशित किया जाएगा। वहीं अभी तक के केस निष्पादन में हो रही देरी के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। ताकि उन कमियों को दूर कर केस निष्पादन और कार्यालय में आने वाले जन शिकायतों के निष्पादन में तेजी आ सके। इसके पूर्व एसपी कार्यालय में आईजी के पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर मुख्यालय डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, सार्जेंट मेजर प्रभाकर जॉय लकड़ा सहित एसपी कार्यालय से जुड़े पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## चास रोटरी ने सुरक्षित यात्रा के लिए लगाये रेडियम स्टीकर




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा साइकिल सवारों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से साइकिल पर रेडियम स्टीकर लगाने का कार्यक्रम किया गया। चंदनक्यारी रोड में ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के सामने ग्रामीणों के लिए यह कार्यक्रम किया गया।

रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि सर्दियों में कोहरे और कुहासा के कारण सड़क हादसे बढ़ जाते हैं।

चोपड़ा ने कहा कि साइकिल सवारों की सुरक्षा रोटरी क्लब के लिए प्राथमिकता कार्य है। कार्यक्रम के संयोजक मंजीत सिंह ने कहा कि दुर्घटना की रोकथाम एवं यातायात नियमों के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब द्वारा साइकिल पर रेडियम स्टीकर लगाए गए हैं। मंजीत सिंह ने कहा कि इससे साइकिल सवारों की यात्रा आसान होगी और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव होगा।रोटरी क्लब के सचिव मुकेश केजरीवाल ने कहा कि रात्रि के समय साइकिल सवारों को यात्रा करने में कठिनाइयों एवं परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब में लगभग 120 साइकिलों पर रेडियम स्टीकर लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, नरेंद्र सिंह, प्रकाश केजरीवाल, संजय रस्तोगी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विधायक ने गोमिया झामुमो कार्यालय का किया उद्घाटन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**गोमिया (बोकारो)।** गोमिया प्रखंड के पलिहारी गुरूडीह पंचायत अंतर्गत कोठीटांड़ में गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद ने झामुमो कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया।

यहां विधायक ने कहा की इस कार्यालय के जरिए वे लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे और समाधान पर पहल करेंगें। जल्द ही एक निश्चित दिन और समय सार्वजनिक की जाएगी। इससे खासकर गोमिया शहरी क्षेत्र की सम्मानित जनता को सहूलियतें मिलेंगीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के जनसुनवाई केंद्र कई अन्य जगहों पर खोले जाएंगे, जिससे आमजन को अपनी परेशानियों और समस्याओं के समाधान के लिए भटकना ना पड़े। इस दौरान झामुमो के स्थानीय नेताओं, कार्यकताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और समर्थकों ने नवनिर्वाचित विधायक योगेंद्र प्रसाद का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया, मौके पर मुखिया शांति देवी,बंटी उरांव, झामुमो प्रखण्ड उपाध्यक्ष अमित पासवान,मनदीप वधावन, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह,नरेंद्र निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीबीएसई की परख परीक्षा आज, पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

### 90 से अधिक स्कूलों में लाखों विद्यार्थियों की क्षमता का होगा आकलन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो ।** एनसीईआरटी की ओर से 04 दिसंबर को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के तहत परीक्षा का आयोजन देशभर में किया जा रहा है। बोकारो में भी 90 से अधिक विद्यालयों में इसकी परीक्षा आयोजित की जाएगी।

स्थानीय चिन्मय विद्यालय में इसे लेकर मंगलवार को एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बोकारो जिले के 90 से अधिक विद्यालयों के प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं शिक्षकों ने पर्यवेक्षक के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में मुख्य संयोजक सह सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर



चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, सीबीएसई नई दिल्ली प्रतिनिधि सुनील दत्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा उपस्थित थे। जिन्हें पौधा देकर सम्मानित किया गया। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की जानकारी देते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि सीबीएसई द्वारा नामित विभिन्न विद्यालयों में विद्यालय की क्षमता, शिक्षण पद्धति, विद्यालय की सुविधा, क्लास की क्षमता एवं अन्य सभी पहलुओं पर आधारित सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके लिए बोकारो जिला के सभी नामित ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ लोहरा ने शिक्षकों के कई प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके तकनीकी समस्याओं का समाधान किया।

### मजबूत होगी हमारी शिक्षा पद्धति : सुनील

कार्यशाला में सीबीएसई, नई दिल्ली के प्रतिनिधि सुनील दत्त ने सभी सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि जितना सटीक सर्वेक्षण होगा, हमारी शिक्षा पद्धति आने वाले समय में उतनी ही मजबूती से आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर सीबीएसई प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ लोहरा, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन सुप्रिया चौधरी ने किया। सफल आयोजन में संजीव सिंह, रजनीश चौधरी, रणविजय ओझा, रणधीर नारायण, पंचानंद शर्मा, परम सुख एवं अंजनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बीएसएल ने दिव्यांगों के बीच किया बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल का वितरण

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो ।** बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निगम (एलिम्को) के सहयोग से मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आशालता विकलांग विकास केंद्र, बोकारो में दिव्यांगजनों के लिए बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक सुरेश रंगानी, राजन प्रसाद, सुश्री राजश्री बनर्जी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी



डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, आशालता दिव्यांग विकास केंद्र के निदेशक बी एस जयसवाल, एलिम्को के प्रतिनिधि नीतीश कुमार, महाप्रबंधक (सीएसआर) ए एस नंदी, वरीय प्रबंधक (सीएसआर) एन त्रिपाठी तथा बीएसएल एवं आशालता विकास केंद्र के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी को दिव्यांगजनों के उत्थान तथा उनके जीवन को सरल और सहज बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने में अपना योगदान करना चाहिए। दिव्यांगजनों के विकास के लिए आशा लता केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी उन्होंने सराहना की। वितरण शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशकों द्वारा बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल वितरित किए गए।

## सेल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस



### अद्वितीय शक्ति और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं दिव्यांगजन : अमरेंदु प्रकाश

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** देश की महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित अपने कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित कर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया।

कंपनी ने इस प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत आयोजित किया। सेल ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत लाभार्थियों की गतिशीलता और संचार को बढ़ाने के लिए ट्राई साइकिल, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, स्मार्ट केन, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्टफोन और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण वितरित किए। सेल ने दिव्यांगजनों को उपकरण देने का यह काम लगातार तीसरे साल किया है। इस साल इस कार्यक्रम के साथ चरणबद्ध वितरण अभियान की शुरूआत की गई है, जिसे आगे सेल के संयंत्रों और इकाइयों में भी आयोजित किया जाएगा। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत की और सामाजिक समावेशिता तथा दिव्यांग लोगों के मदद के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि सेल में हम दिव्यांगजनों की अदम्य भावना को सलाम करते हैं। वे अद्वितीय शक्ति और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। हमेशा से सेल दिव्यांगजनों की मदद करती आई है और आगे भी करती रहेगी। सेल मौजूदा समय में अपने संयंत्रों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया करा रहा है, जिसमें राउरकेला में नेत्रहीन, बधिर और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए स्कूल और'होम एंड होप, बोकारो में आशालता केंद्र, दुर्गापुर में विकलांग उन्मुख शिक्षा कार्यक्रम, दुर्गापुर हैंडीकैप्ड हैप्पी होम और बर्नपुर में चेशायर होम शामिल हैं।

## श्री अकाल तख्त पंथ की शान है, फैसले से साबित हुआ

### पटना श्री हरमंदिर साहिब पर भी कठोर निर्णय लेने की जरूरत

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**जमशेदपुर।** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने पांच सिंह साहिबान द्वारा अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल एवं पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और उनके कैबिनेट मंत्रियों के खिलाफ लिए गए कठोर निर्णय का स्वागत किया है।

अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के अनुसार श्री अकाल तख्त साहब के



स्थापना के 418 वर्ष पर पांच सिंह साहिबान जत्थेदारों ने सोमवार के फैसले से साबित किया है कि श्री अकाल तख्त महान है और सिख पंथ की शान है। बड़े से बड़े व्यक्ति यदि कौम और पंथ के प्रति दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ फैसला लेने में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाती है। कौम के जत्थेदारों के फैसले ने प्रत्येक सिख का शीश गर्व से ऊंचा एवं सीना चौड़ा कर दिया है।बाबा राम रहीम को माफीनामा देकर जिन जत्थेदारों ने गलती की थी उन्हें भी बख्शा नहीं किया है। इस फैसले ने जत्थेदार साहिब को नई ऊर्जा एवं ताकत दी है कि दुनियावी ताकत के आगे नहीं झुकना है और फैसले लेने में संकोच नहीं करना है। वही अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह एवं पांच सिंह साहिबान से आग्रह किया है कि इसी तरह तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी एवं सिंह साहिबान के खिलाफ कठोर निर्णय लेने की जरूरत है। पिछले तीन सालों से संगत यहां प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी का ड्रामा देख रही है। वे अपने राजनीतिक दलों के रसूख पर माहौल खराब किए हुए हैं। वह नया चुनाव नहीं होने देने के लिए आपस में नूरा कुश्ती करके संगत को भ्रमित कर रहे हैं। तख्त श्री हरमंदिर साहिब जी के जत्थेदार को श्री अकाल तख्त साहिब के तत्कालीन कार्यकारी जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कुछ जिम्मेवारी दे रखी है जिसको अभी तक निभाया नहीं गया है। उसका अविलंब पालन करने की जरूरत है।

### निःशक्त अधिवक्ता को किया गया सम्मानित

**गोमिया (बोकारो)।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस पर विकलांग अधिवक्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि यह दिन दिव्यांगजनों के अधिकारों की वकालत करने और सभी के लिए समान अवसर पैदा करने की वैश्विक प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। हर साल इस दिन को मनाने का उद्देश्य विकलांगता के मुद्दों के बारे में जागरुकता और समझ बढ़ाना है और जीवन के हर पहलू में विकलांग लोगों के एकीकरण से प्राप्त होने वाले लाभों को बढ़ाना है।

## बिस्को स्थापना दिवस पर बीजीएच में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑर्गेनाईजेशन (बिस्को) अपने स्थापना दिवस पर 20 नवंबर से एक माह तक विभिन्न प्रकार की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन करता है।

इसी कड़ी में मंगलवार को बोकारो जनरल अस्पताल के सहयोग से बीजीएच ब्लड बैंक परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विभूति करुणामय ने बीजीएच ब्लड बैंक प्रभारी डॉ श्रवण कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा, बिस्को के महासचिव राघव कुमार सिंह की उपस्थिति में किया। इस अवसर




पर डॉ करुणामय ने रक्तदाताओं से बात कर उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान दुनिया में किसी भी दान से सबसे महत्वपूर्ण दान है। उन्होंने बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बीजीएच में किए गए रक्तदान के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से आपका स्वयं का भी स्वास्थ्य ठीक रहता है तथा दूसरों को भी जीवनदान मिलता है। ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ श्रवण कुमार ने रक्तदान के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदान करने से जीवन को करीब से छूने का सुंदर अनुभव प्राप्त होता है। यह वह अनुभव है, जो शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। इसलिए पुरुषों को 3 महीने में एक बार एवं महिलाओं को 4 महीने में एक बार निश्चित रूप से रक्तदान करते रहना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा ने भी रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हम समझते हैं कि हमारे एक यूनिट रक्तदान से किसी और को पूरा जीवन मिल जाता है। इससे ज्यादा प्रसन्नता की और कोई बात हो ही नहीं सकती।

बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने बिस्को द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन को रेखांकित करते हुए बोकारो जनरल अस्पताल के लिए किए जा रहे इस रक्तदान के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्पताल में आसपास एवं दूर दराज के दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के अलावा अन्य विभिन्न प्रकार के मरीजों का इलाज होता है, इसलिए हम सभी आगे भी बीजीएच के लिए रक्तदान करते रहेंगे। उन्होंने बिस्को द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के साथ-साथ ब्लड बैंक के प्रभारी एवं सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया। शिविर में रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से राघव कुमार सिंह, रामाशीष सिंह, सुबोध रजक, सितारे अहमद, सुनीता राय, नीरज नारायण प्रियदर्शी, सुनिता राय, प्रियरंजन कुमार, सौरभ कुमार, दीप नारायण, प्रशांत कुमार, कृष्णकांत कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार सिंह, अजय कुमार, संतोष कुमार सिंह, मनोज सिन्हा, गौतम कुमार मंडल, सपन कुमार एवं अन्य 20 लोग थे।

## थाना प्रभारी आनंद मिश्रा को पितृ शोक

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

जमशेदपुर। साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रा को पितृ शोक हुआ है। 79 वर्षीय सुरेश मिश्रा पिछले तीन महीने से टीएमएच में भर्ती थे। सीसीयू में कैंसर बीमारी का इलाज चल रहा था। उनके पार्थिव देह को अस्पताल के शीत गृह में रख दिया गया है। बेटे आनंद मिश्रा एवं भाई तथा ब्राह्मण समाज के प्रमुख दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वे पिछले आठ सालों से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे।

कल बुधवार दस बजे कदमा गणेश वाटिका स्थित आवास से अंतिम यात्रा शुरू होगी और पार्वती बर्निंग घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार से शोक जताने वालों का तांता लगा हुआ है। निधन पर सेवानिवृत डीएसपी कमल



किशोर, डीएसपी भोला प्रसाद, कौमी सिख मोर्चा अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह, अधिवक्ता श्रीकांत सिंह, अधिवक्ता समरेंद्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह, पत्रकार बृज तिवारी, सामाजिक चिंतक अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, प्रधान तारा सिंह, भाजपा नेता सतबीर सिंह सोमू, भाजपा झारखंड अल्पसंख्यक सेल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह रिंकू, पूर्व प्रधान गुरमुख सिंह, बागबेड़ा उप मुखिया सुनील गुप्ता, अनिल सिंह, अरुण द्विवेदी ने शोक जताया है और पवित्र आत्मा को प्रभु के श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है।

# हिंदू समाज ने समझा 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे का मर्म



डॉ. आर.के. सिन्हा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनावों में मिली बड़ी जीत को 'एकता' तथा 'एक है तो सुरक्षित है' नारे के पीछे की भावना बताया । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दशार्ता था।**

महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों को लेकर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पाँच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक असफलताओं के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर लें। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनावों में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था , जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, 'एक हैं तो सुरक्षित हैं'। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था।

बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ.हिन्दू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी ( अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिंदू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।

मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिन्दू मतदाता जुड़े, क्योंकि; कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे , कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना( उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।

सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिन्दू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिन्दुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।

दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिन्दू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। पीएम मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थीः भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है।मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे का इस्तेमाल किया।




आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिन्दू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना। योगी जी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया। अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने 'सत्ता की लालसा में' पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनावों में मिली बड़ी जीत को 'एकता' तथा 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' नारे के पीछे की भावना बताया । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दशार्ता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनावों में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है। यह स्वीकार तो करना ही होगा कि भारत के उद्योग और वित्त संसार के गढ़ महाराष्ट्र के लोगों ने 'एक है तो सुरक्षित है' के पीछे की भावना को जोरदार तरीके से पुष्ट किया है। इस नारे ने उन लोगों को हराया है जो समाज को जाति, धर्म, भाषा में बांटना चाहते थे और समाज को बांटने की कोशिश करने वालों को सजा दी है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### इस चिंता के मायने

देश में जनसंख्या को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने फिर से बड़ा बयान दिया है, जो सोचनीय है। जनसंख्या में आ रही गिरावट को उन्होंने चिंता का विषय बताया। भागवत ने कहा किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर अगर 2.1 फीसद से नीचे चली जाती है तो वह अपने आप नष्ट हो जाता है। नागपुर के कठाले कुल सम्मेलन में कहा देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 के आस-पास तय की गई थी, जो कहती है जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 फीसद से नीचे नहीं होनी चाहिए। दो से तीन बच्चे होने चाहिए, क्योंकि समाज को जीवित रहना है। हाल ही में आई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हिंदुओं की जनसंख्या में 7.8 फीसद की कमी आई है। संघ प्रमुख का बयान इससे जोड़ा जा सकता है।



वास्तव में देश में प्रजनन दर में लगातार गिरावट आ रही है। 1950 में जनसंख्या वृद्धि दर 6.2 फीसद थी, जो घटते हुए 2.2 फीसद पर जा चुकी है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है, सत्तर वर्षों में हमारी आबादी में एक अरब का इजाफा हुआ है। भौगोलिक दृष्टि से दुनिया का सातवां सबसे बड़ा देश भारत वर्तमान में आबादी के अनुसार पहला हो चुका है। बावजूद इसके कि 2011 के बाद से आधिकारिक तौर पर जनगणना नहीं हुई है। लगातार इस तरह की बयानबाजी हो रही है। नेशनल हेल्थ फैमिली सर्वे कहता है, देश के सभी धार्मिक समुदायों में प्रजनन दर कम होती जा रही है। इसका कारण सामाजिक-आर्थिक अधिक है, जिसके चलते दंपति कम बच्चे पैदा करने का निर्णय स्वयं ले रहे हैं। लंबे अरसे से सरकारों ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर व्यापक प्रचार किया है। अब जबकि आम जनता छोटे परिवार के लाभ को जीवन का हिस्सा बना चुकी है। अचानक राजनीतिक व अन्य लाभों के चक्कर में जनसंख्या वृद्धि को लेकर नया भ्रम फैलाया जा रहा है। बेतहाशा बढ़ती मंहगाई और रोजगार की कमी से त्रस्त जनता बड़े. परिवार का पालन करने सक्षम नहीं है। उसे तीन बच्चों के पालन के लिए बरगलाया नहीं जा सकता। क्योंकि जनसंख्या दर में गिरावट सिर्फ भारत में ही नहीं आ रही है। दुनिया के तमाम विकसित व विकासशील देशों की यह विकराल समस्या बन गई है। जहां लोाग सिर्फ आर्थिक कारणों से ही नहीं बल्कि वैश्विक व पर्यावरणीय बदलावों के चलते भी बच्चे जनने को राजी नहीं हैं। हमारे यहां आम जन इतनी दूरदर्शी या विचारशील भले ही नहीं है, मगर वह किसी की बयानबाजी में आकर जनसंख्या वृद्धि को राजी भी नहीं होने वाली।

## चिंतन-मनन

### अनुभव का लाभ

एक विदेशी राजा ने भारत पर आप्रमण करना चाहा। उसने सोचा कि आप्रमण से पूर्व यह जान लेना चाहिए कि उस राजा के पास कोई बुद्धिमान व्यक्ति है या नहीं? उस राजा ने सुरमे की एक डिबिया देकर एक दूत भेजा। उस डिबिया में दो आंखों में ही लगाने लायक सुरमा था। वह सुरमा अंधे को आंख देने में समर्थ था। दूत आया। दूत ने कहा, दो आंखों में ही आ जाए, इस डिबिया में इतना-सा सुरमा है। हमें इसकी अधिक आवश्यकता है। आपके पास हो तो हमें दें। या इस सुरमे के आधार पर कोई व्यक्ति ऐसा ही सुरमा बना सके तो हम उस आदमी को अपने साथ ले जाना चाहेंगे।

राजा ने मंत्रियों से सलाह ली। किन्तु ऐसा सुरमा कौन बना सके? किसी को समाधान नहीं आया। राजा ने सोचा, एक बूढ़ा मंत्री था, जो अभी सेवानिवृत्त हुआ है, उससे पूछा जाए। राजा ने उसे बुला भेजा। वह अंधा हो गया था। वह आया। मंत्री ने डिबिया ली। एक आंख में सुरमा लगाया। कुछ ही क्षणों बाद उसे दिखने लगा। जो शेष सुरमा बचा था, उसे अपनी जीभ पर रख लिया। स्वाद से उसने सुरमे के सारे द्रव्यों का विश्लेषण कर लिया। घर जाकर वैसा ही सुरमा बनाया। परीक्षण के लिए अपनी दूसरी आंख में उसे लगाया। आंख खुल गई। उसने शेष सुरमा डिबिया में भरकर दूत से कहा, जाओ, अपने सम्राट से कहना कि ऐसा सुरमा जितना चाहे यहां से मंगा लें। दूत गया। सम्राट को वृत्तान्त सुनाया। सम्राट ने सोचा, जिस देश में ऐसे अनुभवी और वृद्ध रहते हैं, इतने बुद्धिमान मंत्री हैं, उस देश पर आप्रमण करना भयंकर भूल होगी।

# जहां देखो वहीं जंग, फिर सुरक्षित कौन



डॉ हिदायत अहमद खान

यह तो सच है कि दुनियां कभी भी जंग से खाली नहीं रही। पहले कभी राज-पाट को लेकर राजा-महाराजा आपस में भिड़ते थे, लेकिन उसके बाद जो दो विश्वयुद्ध हुए उसमें दुनियां दो हिस्सों में बंटती नजर आई। इसी के साथ लोकतांत्रिक सरकारों का शानदार उदय हुआ, जिससे उम्मीद जागी कि अब युद्ध जैसे हालात नहीं बनेंगे और मिल-बैठकर समस्याओं का समाधान निकाल लिया जाएगा। पर अफसोस कि दुनियां के अनेक देश गृहयुद्ध जैसी स्थिति में खुद से ही जंग करते देखे गए। इसके अलावा कभी अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को लेकर तो कभी वैश्विक नीतियों को लेकर जंग जारी रही। इससे और आगे बढ़ें तो कभी दुनियां में आर्थिक बादशाहत कायम करने को लेकर तो कभी हथियारों की मंडी को कब्जियाने को लेकर जंग होती देखी गई। अब हालात इस कदर बदतर हो चले हैं कि जहां नजरें दौड़ाइये बेबजह ही जंग होती नजर जा जाती है। इसी तारतम्य में लंबे समय तक ईराक जंग में रहा, क्योंकि उस पर जैविक हथियार बनाने और छुपाए रखने का अंदेशा था। इस कथित जुर्म में ईराक प्रमुख सद्दाम हुसैन को फांसी के फंदे तक पहुंचाने वाले अमेरिका को कहां चैन मिली? इसके बाद अनेक मोर्चों समेत अफगानिस्तान में तालिबान ने किस तरह अमेरिका को हार मिली, यह किसी से छुपा नहीं है। अफगानिस्तान में पहले रुस को पस्त करवा चुके अमेरिका को इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि उसे भी तालिबान से लड़ते-लड़ते एक दिन पस्त हो भागना पड़ सकता है।



अपनी जिद की खातिर दूसरे देशों पर जंग लाजमी है जैसे हालात पैदा करने की कुनीति से दुनियां के अनेक देश दो-चार होते देखे गए। सीरिया का गृह युद्ध और उस पर अमेरिका और रुस जैसे देशों की कार्रवाई भी नजरअंदाज नहीं की जा सकती है। अब मौजूदा वक्त में मिडिल ईस्ट के इजराइल समेत लेबनान और ईरान भी लड़ते-भिड़ते नजर आ रहे हैं। हालांकि इजराइल के अलावा बाकी अन्य देश सीधे मोर्चे पर नहीं दिखते, लेकिन उनके मिलिटेंट ग्रुप जरुर अहम काम करते देखे जा रहे हैं। मानों इंसानीयत को ताक पर रख सभी मशीनी मानव एक-दूसरे के खून के प्यासे हो चले हैं। रूस और यूक्रेन की जंग को भी तीन साल होने को आ गए हैं, लेकिन कहीं से कोई शांति स्थापित होती दिखाई नहीं दे रही है, उल्टा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी बहुतायत में दी जा रही है। अफ्रीकी देशों में भी गृह युद्ध जारी हैं। इसी बीच उत्तर कोरिया अलग ही स्तर पर आक्रामकता दिखाता नजर आता है। उत्तर कोरिया के प्रमुख नेता किम जोंग उन तो सीधे हमले की धमकी देते दिखते हैं और अमेरिका के खिलाफ सीना तान खड़े नजर आ जाते हैं। कुल मिलाकर दुनिया में इस समय जहां जंग का माहौल है तो वहीं भारी राजनैतिक उठापटक भी जारी है। बांग्लादेश जैसे छोटे-छोटे देशों में भी सत्ता को लेकर जंग जारी है। इस समय दुनिया के कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है। हालात अस्थिर हैं इसलिए परमाणु हमले की भी आशंका जोर पकड़ती चली जा रही है। यह तो सभी जान रहे हैं कि यदि परमाणु युद्ध हुआ तो फिर संपूर्ण दुनियां के लिए चिंता की बात हो जाएगी। ऐसे में अनेक यूरोपियन देशों ने अपने नागरिकों के लिए सिविल प्रिपेयर्डनेस गाइडलाइन भी जारी की हैं ताकि इमरजेंसी जैसे हालात बनें तो वे सुरक्षित रह सकें। ऐसे हालात में उन देशों के कर्ता-धताओं पर हंसी आती है जो यह मानकर चल रहे हैं कि कहीं भी कोई भी, कैसी भी जंग छिड़ जाए, वे हमेशा सेफ रहने वाले हैं। एक तरफ बहुत से देश युद्ध से परेशान चल रहे हैं, वहीं अनेक देशों को इस बात से कोई सरोकार ही नहीं है। वे या तो यह मान रहे हैं कि युद्ध की विभीषिका उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती या फिर यह मान रहे हैं कि युद्ध इतना आगे नहीं जाएगा, कि उसकी आंच उन तक पहुंच जाए। ऐसे ही देशों को लेकर द कनवर्सेशन ने एक रिपोर्ट साझा की, जिसके अनुसार यूके और यूएस जैसे देश आकस्मिक युद्ध जैसे हालात के लिए किसी भी तरह से तैयार नहीं हैं। इन्हें मनोविज्ञान की भाषा में ऑप्टिमिज्म बायस बताया गया है। इस टेंडेंसी के लोग जरुरत से ज्यादा सकारात्मक सोच रखते हैं, इसलिए दुनियां जाए भाड़ में हमें क्या पड़ी वाला सिद्धांत पर ये काम करते रहते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया की स्टडी में तो यह भी पाया गया है कि यूएस, यूके और कनाडा के लोगों में सच्चाई से दूर भागने की हद तक आशावादिता है। वहीं दूसरी तरफ एशियाई देशों के लोग ज्यादा जमीनी और प्रैक्टिकली हैं। इसलिए लगातार चेताया जा रहा है कि युद्ध ठीक नहीं है, इसे रुकना ही चाहिए। ऐसे आशावादी देश यदि लगातार युद्ध को भड़काए रखने का काम नहीं कर रहे हैं तो शांति बहाली के प्रयास भी नहीं कर रहे हैं। यह भी एक तरह से दुनियां में युद्ध को प्रश्रय देने जैसा ही काम है। इसकी भी निंदा होनी ही चाहिए और कोशिश की जानी चाहिए कि जल्द से जल्द दुनियां युद्ध से शांति की ओर अग्रसर हो, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक ऐसा जहां हम सौंप कर जा सकें, जिसमें वो सुख-चैन के साथ न सिर्फ सांस ले सकें बल्कि बेहतर जीवन-यापन करते हुए विकास को गति प्रदान कर सकें।

# बरेली पुल हादसा : गहराता जा रहा संकट




नृपेन्द्र अभिषेक नृप

बेरोजगारी भारत के सबसे जटिल और गंभीर मुद्दों में से एक है, जो समाज और अर्थव्यवस्था दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। यह समस्या केवल नौकरी की कमी तक सीमित नहीं है; यह रोजगार की गुणवत्ता, स्थायित्व और आय के असमान वितरण से भी जुड़ी है। जब क्लर्क, चपरासी और सफाईकर्मी जैसे पदों के लिए एमए और पीएचडी जैसे उच्च शिक्षित लोग आवेदन करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारी रोजगार व्यवस्था में बुनियादी खामियां हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में कामकाजी उम्र की आबादी में केवल ३ फीसद लोग बेरोजगार हैं। यह आंकड़ा पहली नजर में आशावादी प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविकता इससे बहुत अलग है।

भारत में बेरोजगारी को मापने के लिए दो प्रमुख मानक अपनाए जाते हैं। पहला सामान्य स्थिति है जिसमें अगर व्यक्ति साल में 30 दिन से अधिक काम करता है, तो उसे बेरोजगार नहीं माना जाता। दूसरा साप्ताहिक स्थिति, जिसमें अगर व्यक्ति सप्ताह में एक घंटे भी काम करता है, तो उसे बेरोजगार की सूची से बाहर कर दिया जाता है। भारत में यह परिभाषा इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह न केवल वास्तविक बेरोजगारी को छुपाती है, बल्कि नीतियों को प्रभावी बनाने में भी बाधा उत्पन्न करती है। यह परिभाषा इतनी व्यापक है कि इससे असली बेरोजगारों की गिनती ही नहीं होती। विकसित देशों की परिभाषा इससे बहुत अलग है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, 15 से 74 वर्ष का कोई भी व्यक्ति, जो सक्रिय रूप से नौकरी खोज रहा है, और जिसने पिछले चार सप्ताह में काम की तलाश की है या दो सप्ताह के भीतर काम शुरू करने के लिए उपलब्ध है, वह बेरोजगार की श्रेणी में आता है। शिक्षा को हमेशा रोजगार का माध्यम माना जाता है, लेकिन भारत में यह धारणा बदलती हुई नजर आ रही है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार, बिना पढ़े-लिखे लोगों में 59.6 फीसद रोजगार में हैं। इसके विपरीत, स्नातक और उससे अधिक शिक्षित लोगों में रोजगार दर केवल 57.5 फीसद है। इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट-2024 के आंकड़े दशार्ते हैं कि कम पढ़े-लिखे युवाओं में बेरोजगारी दर केवल 3.2 फीसद है, जबकि उच्च शिक्षित वर्ग में यह दर 28.7 फीसद तक पहुंच जाती है। यह विरोधाभास कई सवाल खड़े करता है। प्रश्न उठता है कि क्या हमारी शिक्षा प्रणाली रोजगारोन्मुखी है? क्या स्नातकों और पोस्ट-ग्रेजुएट्स के पास वह कौशल है, जिसकी बाजार को आवश्यकता है? आंकड़े बताते हैं कि भारत में शिक्षा और रोजगार के बीच तालमेल की भारी कमी है।

भारत में कामकाजी आबादी के बीच आय असमानता एक और बड़ी समस्या है। 78 फीसद कामकाजी लोगों की मासिक आय 14,000 रुपए से कम है। स्वरोजगार करने वालों की औसत मासिक आय नौकरीपेशा व्यक्तियों से लगभग 7,423 रुपए कम है। नौकरीपेशा लोग औसतन 20,000 रुपए प्रति माह कमाते हैं, जबकि स्वरोजगार करने वालों की आय इससे बहुत पीछे है। साथ ही भारत में बड़ी संख्या में लोग ऐसे काम कर रहे हैं, जिनमें वे न्यूनतम वेतन भी प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। यह समस्या असंगठित क्षेत्रों में अधिक देखने को मिलती है। आय की इस असमानता का प्रभाव न केवल व्यक्तिगत जीवन पर पड़ता है, बल्कि यह देश की आर्थिक प्रगति को भी बाधित करता है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी का स्वरूप और इसके कारण अलग-अलग हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की बात करें तो यहां ज्यादातर लोग कृषि और असंगठित क्षेत्रों पर निर्भर हैं। मौसमी रोजगार, कम आय, और स्थिरता की कमी यहां की प्रमुख समस्याएं हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी में बेरोजगारी दर अधिक है क्योंकि प्रतिस्पर्धा तीव्र है और नौकरी के अवसर सीमित हैं। उच्च शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी की दर शहरी क्षेत्रों में अधिक है। भारत में महिलाओं की रोजगार भागीदारी दर पुरु षों की तुलना में बहुत कम है। सामाजिक बंधन, शिक्षा की कमी, और परिवार की प्राथमिकताओं के कारण महिलाएं कामकाजी क्षेत्र से दूर हो जाती हैं।

इससे पहले कि बेरोजगारी और मुश्किलें पैदा करें इसका समाधान निकालने का प्रयास करना चाहिए।



इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना होगा। जैसे कि पहला, शिक्षा प्रणाली में सुधार किया जाना चाहिए। शिक्षा को व्यावसायिक और कौशल विकास के साथ जोड़ा जाए। दूसरा, स्वरोजगार को बढ़ाया जाए। स्वरोजगार के लिए आसान ऋण और प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाएं। युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जाए। सरकार ने इसपर काम किया है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि लोगो में लोन का अभी भी भय है जिसे दूर करना सरकार की जिम्मेवारी है। तीसरा, असंगठित क्षेत्र में सुधार की जरूरत है। चौथा, महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं लाई जाएं। बेरोजगारी का संकट केवल आंकड़ों की समस्या नहीं है, यह करोड़ों लोगों की जिंदगी को सीधे प्रभावित करता है। इस दिशा में ईमानदारी और सतत प्रयास ही भारत को एक मजबूत और आत्मनिर्भर देश बना सकते हैं।



# क्यों रहती हैं लड़कियां ठिगनी

लड़कियां चाहे नाटे कद ही हों या लंबी सभी अच्छी लगती हैं। लेकिन ठिगना कद क्यों होता है ये अभी तक कम लोगों को ही पता होगा।

**लड़कों** की तुलना में लड़कियों के लिए उम्र के साथ बढ़ना ज्यादा मुश्किल भरा काम होता है और इस प्रक्रिया में उनके बीमार पड़ने की आशंका ज्यादा होती है।

- लंदन में द आब्जर्वर के मुताबिक, शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन को अंजाम दिया और पाया कि कम उम्र की लड़कियां वजन घटाने के लिए अक्सर खाना नहीं खातीं और अक्सर लड़कों की बजाए ज्यादा स्मोक और ड्रिंक करती हैं।
- अध्ययन में बताया गया है कि ब्रिटेन में ज्यादातर लड़कियां कम उम्र के गुस्से का शिकार हैं और नौ लाख के करीब लड़कियों ने कहा कि वे दुखी और हताश हैं।
- शोधकर्ताओं के मुताबिक, ये समस्याएं आर्थिक तौर पर कमजोर लड़कियों में ज्यादा पाई गई। वे सेलिब्रिटी कल्चर से ज्यादा प्रभावित हैं और अपने लुक को लेकर परेशान रहती हैं।
- थिंकटैंक डेमोस के किए अध्ययन के अनुसार, लड़कियां जल्द कौमार्य खत्म होने का भी दबाव महसूस करती हैं।

# ऑनलाइन शॉपिंग में अपनाएं वर्चुअल कार्ड

**वैसे तो** वर्चुअल क्रेडिट कार्ड का प्रयोग पिछले सात-आठ वर्षों से जारी है, मगर इसके प्रयोग में झंझट अधिक होने के कारण यह प्रयोक्ताओं में कभी भी लोकप्रिय नहीं रहा। साथ ही इक्का-दुक्का बैंकों ने ही इसे लागू किया, मगर जब क्रेडिट कार्डों के ऑनलाइन हैकिंग और फ्रॉड बढ़ने लगे, तो अतिरिक्त सुरक्षा विकल्प के रूप में वर्चुअल क्रेडिट कार्डों का प्रचलन अब बढ़ने लगा है।




## कैसे बनता है वर्चुअल कार्ड

जैसा कि नाम से जाहिर है, इस कार्ड का भौतिक अस्तित्व नहीं होता। इसके लिए आपको अपने वास्तविक क्रेडिट कार्ड या बैंक खाते को जोड़कर एक कंप्यूटर अनुप्रयोग के जरिए अथवा अपने खाते में ऑनलाइन लॉगिन कर वर्चुअल क्रेडिट कार्ड बनाना होता है। इस तरह से वर्चुअल क्रेडिट कार्ड का एक नंबर व पासवर्ड जेनरेट होता है, जिसे आप इंटरनेट पर किसी भी किस्म की ऑनलाइन शॉपिंग या बिल भुगतान के लिए कर सकते हैं। वर्चुअल क्रेडिट कार्ड की अन्य खूबियां भी होती हैं, जैसे कि इन्हें एक बार, सीमित अधिकतम धन भुगतान अथवा सीमित अवधि के लिए जेनरेट किया जा सकता है, ताकि कुछ समय बाद या एक बार प्रयोग के बाद ये स्वत: ही काम के न रहें। इस तरह से प्रयोक्ता को अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया होती है।

## ऑनलाइन शॉपिंग की लोकप्रियता

अपना घर छोड़े बिना सब कुछ खरीदने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग बहुत ही लोकप्रिय हो गया है, और यह वस्तुएं जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर, सौंदर्य प्रसाधन, और कई और सामान खरीदने के लिए एक सुविधाजनक साधन है। हम यातायात और भीड़ से बच सकते हैं। वस्तुएं खरीदने के लिए कोई विशेष समय नहीं है, दुकान के खुलने की प्रतीक्षा करने की बजाय हम किसी भी समय खरीद सकते हैं। इन सभी लाभों के अलावा जोखिम भी सम्मिलित हैं और अद्वितीय इंटरनेट जोखिम भी हैं। इसलिए ऑनलाइन खरीदारी के लिए जाने से पहले कुछ सुरक्षा उपाय करने बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## सुरक्षित शॉपिंग के लिए सलाह

- इससे पहले कि आप ऑनलाइन खरीदारी प्रारंभ करें सुनिश्चित करें कि आपका पीसी सभी भीतरी सुरक्षाएं जैसे एक एंटीवायरस, एंटीस्पायवेयर, फ़ायरवॉल, प्रणाली-सभी सुरक्षा पॅचिज के साथ नवीनीकृत है और वेब ब्राउजर सुरक्षा के साथ सभी विश्वसनीय उच्च साइटों से सुरक्षित है और सुरक्षा स्तर उच्च पर है यह सुनिश्चित करें।
- इससे पहले कि आप चीजें ऑनलाइन खरीदें, जिस वेब साइट से



आप खरीदना चाहते हैं, उसके लिए शोध करें, क्योंकि आक्रमक वेबसाइटें जो वैध दिखती हैं, परंतु होती नहीं हैं, उनके द्वारा जाल में फंसाने का प्रयत्न करते हैं। अत: विक्रेता के भौतिक पते दूरभाष नंबर को ध्यान में रखें और पुष्टि करें कि वेबसाइट एक विश्वसनीय साइट है। वेबसाइटों के लिए खोज करें और कीमतों की तुलना करें। उस विशेष वेब साइट के उपभोक्ताओं और मीडिया या व्यापारियों की समीक्षा की जांच करें।
- आप ऑनलाइन खरीदने के लिए तैयार हैं जांच लें, क्या वह साइट सुरक्षित है जैसे एचटीटीपीएस या ब्राउज़र ऐड्रेस बार या स्टेटस बार पर पॅडलॉक है और फिर वित्तीय लेनदेन के लिए आगे बढ़ें।
- लेन-देन पूरा होने के पश्चात लेनदेन रिकॉर्ड और उत्पाद के विवरण जैसे मूल्य, पुष्टि पावती (रसीद), बिक्री की शर्तों और नियमों का एक प्रिंट या स्क्रीन शॉट लें।
- तत्काल जैसे ही आप काम समाप्त करते हैं, क्रेडिट कार्ड के बयानों की जांच करें और उन्हें आपके शुल्क भुगतान के विषय में पूछें कि वह समान हैं या नहीं, और यदि आप कोई परिवर्तन पाते हैं, तत्काल ही संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट करें।
- अपनी ऑनलाइन शॉपिंग समाप्त होने पर वेब ब्राउजर की सभी कुकीज को साफ कर दें और अपने पीसी को बंद कर दें, क्योंकि स्पॅमर्ज और फिशर्ज उस सिस्टम की खोज में होंगे, जो इंटरनेट से जुड़ा हो और स्पैम ई-मेल भेजने की कोशिश करेंगे और दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर जो आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र कर सकता है, उसे स्थापित करने की कोशिश करेंगे।
- याद रखें वैध व्यापार के लोग इस तरह के ई-मेल कभी नहीं भेजते। यदि आप ऐसी ई-मेल प्राप्त करते हैं तुरंत व्यापारी को दूरभाष करें और इस विषय में सूचित करें।

अब आपकी ऑनलाइन शॉपिंग संबंधी क्रेडिट कार्ड से होने वाले खतरों को दूर करने का पक्का समाधान आ गया है। वर्चुअल क्रेडिट कार्डों के जरिए।





# डेवलप होने दें इम्यूनिटी पावर

शरीर स्वस्थ तो सब सही। इसमें कोई शक नहीं कि स्वास्थ्य की देखभाल जरूरी है। खाने-पीने से लेकर रहने-सहने का तरीका सबकुछ बदल चुका है। खासकर, बच्चों के मामले में यह और भी जरूरी हो जाता है। मासूमों को प्रदूषण से बचाने के लिए मां-बाप तरह-तरह के उपाय करते हैं, लेकिन कभी सोचा है अत्यधिक हाइजीनिक लाइफस्टाइल भी आपके बच्चे के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है।



**आजकल** लोग हेल्थ को लेकर काफी अवेयर हो गए हैं। खासकर बच्चों के मामले में वे खास सावधानी रखते हैं और कोशिश करते हैं कि उन्हें हाइजीनिक फूड ही दिया जाए। लेकिन अगर पिछले दिनों आई एक स्टडी के रिसर्चर्स की मानें, तो ओवर हाइजीनिक लाइफस्टाइल से भी आपके बच्चों को नुकसान पहुंच सकता है। भारतीय रिसर्चर ने अपनी स्टडी में बताया है कि पिछली जेनरेशन के माता-पिता हाइजीनिक लाइफस्टाइल पर इतना ज्यादा ध्यान नहीं देते थे, जिस वजह से उनके बच्चों को डस्ट और पलूशन फेस करने की आदत थी। लेकिन आजकल के माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही ओवर हाइजीनिक लाइफस्टाइल में पालते हैं। यही वजह है कि जैसे ही बच्चा धूल-मिट्टी के संपर्क में आता है, तो वह बीमार हो जाता है। यही नहीं, उसे दूध और ब्रेड जैसी डेली यूज की चीजों से भी इंफेक्शन होने लगता है। रिसर्चर ग्रेट ऑर्मंड स्ट्रीट हॉस्पिटल लंदन के डॉक्टर निखिल थापर के मुताबिक इंफेक्शन का शिकार हुए बच्चों में ज्यादातर को गाय के दूध, ब्रेड, गेहूं, सोया, अंडे और फलों से इंफेक्शन हुआ था। वाकई यह बेहद चिंता की बात है कि आजकल के बच्चों में फूड एलर्जी बेहद कॉमन हो गई है। इसकी वजह माता-पिता का उन्हें ओवर हाइजीनिक लाइफस्टाइल में रखना ही है। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने बच्चे के भीतर इम्यूनिटी पावर डेवलप होने दें।

## सोचते हैं ज्यादा

भागदौड़ वाली जिंदगी में लोगों को कम ही समय मिलता है कि वे अपने स्वास्थ्य के लिए कुछ सोच सकें, लेकिन जितना भी वक्त मिलता है, उसमें वे ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य के बारे में सोचते हैं।

# ये आदतें कहीं फीलबैड न करा दें

आमतौर पर महिलाएं पुरुषों से हमेशा शिकायत करती हैं। लेकिन महिलाओं की कुछ आदतें भी ऐसी होती हैं, जो उन्हें फीलबैड करवा सकती हैं। हालांकि महिलाएं अक्सर इन छोटी-छोटी बातों पर गौर नहीं करतीं, लेकिन सामने वाले को गुस्सा जरूर आ जाता है।

## खाने पर हाथ मारना

रेस्टॉरेंट में पहले अपनी ओर से खुद ऑर्डर न करना और फिर बाद में अपने पार्टनर के खाने पर हाथ मारना एक ऐसी बुरी आदत है, जिससे लड़के चिढ़ते हैं। महिलाएं यह कह कर ऑर्डर देने से मना कर देती हैं कि उनका पेट भरा है।

## टूटते-झड़ते बाल

मर्दों को स्त्रियों के टूटते-झड़ते बालों से तब चिढ़ होती है, जब बालों के गुच्छे बाथरूम की नाली के होल पर उन्हें ऐसे पड़े हुए मिलते हैं कि पानी ब्लॉक हो जाता है।



## राय देने में आनाकानी

अपनी राय न देना, खासतौर से तब जब मांगी जा रही हो। डिनर के लिए जाते में यह पूछने पर कि कौन से होटल में चलें, वह कहती हैं कि जहां तुम चाहो लेकिन फिर जब आप अपनी मर्जी से इटैलियन रेस्टॉरेंट जाने का निर्णय ले लें तो वह कहेंगी कि तुम्हें यह अच्छी तरह से पता था कि मुझे यह पसंद नहीं...और तब एक बहस की शुरुआत।

## जबरदस्ती का बखान

बार-बार अपने पार्टनर से यह कहना कि महिलाओं को हंसने और हंसाने वाले पुरुष अट्रैक्टिव लगते हैं। जबकि सच बात तो यह है कि महिलाओं को लंबे, हैंडसम और अमीर पुरुष अच्छे लगते हैं।

## भागदौड़ करवाना

जब आप बाहर जाते हैं और किसी होटल में ठहरते हैं तो उन्हें वह रूम कभी पसंद नहीं आता, जिसमें आप लोग रुक रहे होते हैं। इसके लिए वह खूब भागदौड़ करवाती हैं और देखना चाहती हैं कि होटल के कई दूसरे रूम कैसे हैं।

## अतिभावुकता

यह सोचना कि जानवरों की भी कई तरह की भावनाएं होती हैं। वे अक्सर किसी चुप बैठे कुत्ते को देख कर कहेंगी कि यह कितना उदास बैठा है। जबकि असल बात तो यह है कि जानवरों में ऐसा कुछ नहीं होता, जिसकी वजह से वह दु:खी, अनवॉन्टेड फील करें।



## स्पोर्ट्स में रुचि

स्पोर्ट्स में महिलाओं के होने और पुरुषों के ही बराबर प्राइज लेने की महत्ता को वे अक्सर बताती हैं, मगर जब गेम देखने की बारी आती है तो वे केवल पुरुषों के मैच देखती हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि मेल प्लेयर्स सेक्सी होते हैं और महिलाओं की गेम देखने से वे बोर हो जाती हैं।



# नीतीश मंत्रिमंडल ने 33 प्रस्तावों पर लगाई मुहर



- बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त नियमावली-2024 को मिली स्वीकृति
- छह महीने बढ़ायी गयी जमीन सर्वेक्षण की समय सीमा
- वर्ष 2025 में शिक्षकों को मिलेंगी 72 छुट्टियां
- कंकड़बाग में खुलेगा शंकर नेत्र अस्पताल

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर संपन्न हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 33 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त नियमावली-2024 को स्वीकृति दे दी है। साथ ही जमीन सर्वे के लिए कागजात की स्वघोषणा की अवधि 180 दिनों तक बढ़ा दी गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में जमीन सर्वे को लेकर सरकार ने सर्वे की अवधि को बढ़ाने का फैसला लिया है। जमीन सर्वेक्षण की समय सीमा में वृद्धि कर दी गई है। सरकार ने जमीन सर्वे की डेड लाइन को छह महीने बढ़ा दिया है।

एस सिद्धार्थ ने बताया कि शिक्षा विभाग ने बिहार के सरकारी स्कूलों में अगले साल होने वाली छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी कैलेंडर के अनुसार, अगले साल शिक्षकों को 72 छुट्टी मिलेगी। वर्ष भर में शिक्षकों को अब 72 दिन छुट्टी मिलेगी। शिक्षा विभाग ने अगले वर्ष छह जनवरी से 31 दिसम्बर तक की छुट्टियों का कैलेंडर जारी भी कर दिया है। दशहरा में जहां शिक्षकों को एक छुट्टी मिल रही थी, वहीं अगले साल शिक्षकों को दशहरा में 5 दिन की छुट्टी मिलेगी। साथ ही छठ में भी शिक्षकों को दीपावली से लेकर छठ तक 10 दिनों की छुट्टी दी जाएगी। इसके अलावा शिक्षा विभाग के पूर्व अपर मुख्य सचिव (एससीएस) केके पाठक के समय शिक्षक जिस दिन या जिस पर्व त्योहार पर छुट्टी के लिए लगातार विरोध और आंदोलन कर रहे थे उस दिन भी उन्हें अब छुट्टी दी गई है।

एस सिद्धार्थ ने बताया कि नीतीश कैबिनेट ने पटना के कंकड़बाग में 1.60 एकड़ जमीन शंकरा आई फॉउंडेशन को नेत्र अस्पताल खोलने के लिए सौंपी है। साथ ही सरकार ने एक रुपये मात्र की टोकन राशि से यह जमीन उपलब्ध कराई है। यह जमीन 99 वर्ष की लीज पर शंकर आई फॉउंडेशन इंडिया कोयंबटूर को देने का फैसला लिया है। सुपर आई हॉस्पिटल में ढाई लाख रुपये से कम आय वाले लोगों का मुफ्त में इलाज हो सकेगा जबकि ढाई लाख रुपये से अधिक आय वाले लोगों का सस्ते दर पर इलाज किया जाएगा।

एस सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य कैबिनेट से सहरसा जिला अंतर्गत मत्स्यगंधा झील और उसके पास पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के लिए 98 करोड़ 65 लाख 79 हजार 300 रुपये की स्वीकृति दी गई है जबकि कैमूर जिला अंतर्गत करमचट ईको टूरिज्म एंड एडवेंचर हब के विकास के लिए 49 करोड़ 73 लाख 33 हजार 440 रुपये की राशि को स्वीकृति दी गई है।

गृह, विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग और ग्रामीण विकास विभाग समेत अन्य कई विभागों से जुड़े मामलों को हरी झंडी मिली है। मंडल कारा, अरवल के निर्माण के लिए 38 करोड़ से अधिक की राशि को स्वीकृति दी गई। साथ ही डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी सोसाइटी के अधीन नियंत्रण तकनीकी सलाहकार के एक पद और विज्ञान सलाहकार के एक पद यानी कुल दो पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है। एस सिद्धार्थ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा पर नियोजित कर्मियों के मानदेय भुगतान के लिए केंद्रांश मद में प्राप्त कम राशि 139 करोड़ रुपये की राज्य संसाधन द्वारा पूर्ति किये जाने की स्वीकृति मिली है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 5635 ग्राम पंचायत में ठोस एवं सरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों के सफलतापूर्वक परिचालन के लिए एक साल के लिए राज्य योजना से 354.8 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है।

स्वास्थ्य विभाग बिहार परिचारिका संवर्ग नियमावली- 2019 को निरस्त करते हुए बिहार परिचारिका संवर्ग नियमावली-2024 को स्वीकृति दी गई है। राज्य के सभी राजकीय आयुर्वेदिक होम्योपैथिक यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के रोगियों के उपचार के दौरान शुद्ध एवं पोषक भोजन की व्यवस्था के लिए दीदी की रसोई की स्वीकृति मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

### मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**बेलहर (बांका)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरवा गांव की एक प्रसव पीड़िता पूजा कुमारी की मौत बांका सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गयी। उसके बाद परिजनों ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर रखकर विरोध-प्रदर्शन कर दिया तथा दोषी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कई घंटे के विरोध के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा संजीव कुमार सिंह एवं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सियाराम यादव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया-बुझाया तथा मामले में जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शांत हुए ।

### पेट्रोल पंप के कर्मचारी से दो लाख रुपये की लूट

**पतरघट (सहरसा)।** पस्तपार थाना क्षेत्र के एनएच 106 स्थित जीरवा चौक के समीप आशीष फ्यूल पेट्रोल पंप के नोजल कर्मी से मंगलवार को एक बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर दो लाख रुपये लूट लिये। बदमाश हवाई फायरिंग कर अरार की तरफ मुख्य सड़क से भाग निकलने में कामयाब रहे। पेट्रोल पंप के समीप स्थित इंडियन लाइन होटल के कर्मियों ने घटना की सूचना पस्तपार थानाध्यक्ष को दी। घटनास्थल के समीप से पुलिस ने एक कारतूस व एक मिस फायर गोली बरामद किया।पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे भाग गये।

### छह वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म में 10 साल की सजा

**डुमरा कोर्ट(सीतामढ़ी)।** तीन वर्ष पूर्व छह वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म में दोषी करार व्यक्ति को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष सत्र न्यायाधीश( पॉक्सो एक्ट) आरती कुमारी सिंह की कोर्ट ने मंगलवार को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने फैसले में कहा है कि अर्थदंड की राशि नहीं चुकाने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। सजा पाया व्यक्ति मुन्नीलाल दास, जिले के कन्हौली थाना क्षेत्र के रमनगरा गांव का रहनेवाला है। 22 नवंबर को कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोषी करार दिया था।

### फाइनेंस कंपनी के दफ्तर से 3.80 लाख की लूट

**पुपरी(सीतामढ़ी)।** नगर के झिझिहट (भेटुआ-डोरपुर रोड) के पास मंगलवार को बेखौफ अपराधियों ने पीपल्स फोरम फाइनेंस बैंक के ब्रांच में घुसकर हथियार के बल करीब 3.80 लाख रुपये लूट लिये। बाइक से आये तीन अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने कर्मियों के साथ हाथापाई कर दो मोबाइल भी छीन कर बाइक पर सवार होकर भाग गये। सूचना मिलने पर एसडीपीओ अतनु दत्ता, थानाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार सिंह ने मामले की जांच की। पुलिस टीम बगल के एक विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच कर छापेमारी शुरू कर दिया।

### हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत

**हवेली खड़गपुर (मुंगेर)।** हवेली खड़गपुर-बरियारपुर मुख्य मार्ग पर सोमवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक महिला व एक युवक की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को खड़गपुर-बरियारपुर मुख्य मार्ग स्थित कोड़ासी गांव के समीप सड़क जाम कर दिया। लगभग दो घंटे तक जाम के कारण राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भिजवा दिया। बताया जाता है कि कोड़ासी गांव निवासी मुन्ना दास की पत्नी रेखा देवी टोटो से अपने घर जा रही थी। इसी दौरान खड़गपुर-बरियारपुर मुख्य मार्ग के सूर्य मंदिर के समीप टोटो और ट्रक के बीच टक्कर हो गयी। इससे टोटो पर सवार रेखा देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी।

## तरैया में बनेगा 2 नया सब स्टेशन, घरेलू, व्यावसायिक व कृषि विद्युत व्यवस्था होगी सुदृढ़ : राजीव प्रताप रुडी



- तरैयां प्रखंड के अरदेवा और पचरौर में बनेगा नया सब स्टेशन
- अमनौर के नारायणपुर और मढ़ौरा के नौतन में भी नया विद्युत सब स्टेशन
- तकनीकी समस्या से विद्युत आपूर्ति प्रभावित न होने की दूरगामी व्यवस्था
- पहले से 45 विद्युत सब स्टेशन कार्यरत, 5 नये सब स्टेशन की अनुशंसा

**छपरा ।** सारण सांसद श्री राजीव प्रताप रुडी का दूरदर्शी सोच और कुशल कार्यनीति का लाभ अब पूरे जिला की जनता को प्राप्त हो रहा है। यही कारण है कि गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ की गई है ताकि आम जन की दिनचर्या प्रभावित न हो। सांसद के प्रयास से पहले ही जिला में 45 सब स्टेशन स्थापित है। अब 5 नये सब स्टेशन की अनुशंसा किया गया है। इसके बनने के बाद सारण में विद्युत सब स्टेशनों की संख्या 50 हो जायेगी जिससे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

जिला की विद्युत व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बनाये रखने के लिए सांसद रुडी पहले ही सारण के हर क्षेत्र को सुचारु विद्युत आपूर्ति के लिए दो सर्किट बनाकर जोड़ने की व्यवस्था कर रखी की। तरैयां प्रखण्ड के अरदेवा और पचरौर में, अमनौर प्रखण्ड के नारायणपुर तथा मढ़ौरा प्रखण्ड के नौतन में नया विद्युत सब स्टेशन स्थापित हो जाने से यह इस क्षेत्र के लिए अलग से डेडीकेटेड पावर सब-स्टेशन हो जायेगा।

इस संदर्भ में सांसद रुडी ने कहा कि सांसद रुडी ने बताया कि कुछ वर्षों पूर्व तक सारण में विद्युत आपूर्ति सुचारु नहीं हो पा रही थी। विद्यार्थियों, व्यवसायों, किसानों और तमाम लोग को इसके कारण काफी कष्ट उठाना पड़ रहा था। रोजमर्रा के अधिकतर काम बिजली से ही संचालित होते है और प्रतिदिन उपयोग में आने वाले उपकरण भी बिजली से ही चलते है। ऐसे में बिजली की वह उपयोगिता को देखकर बिहार सरकार के ऊर्जा विभाग और केंद्रीय परियोजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मेरे तरफ से प्रयास जब किया गया तो इसका सुफल अब देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विद्युत उपकेंद्र के स्थापित हो जाने स्थानीय निवासियों को काफी लाभ होगा। इससे विद्युत आपूर्ति में व्यापक सुधार होगा और गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो जायेगी।

### बगीचे से मिला किशोर का शव, हत्या की आशंका

**कटिहार।** मनसाही थाना क्षेत्र के कृष्णानगर गांव के बाहर मंगलवार की सुबह आम के बगीचे से एक किशोर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### बाइक सवार युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

**मोतिहारी।** कोटवा में बम नहर के पास बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक परवेज आलम कोटवा के पोखरा शेखटोली का रहने वाला था। घटना सोमवार शाम की है। परवेज स्वीच खरीदने शाम करीब छह बजे अपने घर से बाइक लेकर कोटवा चौक जाने के लिए निकला। वह जैसे ही बम नहर पुल के पास पहुंचा कि ट्रक ने उसे रौंद दिया। इससे मौत हो गयी।

## पप्पू यादव को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

- लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध होने का दावा है संदिग्ध

**आरा।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को धमकी देने के आरोपी को भोजपुर जिले के एक गांव से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताने वाले रामबाबू ने एक वीडियो क्लिप के जरिए पप्पू यादव को धमकी दी थी।

धमकी देने के आरोपी रामबाबू को पुलिस ने चकरही गांव से गिरफ्तार किया और मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस की शुरुआती जांच में रामबाबू के बिश्नोई गैंग से संबंध होने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक रामबाबू मैट्रिक पास है और उसके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। वह पिछले कुछ वर्षों से गलत संगत में रह रहा था। इस बीच परिवार के साथ भी उसका व्यवहार खराब था। वह घर पर कम ही आता-जाता था और अक्सर पैसे के लिए अपने परिवारवालों से मारपीट करता था। गांव वालों की मानें तो पहले रामबाबू एक सीधा-साधा लड़का था, लेकिन हाल के वर्षों में वह बदल गया। पुलिस के अनुसार, रामबाबू ने संभवतः व्यक्तिगत लाभ या किसी के बहकावे में आकर ही ऐसी धमकी दी होगी। अब तक की जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि उसका लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। पुलिस का मानना है कि उसने गैंग के नाम का इस्तेमाल धमकी को गंभीर बनाने के लिए किया होगा।

### पप्पू यादव ने कहा धमकियों से वो डरने वाले नहीं



सांसद पप्पू यादव ने धमकियों को लेकर कहा कि इस तरह की धमकियां उन्हें डराने में नाकाम रहेंगी। उन्होंने प्रशासन से मामले की पूरी सच्चाई सामने लाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पेज एक का शेष

### 'नागरिक प्रथम 'न्याय...

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हमारे कानून उसी दंड संहिता और दंडात्मक मानसिकता के इर्द-गिर्द घूमते रहे। समय-समय पर कानूनों में बदलाव के बावजूद उनका चरित्र वही रहा। गुलामी की इस मानसिकता ने भारत की प्रगति को काफी हद तक प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अब औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर आना चाहिए। नई न्याय संहिता के कार्यान्वयन के साथ, देश ने उस दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। न्याय संहिता 'जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए' की भावना को मजबूत कर रही है, जो लोकतंत्र का आधार है। मोदी ने कहा कि न्याय संहिता को समानता, सद्भाव और सामाजिक न्याय के विचारों से तैयार किया गया है। कानून की नज़र में सभी समान होने के बावजूद व्यावहारिक वास्तविकता अलग है। गरीब लोग कानून से डरते हैं, यहां तक कि वे अदालत या पुलिस थाने में जाने से भी डरते हैं। नई न्याय संहिता समाज के मनोविज्ञान को बदलने का काम करेगी।

प्रधानमंत्री ने सरकार के सभी विभागों, एजेंसी, अधिकारी और पुलिसकर्मियों से न्याय संहिता के नए प्रावधानों को जानने और उनकी भावना को समझने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे न्याय संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सक्रिय रूप से काम करें, ताकि इसका असर जमीन पर दिखाई दे। उन्होंने नागरिकों से इन नए अधिकारों के बारे में यथासंभव जागरूक होने का भी आग्रह किया।

### अर्जुन मुंडा के...

घोड़ाबांदा स्थित आवास से अंतिम यात्रा निकली। जिसके बाद भुइयांडीह स्थित सुवर्णरेखा बर्निंग घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में राजनीतिक, सामाजिक, स्थानीय व मीडिया जगत के काफी लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के भाई भीमसेन मुंडा के निधन की सूचना मिलने पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि निधन की सूचना मिलने से मन व्यथित है। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं एवं मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करता हूं।

### अवैध माइनिंग पर...

**पुलिस का भय अपराधियों में जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑर्गनाइज्ड क्राइम तब रुकेगा, जब स्ट्रांग पुलिसिंग का डर अपराधियों के भीतर दिखाई दे। पुलिस का भय अपराध करने वालों में होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विभिन्न अपराध कांडों में कमी आयी है। दहेज हत्या से प्रभावित जिलें पलामू गढवा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद एवं सामान्य हत्या बोकारो में ज्यादा फोकस करते हुए इन कांडों में नियंत्रण के किए कार्य किए जा रहे हैं। सामान्य हत्या शीर्ष में रांची, गुमला तथा चाईबासा जिला में भी कार्रवाई की जा रही है।

**रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाएं :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस राज्य में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए व्यापक विशेष अभियान चलाकर लोगों को कानून की जानकारी दें। शहरी एवं ग्रामीण सभी जगहों के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के विषय पर जानकारी दें। जागरुकता से ही मादक पदार्थ के सेवन में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए प्लान के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कई वर्षों से पुलिस ने अभियान चलाकर हजारों एकड़ में अफीम की तैयार फसल नष्ट भी की है, लेकिन इसके बावजूद वन भूमि में अफीम के धंधे को पूरी तरह रोक पाना मुमकिन नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फ़ॉरेस्ट डिपार्टमेंट के साथ बेहतर समन्वय बना कर वनभूमि में हो रही अफीम की खेती को जड़ से नष्ट करें। यह सुनिश्चित करें कि वैसी जगहों पर दोबारा नशीले पदार्थों की खेती न हो।

**पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी तय करें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला पुलिस-प्रशासन की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार कर नशीले पदार्थ की खेती करने पर मिलने वाली सजा की जानकारी दें। अफीम सहित किसी भी प्रकार की नशीले पदार्थ की खेती और कारोबार कानूनन जुर्म है। इस जुर्म में पुलिस की ओर से की जानेवाली कठोर कार्रवाई और कानूनन दी जाने वाली सजा के बारे में लोगों को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफीम की खेती से प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारी, चौकीदार, वनकर्मी की जिम्मेदारी तय करें। वैसे कर्मी जो अपने जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक नही कर रहे हैं, उनपर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मनी ट्रेल के बिन्दू पर अनुसंधान करने और मुख्य प्रभावित जिलों में प्री कल्टीनवेशन ड्राइव चलाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

**नदियों से अवैध बालू उठाव पर लगे रोक :** मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अवैध माइनिंग गतिविधियों पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए। किसी भी प्रकार का अवैध माइनिंग स्वीकार्य नहीं है। अवैध माइनिंग की वजह से राज्य की छवि धूमिल होती है। नदियों से अवैध बालू उठाव पर भी हर हाल में रोक लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर नदियों का अस्तित्व खतरे में है। अब नदियों से बालू की जगह मिट्टी भी उठाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध माइनिंग पर विशेष कार्य योजना बनाकर रोक लगाना सुनिश्चित करें।

**अग्निशमन सेवा को सुदृढ़ करें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के भीतर अग्निशमन सेवा को सुदृढ़ करते हुए नागरिकों की सेवा के साथ जोड़ा जाए। पुलिस के लिए वाहन एवं हथियार आदि का क्रय शीघ्र करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल में कैदियों को दिए जाने वाले भोजन चिकित्सा सुविधा सहित अन्य सुविधाओं की समीक्षा की जाए, जरूरत के अनुसार बजट बढ़ाने पर विचार की जाए। कैदियों को कोर्ट में अपना पक्ष रखने के लिए सरकारी अधिवक्ता की सुविधा दी जाए।

**बैठक में सीएस सहित ये मौजूद :** बैठक में राज्य के मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग श्रीमती वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रबंध निदेशक पुलिस हाउसिंग अजय कुमार सिंह, डीजी हेड क्वार्टर आरके मल्लिक, डीजी होमगार्ड अनिल पालटा, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाटकर, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, आईजी प्रोविजन पंकज कंबोज, आईजी कारा सुदर्शन मंडल, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी एटीएस ऋषभ सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### रांची के मेकॉन चौक...

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

### हेमंत मंत्रिमंडल का...

वरिष्ठ विधायक को यह पद सौंपा जाएगा। कांग्रेस कोटे से चार मंत्री बनाए जाएंगे।

कांग्रेस कोटे से मंत्रियों में पोड़ेयाहाट के विधायक प्रदीप यादव, जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी, कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह, बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह आदि के नाम चल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, नाम की घोषणा शीघ्र किए जाने की संभावना है।

**नए-पुराने चेहरे झामुमो कोटे से :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास मंत्रिमंडल में सर्वाधिक पद होगा। रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ, हफीजुल हसन फिर से मंत्री बनने की रेस में हैं। महिला कोटे से लुइस मरांडी और सविता महतो का नाम चल रहा है। नए चेहरों में अनंत प्रताप देव का नाम आगे हैं। इसके अलावा मथुरा महतो, उमाकांत रजक और भूषण तिर्की भी रेस में बताए जाते हैं।

**राजद से सुरेश पासवान आगेः** राजद कोटे से मंत्रिमंडल में एक मंत्री शामिल होगा। देवघर के विधायक सुरेश पासवान को मंत्री बनाए जाने की प्रबल संभावना है। वे राजद विधायक दल के नेता भी चुने जा चुके हैं। इनके अलावा गोड्डा के विधायक संजय प्रसाद यादव के नाम की भी चर्चा है।

### इंजीनियरिंग छात्रा से...

उल्लेखनीय रूप से उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में टिप्पणी की कि यदि ऐसे मामलों में मृत्युदंड नहीं दिया जाता है तो हम पीड़ित और समाज को निराश करेंगे। अपीलकर्ता का भयानक कृत्य आईपीसी की धारा 302 के तहत मौत की सजा की की मांग करता है। उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

**क्या है पूरा मामलाः** रांची के निर्भया कांड के रूप में चर्चित यह वारदात 15-16 दिसंबर, 2016 को हुई थी। रांची के आरटीसी इंस्टीट्यूट में बीटेक की 19 वर्षीय छात्रा बूटी बस्ती में अपनी बहन के साथ रहती थी। यहां उसके माता-पिता भी कभी-कभी रहते थे। 15 दिसंबर 2016 को छात्रा इस मकान में अकेली थी। शाम छह बजे वह कॉलेज से लौटी थी। राहुल ने उसका दिनभर पीछा किया था। छात्रा को इसका अहसास भी नहीं था।

16 दिसंबर की सुबह करीब 4 बजे राहुल उसके घर के ग्रिल का ताला किसी तरह खोलकर अंदर घुस आया। राहुल ने उसके साथ रेप किया और जब छात्रा अचेत हो गई तो तार से उसका गला घोंट दिया। उसने छात्रा के शरीर से कपड़े उतारे और मोटर में डालने के लिए घर में रखा मोबिल उसके शरीर पर डालकर आग लगा दी। उसने छात्रा के कपड़े भी दूसरे कमरे में फेंक कर आग लगा दी।

### बंगाल में आठ...

यह कार्रवाई एनआरआई कोटा से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में की जा रही है। आरोप है कि फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर बड़ी रकम लेकर अयोग्य छात्रों को एनआरआई कोटा के तहत दाखिला दिया गया। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में पहले ही नाराजगी जता चुका है। इसके बाद ईडी ने इस दिशा में सक्रियता दिखाई। बीरभूम में जिस मेडिकल कॉलेज में तलाशी चल रही है, उसके मालिक मलय पीट पर पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। वह अनुव्रत मंडल के करीबी माने जाते हैं और उनके नाम मवेशी तस्करी और भर्ती घोटाले में भी शामिल होने का आरोप है।

### अब बैंक खाते में...

वित्त मंत्री ने विधयेक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल बैंक शाखाओं की संख्या एक वर्ष में 3792 बढ़कर सितंबर 2024 में 1,65,501 तक पहुंच गई है। इसमें से 85,116 शाखाएं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हैं। सीतारमण ने सदन को बताया कि पीएम मुद्रा लोन योजना का 68 फीसदी लाभ महिलाओं को मिला है। उन्होंने कहा कि 2014 से हम बेहद सतर्क रहे हैं, ताकि बैंक स्थिर रहें। उन्होंने सदन को बताया कि हमारा उद्देश्य हमारे बैंकों को सुरक्षित, स्थिर और स्वस्थ रखना है, 10 साल बाद आप इसका परिणाम देख रहे हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को अपने बैंकिंग क्षेत्र पर गर्व होना चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पेशेवर रूप से संचालित हो रहे हैं और सरकारी वित्तपोषण पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय बैंक आज स्थिर, अच्छी हालत में हैं और अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 65 करोड़ बेसिक बैंक सेविंग्स अकाउंट होल्डर या 54 करोड़ जन-धन अकाउंट होल्डर में से किसी से भी मिनिमम बैलेंस नहीं रखने पर जुर्माना नहीं लिया गया है। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री ने लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को पेश किया। उन्होंने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इसमें बैंक खाताधारक को अपने खाते में अधिकतम 4 नामांकित व्यक्ति रखने की अनुमति देने का प्रस्ताव है।

सीतारमण ने सदन को बताया कि प्रस्तावित बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पास होने से भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में प्रशासन मजबूत होगा। इससे नामांकन और निवेशकों की सुरक्षा के संबंध में उपभोक्ता और ग्राहकों की सुविधा बढ़ेगी। वित्त मंत्री ने विधयेक पेश करते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम-1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम-1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम-1955, बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम-1970 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में बदलाव लाने के लिए कुल 19 संशोधन प्रस्तावित किए जा रहे हैं।

### संसद में उठा...

उन्होंने कहा कि देश में डीएपी की किल्लत है, जो रबी की फसल के इस सीजन में धान और आलू के लिए बहुत जरूरी है। आजाद ने डीएपी की कालाबाजारी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों में हाहाकार मचा है। जगह जगह लाइन लगी है। देश के कोने-कोने से कालाबाजारी की खबरें आ रही हैं और परिस्थिति गंभीर होती जा रही है।

### भारत-चीन सीमा...

उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों को लेकर अस्थिरता की स्थिति और इनके द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव को देखते हुए समझौता जरूरी था। हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में अग्रिम तैनाती हटाने को लेकर अंतिम समझौता होने के बाद से दोनों क्षेत्र सितंबर 2022 से चीनी पक्ष के साथ डब्ल्यूएमसीसी और एसएचएमसी दोनों में हमारी चर्चाओं का केंद्र रहे हैं । विदेश मंत्री ने कहा कि 21 अक्टूबर को बनी सहमति के बाद प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अक्टूबर को कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान एक बैठक की। उन्होंने इस सहमति का स्वागत किया और विदेश मंत्रियों को बैठक कर संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने का निर्देश दिया। विशेष प्रतिनिधियों को सीमा प्रश्न का निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तलाशने के अलावा शांति और सौहार्द्र के प्रबंधन की देखरेख भी करनी है। इसके अनुसरण में उन्होंने हाल ही में 18 नवंबर, 2024 को रियो डी जेनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री वांग यी के साथ फिर से चर्चा की।जयशंकर ने कहा कि सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द्र भंग हुआ था। हाल के घटनाक्रम जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाते हैं, जिससे हमारे संबंधों में कुछ प्रगति हुई है। सदन इस तथ्य से अवगत है कि 1962 के संघर्षों और उससे पहले की घटना के परिणामस्वरूप चीन अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से 5,180 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र चीन को सौंप दिया, जो 1948 से उसके कब्जे में है। भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए कई दशकों तक बातचीत की है। सीमा विवाद के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य रूपरेखा पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने सदस्यों को याद दिलाया कि अप्रैल-मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों को एकत्र करने के परिणामस्वरूप कई बिंदुओं पर हमारी सेनाओं के साथ आमना-सामना हुआ। इस स्थिति के कारण गश्ती गतिविधियों में भी बाधा उत्पन्न हुई। यह हमारे सशस्त्र बलों के लिए श्रेय की बात है कि रसद संबंधी चुनौतियों और तत्कालीन कोविड स्थिति के बावजूद वे तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाबी तैनाती करने में सक्षम थे।विदेश मंत्री ने कहा कि हम इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि शांति और सौहाद्र की बहाली ही बाकी रिश्तों को आगे बढ़ाने का आधार होगी। 2020 से ही हमारा जुड़ाव इसी उद्देश्य पर केंद्रित रहा है। यह विभिन्न स्तरों पर हुआ, जिसमें सरकार के विभिन्न अंग शामिल थे। मैंने खुद अपने चीनी समकक्ष के साथ बैठकें की हैं, जैसा कि मेरे वरिष्ठ सहयोगी रक्षा मंत्री ने भी किया है। हमारे एनएसए ने भी अपने चीनी समकक्ष के साथ बातचीत की है, दोनों ही सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधि हैं। राजनयिक स्तर पर सहयोग और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) द्वारा अधिक विस्तृत चर्चा की गई। इसका सैन्य समकक्ष वरिष्ठ सर्वोच्च सैन्य कमांडरों की बैठक (एसएचएमसी) तंत्र था। बातचीत में राजनयिक और सैन्य अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति के साथ स्वाभाविक रूप से बातचीत बहुत अच्छी तरह से समन्वित थी। जून 2020 से डब्ल्यूएमसीसी की 17 बैठकें और एसएचएमसी के 21 दौर हो चुके हैं।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर कैमिकल में डूबा मिला नवजात का शव

**–पार्सल से भेजा जा रहा था मुंबई, स्कैनिंग में पकड़ाया, कूरियर एजेंट गिरफ्तार**

लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह कैमिकल में डूबोकर पार्सल किया जा रहा नवजात का शव बरामद किया गया है। इसका खुलासा स्कैनिंग के दौरान हुआ। उक्त शव को नवी मुंबई भेजा जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में एक एजेंट को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा। जानकारी अनुसार लखनऊ एयरपोर्ट में कूरियर के एक डिब्बे में एक महीने के नवजात का शव बरामद किया गया है। नवजात के शव की जानकारी कार्गो के सामान की स्कैनिंग के दौरान हुई। उक्त शव प्लास्टिक के डिब्बे में पैक किया गया था, जिसके अंदर लिक्विड भरा हुआ था। इस मामले में पुलिस का कहना है कि कूरियर सर्विस के जरिए पार्सल के तौर पर नवजात के शव को नवी मुंबई भेजा जा रहा था। जांच में मालूम चला है कि उक्त कूरियर को हजरतगंज स्थित इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल से चंदन यादव नामक व्यक्ति द्वारा बुक कराया गया था। पुलिस अब इस जांच में जुटी है कि आखिर नवजात के शव को कैमिकल में रखकर कूरियर क्यों किया गया। इसी बीच कूरियर एजेंट शिव बरन को सीआईएसएफ ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया है। यह पार्सल इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2238 के जरिए लखनऊ से मुंबई भेजने का प्रयास किया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर बुक पार्सल की जब स्कैनिंग की गई तो उसमें नवजात का शव डिटेक्ट हुआ। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने पैकेट खोलकर देखा तो उसमें बच्चे का शव मिला। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने फौरन ही सीआईएससफ और पुलिस को सूचना दे दी। मामले की जांच की जा रही है।

## छिंदवाड़ा में श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 27 घायल, कई की हालत गंभीर

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के चौरई इलाके में अयोध्या से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस पलटने से 27 लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना चौरई के केंद्रीय विद्यालय के पास घटित हुई, जहां सामने से आ रहे एक ट्राले ने बस को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। छिंदवाड़ा एडिशनल एसपी के मुताबिक 27 नवंबर को श्रद्धालु अयोध्या गए थे। वहां से दर्शन कर वापस लौट रहे थे तभी मंगलवार सुबह यह हादसा हो गया। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ट्राले की टक्कर के कारण बस पलटी। बस और ट्राले के चालकों से पूछताछ की जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने भी रेस्क्यू में प्रशासन की मदद की। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक ड्राइविंग करने की अपील की है।

## दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से अब राहत मिलने की उम्मीद : आईएमडी

**– दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पहाड़ों पर अच्छी बारिश और बर्फबारी की संभावना**

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की वजह से लोगों की सेहत खतरे में थी, लेकिन मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार हवा की गति में बदलाव आने की संभावना है। आने वाले चार दिनों में हवा की गति में तेज़ी आने से प्रदूषण में कमी हो सकती है। दिल्ली के लोगों के लिए खुशखबरी है कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पहाड़ों पर अच्छी बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इससे ठंडाई हवा का असर महसूस होगा। यह बारिश दिल्ली-एनसीआर के साथ ही हरियाणा, पंजाब, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी महसूस होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बर्फबारी के बाद तापमान और भी गिर सकता है और दिल्ली-एनसीआर में ठंड का असर और भी महसूस होगा। दिल्ली में मंगलवार का न्यूनतम तापमान 13.05 डिग्री और अधिकतम तापमान 27.77 डिग्री रहने की संभावना है। नमी का स्तर 26 फीसदी है और हवा की गति 26 किमी प्र?ति घंटा है। बुधवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 19.68 डिग्री और अधिकतम तापमान 27.18 डिग्री की संभावना है। नमी का स्तर कल 22 फीसदी रह जाएगा। इससे साफ है कि दिल्ली के लोगों के लिए टंडक और बर्फबारी की संभावनाएं बढ़ गई हैं। साथ ही हवा की गति में बदलाव आने की संभावना है, जिससे प्रदूषण में भी कमी हो सकती है और लोगों को साँस लेने में आसानी होगी।

## नयी दिल्ली: युवक की हरकतों से हुआ शक, पूछताछ में हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के काउंटर पर मौजूद अफसर के सामने करीब एक 24 साल का युवक खड़ा हुआ है। इस युवक के चेहरे पर एक अजीब सी मुस्कान है, जिसकी मदद से वह अपनी हिचक और डर को छिपाने की कोशिश कर रहा था। शुरूआत में इमिग्रेशन अफसर को लगा कि शायद पहली हवाई यात्रा की वजह से युवक घबरा रहा हो। लिहाजा, उसे कंफर्ट करने के इरादे से वह थोड़ा मुस्कुराए और पासपोर्ट लेने के लिए हाथ आगे बढ़ा दिया डॉक्यूमेंट स्क्रूटनी के बीच में ही इमिग्रेशन अफसर ने हिंदी में पूछ लिया... आपको किस काम से ताशकंद जा रहे हैं। इमिग्रेशन अफसर का सवाल सुनने के बावजूद यह युवक शून्य भाव के साथ खड़ा रहा। इमिग्रेशन अफसर ने अपना सवाल दोहराया, लेकिन इस बार भी जवाब नहीं आया। इस प्रतिक्रिया पर इमिग्रेशन अफसर का माथा ठनका कि कोलकाता से चंद किलोमीटर दूर स्थित सिंगूर में रहने वाले शख?स को इतनी हिंदी भी नहीं आती। लिहाजा, इस युवक से गहन पूछताछ शुरू की गई। तलाशी के दौरान इसके मोबाइल से बांग्लादेशी पासपोर्ट का बायोडाटा पेज बरामद किया गया, जिसमें इसका नाम टीटू दर्ज था। बांग्लादेशी पासपोर्ट का बायोडाटा पेज सामने आते ही सारा राज खुल कर सामने आ गया।

# राजनीति में कोई संतुष्ट नहीं होता, सीएम भी डरा रहता है न जाने कब हाईकमान हटा दे : गडकरी

**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री के पद और राजनैतिक संतुष्टि को लेकर बड़ा बयान दिया है। यहां आयोजित एक पुस्तक के विमोचन समारोह में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा ही डरा और सहमा रहता है। उसके भीतर डर बना रहता है कि न जाने कब हाईकमान उसकी छुट्टी कर दे। जहां तक राजनीति का सवाल है तो यहां कोई भी संतुष्ट नहीं होता है। गडकरी ने कहा है कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है और अपने वर्तमान पद से ऊंचे पद की आकांक्षा रखता है। नागपुर में जीवन के 50 स्वर्णिम नियम नामक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर गडकरी ने कहा कि जीवन समझौतों, बाध्यताओं, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है।

मंत्री ने राजस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है... जो पार्षद बनता है वह इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे विधायक बनने का मौका नहीं मिला और विधायक इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे मंत्री पद नहीं मिल सका।



भाजपा नेता ने कहा, जो मंत्री बनता है वह इसलिए दुखी रहता है कि उसे अच्छा मंत्रालय नहीं मिला और वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाया तथा मुख्यमंत्री इसलिए तनाव में रहता है क्योंकि उसे नहीं पता कि कब आलाकमान उसे पद छोड़ने के लिए कह देगा। उन्होंने कहा कि जीवन में समस्याएं बड़ी चुनौतियां पेश करती हैं और उनका सामना करना तथा आगे बढ़ना ही जीवन जीने की कला है।

खास बात है कि यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद भी महायुति अब तक सीएम नहीं चुन सकी है। खबरें हैं कि भाजपा मुख्यमंत्री पद अपने पास रखेगी। वहीं, दो अन्य दल एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के खाते में डिप्टी सीएम आ सकते हैं। फिलहाल, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चाहे व्यक्ति पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक या कॉरपोरेट जीवन में हो, जीवन चुनौतियों और समस्याओं से भरा है और व्यक्ति को उनका सामना करने के लिए जीवन जीने की कला को समझना चाहिए। गडकरी ने कहा कि उन्हें अपने राजनीतिक जीवन में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आत्मकथा का एक उद्धरण याद है, जिसमें कहा गया है, कोई व्यक्ति तब खत्म नहीं होता जब वह हार जाता है। वह तब खत्म होता है जब वह हार मान लेता है।

## बांग्लादेश में हिंसा : भारत के पर्यटक पर भीड़ ने किया हमला

**– अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की कर रहे मांग**

कोलकाता । पड़ोसी देश बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर पर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हमलों की एक और घटना सामने आई है, जिसमें एक भारतीय पर्यटक भी शिकार हो गए। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के बेलघोरिया के निवासी एक पर्यटक ने बताया कि बांग्लादेश में घूमने के दौरान उन पर एक ?हिंसक भीड़ ने हमला किया। उन्हें पहचान के आधार पर हमला किया गया, जब पता चला कि वे भारत से हैं और हिंदू हैं। गहरी चोटें खाकर भारत लौटने की कोशिश करते हुए भारतीय पर्यटक की हालत बहुत खराब हो गई। उन्होंने एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन पुलिस ने पहचान पूछी, जिससे मेडिकल सहायता में देरी हुई। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हिंसा को रोकने का आश्वासन दिया है, लेकिन वास्तविकता में कार्रवाई की ज़रूरत है। भारत सरकार से भी बड़े स्तर पर इस मामले में कदम उठाने की मांग है, ताकि इस त्रासदी को रोका जा सके और बांग्लादेश के लोगों को सुरक्षित रहने में मदद मिले।

## श्रीहरिकोटा से प्रोबा-3 आज लॉन्च करेगा इसरो



**रॉकेट की ऊंचाई 145.99 फीट और वजन 320 टन होगा**

**मुंबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 4 दिसंबर यानी बुधवार को यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा-3 मिशन को लॉन्च करेगा। इस मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड से पीएसएलवी-एक्सएल रॉकेट द्वारा लॉन्च किया जाएगा। लॉन्च का समय शाम 4ः08 बजे है,

पीएसएलवी-सी59 रॉकेट की यह उड़ान पीएसएलवी रॉकेट की 61वीं उड़ान होगी, और पीएसएलवी-एक्सएल की 26वीं उड़ान होगी। रॉकेट की ऊंचाई 145.99 फीट और वजन 320 टन होगा। लॉन्च के 26 मिनट बाद, यह रॉकेट प्रोबा-3 सैटेलाइट को 600 गुणा 60,530 किमी की अंडाकार कक्षा में भेजेगा। यह मिशन दुनिया का पहला प्रेसिशन फॉर्मेशन फ्लाइंग सैटेलाइट है, जिसमें दो सैटेलाइट्स शामिल होंगे।

कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट यह सैटेलाइट सूरज की तरफ मुंह करके खड़ा होगा और सूर्य के बाहरी और अंदरूनी कोरोना के बीच के गैप का अध्ययन करेगा। इसमें एएसपीआईआईसीएस और 3डीईईएस जैसे उपकरण होंगे। ऑक्लटर स्पेसक्राफ्ट यह सैटेलाइट कोरोनाग्राफ के पीछे रहेगा और सूर्य के कोरोना से संबंधित डेटा का अध्ययन करेगा। इसमें डीएडीए होगा। प्रोबा-3 मिशन का मुख्य उद्देश्य सूरज के कोरोना की स्टडी करना है, खासकर उसके हाई कोरोना और लो कोरोना के बीच के गैप की स्टडी करना। यह मिशन सूरज के सोलर हवाओं और कोरोनल मास इजेक्शन के बारे में अहम जानकारी देगा, जिससे वैज्ञानिक सौर मौसम और सौर हवाओं की बेहतर समझ हासिल कर सकेंगे। इस मिशन के जरिए वैज्ञानिक यह जानने की कोशिश करेंगे कि सूरज का डायनेमिक्स हमारी पृथ्वी पर किस प्रकार असर डालता है, और कैसे सूरज के बदलाव हमारे वातावरण और अंतरिक्ष मौसम को प्रभावित कर सकते हैं। प्रोबा-3 मिशन इसरो के लिए एक अहम कदम है और इसरो के लिए यह एक नई उपलब्धि भी होगी, क्योंकि इससे अंतरिक्ष और सौर अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी।

# क्या रॉबर्ट वाड्रा करेंगे राजनीति में एंट्री, वीडियो शेयर कर कहा-मैं जल्द ज्वाइन करूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वायनाड सांसद प्रियंका गांधी के पति और गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा जल्द राजनीति में एंट्री कर सकते हैं। टीवी न्यूज चैनल से बातचीत का एक पुराना वीडियो को शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो के साथ कैप्शन में रॉबर्ट वाड्रा ने लिखा- मैं जल्द ज्वाइंन करूंगा। वीडियो में रॉबर्ट वाड्रा से पूछा गया आप इतना काम करते हैं। सोशल वर्क करते हैं। चुनावी राजनीति में हम रॉबर्ट वाड्रा को देखेंगे क्या? क्योंकि मैडम तो आ ही गई हैं। इसपर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा- अभी जो जनता चाहेगी वही होगा। मेरे चाहने से कुछ नहीं होगा। ये प्रियंका गांधी का समय है। मेरा समय नहीं है। मैं प्रियंका के लिए करूंगा। अपने लिए बाद में करूंगा। मैं बहुत खुश हूं कि वायनाड के लोगों ने उन्हें चुनकर सांसद बनाया है।



बता दें प्रियंका गांधी हाल ही में वायनाड से रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतकर लोकसभा सांसद चुनी गई हैं। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान रॉबर्ट वाड्रा अमेठी सीट से चुनाव लड़ने का दावा कर चुके हैं। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने तब उन्हें टिकट नहीं दिया था। ऐसे में अब देखना है कि वाड्रा का यह बयान कितना सही साबित होता है। बीजेपी पहले ही कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाती रही है।

अगर ऐसा होता है तो बीजेपी को बैठे-बिठाए मुद्दा मिल जाएगा। रॉबर्ट वाड्रा पहले भी कई बार भविष्य में राजनीति में आने की बात कह चुके हैं लेकिन अभी तक इसका औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है। उधर, राजनीतिक पंडित कई बार यह साफ कह चुके हैं कि राहुल गांधी नहीं बल्कि प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी की अगली उत्तराधिकारी साबित हो सकती हैं। ऐसे वक्त पर रॉबर्ट वाड्रा की एंट्री राजनीति में होती है तो पार्टी को इसका नुकसान होना तय है। इसके बावजूद रॉबर्ट वाड्रा अपनी राजनीति को चमकाने में जुटे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा की सदस्यता ग्रहण करने पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि प्रियंका के सांसद बनने से मेरा सपना हुआ पूरा। मैं भी सक्रिय राजनीति के लिए तैयार हूं। कांग्रेस जब चाहेगी तब मैं भी राजनीति में आ जाऊंगा। बीजेपी जिन मुद्दों को छुपाती है, उन सवालों को प्रियंका संसद में उठाएंगी। एजेंसियों के दुरुपयोग और महिलाओं से जुड़े मसले को प्रियंका गांधी उठाएंगी।

## फडणवीस को लेकर शिंदे के 'नखरे' के पीछे 'दिल्ली में बैठी महाशक्ति' : संजय राउत

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने स्पष्ट रूप से भाजपा नेतृत्व की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ''दिल्ली में बैठी महाशक्ति'' के समर्थन से भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को लेकर ''नखरे'' और नाराजगी दिखा रहे हैं। नयी दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने महाराष्ट्र में सरकार गठन में हो रही देरी को अराजकतापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए 10 दिन से अधिक हो गए हैं, लेकिन किसी भी पार्टी या गठबंधन ने न तो सरकार बनाने का दावा पेश किया है और न ही अपने विधायकों की सूची दी है। राउत ने कहा कि राज्यपाल ने अभी तक किसी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया है, लेकिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण की तारीख घोषित कर दी है, जो आजाद मैदान में होगी। राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''मुझे लगता है कि एकनाथ शिंदे के नखरे और देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ नाराजगी के पीछे दिल्ली में बैठी कोई 'महाशक्ति' है। महाशक्ति के समर्थन के बिना एकनाथ शिंदे ऐसा कुछ करने की हिम्मत नहीं कर सकते। दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों को नखरे दिखाने की हिम्मत किसी में नहीं है।'' महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 132 सीट जीती हैं, ऐसे में फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे देखा जा रहा है। भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महायुति गठबंधन द्वारा 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट जीतने के बावजूद, राज्य में सरकार का गठन होना बाकी है।




**बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते हमलों पर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने जतायी चिंता, कहा**

# मास किलिंग का मास्टरमाइंड है यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश में अल्पसंख्यकों के उत्पीडऩ और सामूहिक हत्याओं के लिए अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस पर आरोप लगाया है। न्यूयॉर्क में आवामी लीग के एक कार्यक्रम में वर्चुअली बोलते हुए उन्होंने यह बात कही। बताते चलें कि पड़ोसी देश में तख्तापलट के बाद से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में रह रहीं हैं। उन्होंने देश में चल रही अशांति के बीच धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मंदिरों, चर्चों और इस्कॉन समुदाय पर हिंसक हमलों की एक श्रृंखला में कथित संलिप्तता के लिए यूनुस की निंदा की।



हसीना ने कहा कि आज मुझ पर सामूहिक हत्याओं का आरोप लगाया गया है। वास्तव में, मुहम्मद यूनुस ही हैं, जो छात्रों के साथ मिलकर एक सुनियोजित योजना के जरिये सामूहिक हत्याओं में शामिल रहे हैं। वे ही मास्टरमाइंड हैं। यहां तक कि लंदन से तारिक रहमान (बीएनपी नेता और खालिदा जिया के बेटे) ने भी कहा है कि अगर मौतें जारी रहीं, तो सरकार नहीं टिकेगी।

**अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों पर जताई चिंता** : देश में अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए हसीना ने कहा कि शिक्षकों, पुलिस और राजनीतिक नेताओं पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों सहित धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की निंदा की। हसीना ने कहा कि 11 चर्चों और कई मंदिरों पर हमला किया गया, जिसमें इस्कॉन मंदिर पर किया गया हमला भी शामिल है। उन्होंने आगे मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार से सवाल किया कि अब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर इस तरह के हमले क्यों हो रहे हैं।

**मेरी भी हत्या की साजिश रची गई थी:** हसीना ने यह भी दावा किया कि उनके पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की हत्या की तरह उनकी भी हत्या की साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि वह उस समय एक संभावित नरसंहार से बचने के लिए बांग्लादेश छोड़ गई थी। बताते चलें कि हसीना के कई सहयोगी या तो जेल में हैं या फरार चल रहे हैं। हसीना ने उन अंतिम क्षणों को भी याद किया जब वह बांग्लादेश छोड़ रही थीं। उन्होंने बताया कि कैसे एक सशस्त्र भीड़ उनकी हत्या के इरादे से उनके घर पहुंची थी।

# पुणे की अदालत में पेश नहीं हुए राहुल गांधी

**सावरकर के परिजनों की मानहानि के मामले में होना था उपस्थित**

**पुणे (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद के शीतकालीन सत्र के कारण हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर के परिजनों द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत के संबंध में पुणे की एक अदालत में पेश नहीं हुए। गांधी के वकील मिलिंद पवार ने कहा कि उनके मुवक्किल ने संसद के चल रहे सत्र के कारण पेशी से छूट मांगी थी, उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता 10 जनवरी को अदालत में उपस्थित होंगे।



सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर ने पुणे की एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में अपने भाषण में कहा था कि सावरकर ने एक किताब में लिखा है कि उन्होंने और उनके पांच-छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और उन्हें (सावरकर को) खुशी हुई थी।

याचिका के अनुसार, वीडी सावरकर ने ऐसा कहीं नहीं लिखा है। उस समय, अदालत ने पुलिस से आरोपों की जांच करने और रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। विश्रामबाग पुलिस ने जांच के बाद कहा कि शिकायत में प्रथम दृष्टया सच्चाई है। 18 नवंबर को संयुक्त सिविल जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अमोल शिंदे की एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने एक आदेश जारी कर गांधी को 2 दिसंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता संग्राम कोल्हटकर ने अदालत से गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया, क्योंकि वह तीन मौकों पर अदालत में पेश होने में विफल रहे। कोल्हटकर ने तर्क दिया कि यह अदालत की अवमानना है, क्योंकि गांधी समन मिलने के बावजूद पेश होने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 174 (लोक सेवक के आदेश का पालन न करना) के तहत कार्रवाई की मांग की गई है।

कोल्हटकर ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि अगर वह 10 जनवरी को अदालत में पेश नहीं होते हैं, तो गैर जमानती वारंट जारी किया जाएगा। कोल्हटकर ने 26 नवंबर को राहुल गांधी द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित कुछ समाचार कटिंग भी प्रस्तुत कीं, जिसमें राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ इसी तरह की टिप्पणी की थी। उन्होंने अदालत से गांधी को सावरकर के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने से रोकने के लिए कहा, जिस पर न्यायाधीश शिंदे ने मौखिक रूप से अधिवक्ता पवार से कहा कि वह अपने मुवक्किल से ऐसी टिप्पणी न करने के लिए कहें।

# समुद्री जहाजों व तटवर्ती संस्थानों में काम करने का महिलाओं को मिला मौका

**बदलती तकनीकी के चलते अगली पीढ़ी की लीडरशिप है एक बड़ा चैलेंज**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन नेवी-डे 4 दिसंबर के उपलक्ष्य में नौसेना चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने नौसेना की तेजी से बदलती तकनीकी जरूरतों, महिलाओं के योगदान और आगामी पीढ़ी की लीडरशिप के बारे में कहा कि तेजी से बदलती तकनीकी और जियोपॉलिटिकल स्थिति के चलते अगली पीढ़ी की लीडरशिप के लिए यह एक बड़ा चैलेंज है। हम अपने जवानों को तैयार कर रहे हैं ताकि वे किसी भी स्थिति से निपट सकें। हम हमेशा तकनीकी में एक कदम आगे रहने की कोशिश करते हैं, ताकि दुश्मन के पास जो जानकारी हो, वह हमारे पास भी हो।

नौसेना चीफ ने कहा कि महिलाओं के लिए भारतीय नौसेना में हर तरह के रोल खुले हैं, केवल सबमरीन में महिलाओं को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में शुरू की गई अग्निपथ स्कीम में महिलाओं को समंदर के जहाजों और तटवर्ती संस्थानों में पूरी तरह से काम करने का मौका दिया है और इस प्रक्रिया में कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि जब वे 10वीं क्लास में थे, तो मुंबई में समंदर देख कर उनका मन बदल गया और तब से उनका सपना भारतीय नौसेना में शामिल होने का था। एडमिरल त्रिपाठी ने मर्चेंट नेवी और इंडियन नेवी के अंतर को भी बताया। मर्चेंट नेवी का काम समुद्री व्यापार को सुरक्षित रूप से संचालन करना है, जबकि इंडियन नेवी का मुख्य काम समुद्री सुरक्षा प्रदान करना है। नौसेना चीफ ने बताया कि नेवी में करियर बनाने के कई रास्ते हैं। 12वीं के बाद एनडीए या नेवल अकेडमी से ऑफिसर बनने का मौका है या फिर किसी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करने के बाद एक परीक्षा पास कर नेवी में ऑफिसर बन सकते हैं। इसके अलावा, अग्निपथ स्कीम के तहत भी लोग सेलर के रूप में नेवी में शामिल हो सकते हैं। इस तरह, भारतीय नौसेना ने अपनी ताकत और विविधता को लगातार बढ़ाया है, जिसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है।



# हैदराबाद के खिलाफ तीन अंक बटोरकर फॉर्म बरकरार रखना चाहेगी एफसी गोवा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद एफसी अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में अपनी दो पिछली हार का सिलसिला तोड़ना चाहेगी, जब वो बुधवार शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मैनोलो मार्कुएज की एफसी गोवा से भिड़ेगी।

मार्कुएज ने 2021-22 में हैदराबाद एफसी को आईएसएल कप जिताया था और फिर गोवा में गौरवशाली दिनों को वापस लाने के लिए गौर्स के साथ जुड़ गए। एफसी गोवा नौ मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और दो हार से 15 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद एफसी नौ मैचों में दो जीत, एक ड्रा और छह हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है।

एफसी गोवा ने पिछले मैच में केरला ब्लास्टर्स एफसी को अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हराया था जबकि हैदराबाद एफसी को आइलैंडर्स के हाथों 0-1 से हारी थी।

इस सीजन में हैदराबाद एफसी अपने घरेलू स्टेडियम में खेले सभी तीनों मैचों में हारी है। हैदराबाद ने अब तक सेट पीस से तीन गोल खाए हैं, जो सभी टीमों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। इसके उलट, एफसी गोवा ने अब तक कॉर्नर से एक भी गोल नहीं खाया है।

गोवा ने इस सीजन में प्रति मैच 161.1 फॉरवर्ड पास किए हैं जो हैदराबाद एफसी के 141.9 पासों से लगभग 19 अधिक है।



अब तक उनके 17 गोलों से पता चलता है कि वे ऐसा करने में भी सफल रहे हैं।

गोवा ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले दो मैच क्लीन शीट रखते हुए जीते हैं। अगर वे कल जीतते हैं, तो यह लीग में हैदराबाद के खिलाफ उनकी सबसे लंबी जीत का सिलसिला होगा।

हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो को उम्मीद है कि एफसी गोवा के खिलाफ उनकी टीम अपने आक्रामक प्रदर्शन में सुधार करके माकूल परिणाम हासिल करेगी।

उन्होंने कहा, मैं आंकड़ों का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं क्योंकि लेकिन आंकड़े बताते हैं कि मोहम्मडन और केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ खेलते समय विपक्षी बॉक्स में हमारी एंट्री बहुत अधिक थी। यह दर्शाता है कि हमें गेंद को विपक्षी बॉक्स में अधिक से अधिक रखना होगा। हमारे पास रचनात्मक और तेज-तर्रार खिलाड़ी हैं, जो मौके बना सकते हैं और टारगेट पर शॉट ले सकते हैं; कल यही लक्ष्य होगा।

एफसी गोवा के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज ने गौर्स को आगाह किया कि वो हालिया जीतों से उत्साहित न हों, बल्कि एक समय में एक मैच पर ध्यान दें, ताकि जीतने की संभावनाएं अधिकतम हो सकें।

उन्होंने कहा, जब आप लगातार जीतते हैं, तो लोग आपको सर्वश्रेष्ठ कहते हैं, और जब आप लगातार हारते हैं, तो 'घर जाओ, अपने देश वापस जाओ' के नारे लगते हैं। यही फुटबॉल है, हम जीतने पर बहक नहीं सकते और हारने पर निराश नहीं हो सकते। हम लगातार नौ अंक लेकर अच्छी स्थिति में हैं। यह बेहद प्रतिस्पर्धी लीग है, लेकिन हमें आगे बढ़ते रहना है, एकाग्रता के साथ तैयारी करनी है।

बता दें कि ये दोनों टीमें आईएसएल में 10 बार भिड़ी हैं, जिनमें एफसी गोवा और हैदराबाद एफसी क्रमशः पांच और तीन बार जीती हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

### आईपीएल 2025 नीलामी में किया नजरअंदाज

# अब छह दिनों में उर्विल पटेल ने दूसरी बार ठोका तेज तर्रार शतक

**हैदराबाद (एजेंसी)।** गुजरात के सलामी बल्लेबाज उर्विल पटेल ने मंगलवार को एमराल्ड हाई स्कूल ग्राउंड पर उत्तराखंड के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महज छह दिनों में अपना दूसरा टी20 शतक जड़ा। पटेल ने 36 गेंदों में शतक जड़कर गुजरात को महज 13.1 ओवर में 8 विकेट से जीत दिलाई। पटेल के शतक ने उन्हें टी20 क्रिकेट के इतिहास में 40 से कम गेंदों में दो शतक जड़ने वाला पहला बल्लेबाज बना दिया। यह उपलब्धि पिछले हफ्ते त्रिपुरा के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए उनके रिकॉर्ड-तोड़ 28 गेंदों के शतक के तुरंत बाद आई है।



183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पटेल ने जबरदस्त हमला किया और महज 41 गेंदों पर 115 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में 8 चौके और 11 गगनचुंबी छक्के शामिल थे जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की उनकी क्षमता को दर्शाता है। उनके आक्रामक खेल ने गुजरात को 41 गेंदें शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल करने में मदद की।

इससे पहले के मैच में पटेल ने 156 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंदों पर नाबाद 113 रनों की पारी खेली। उनकी पारी में 12 छक्के और सात चौके शामिल थे, जिससे गुजरात ने मात्र 10.2 ओवर में जीत हासिल कर ली। 28 गेंदों में उनका शतक टी20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक था, और उस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 322.86 था, जो एस्टोनिया के साहिल चौहान के बाद दूसरे स्थान पर है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में 27 गेंदों पर शतक बनाया था।

पटेल का तेजी से रन बनाने का शौक नया नहीं है। अपने पहले 28 गेंदों के टी20 शतक से ठीक एक साल पहले उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ सिर्फ 41 गेंदों में भारतीय क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज लिस्ट ए शतक बनाया था। 26 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल 2023 सीजन के लिए गुजरात टाइटन्स टीम का हिस्सा थे, जिन्हें 20 लाख रुपए में खरीदा गया था। हालांकि अपने धमाकेदार प्रदर्शन के बावजूद, पटेल को आईपीएल 2024 की नीलामी से पहले फ्रैंचाइजी ने रिलीज कर दिया था। उन्होंने आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में 30 लाख रुपए के बेस प्राइस के साथ प्रवेश किया लेकिन अनसोल्ड रहे।

# दुल्हन बनेंगी पीवी सिंधू

## बैडमिंटन के लिए बहन की शादी तक में नहीं हो सकी थी शामिल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की शान बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू इसी महीने 22 तारीख को शादी करने जा रही है। ओलम्पिक खेलों में महिला एकल बैडमिंटन का रजत पदक जीतने वाली वे पहली खिलाड़ी हैं। वह अपनी गेम के प्रति इतनी समर्पित थी कि 17 साल की उम्र में एक बैडिमिंटन टूर्नामेंट के कारण उन्होंने अपनी बहन की शादी तक मिस कर दी थी। सिंधु तब सैयद मोदी इंटरनेशनल इंडिया ग्रां प्री गोल्ड में खेल रही थी। उन्होंने उसी दिन टियर थ्री इवेंट के अपने पहले फाइनल में जगह बनाई थी। सिंधु ने मैच जीतने के बाद कहा था कि हां, मैं उसकी (बहन पी. दिव्या) शादी में शामिल नहीं हो पाऊंगी। अब मैं फाइनल में पहुंच गई हूं, इसलिए मैं खुद को रोक नहीं पा रही हूं। की शनिवार को हैदराबाद में शादी हो रही है। मैं टूर्नामेंट जीतने की कोशिश करूंगी और उसे तोहफे के तौर पर दूंगी।



**वालीबॉल खेल चुके हैं सिंधू के माता पिता** - सिंधू का जन्म 5 जुलाई 1995 में पेशेवर वॉलीबॉल के खिलाड़ी पी.वी रमण और पी. विजया के घर हुआ। उनके माता-पिता भले ही वॉलीबॉल खिलाड़ी थे, लेकिन सिंधू ने बैडमिंटन के खेल में रूचि देना पसंद किया। जब वह 8 साल की थी तो उन्होंने 2001 के ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियन बने पुलेला गोपीचंद से प्रभावित होकर बैडमिंटन को अपना करियर चुना।

**2010 में शुरू किया अपना अंतरराष्ट्रीय स्तर बैडमिंटन करियर** - 2010 में सिंधू ने जूनियर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने करियर की शुरूआत की। उसने कवार्टर फाइनल में पहुंच कर अपनी पहचान और भी मजबूत कर ली। इसके साथ ही सिंधू ने सीनियर टीम में अपनी जगह बना ली। ये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिंधू का पहला कदम था। 2013 में सिंधू ने मलेशिया ओपन का खिताब जीता और वो सुर्खियों में आ गई। उसी साल विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। साल के अंत में मकाउ ओपन का खिताब जीता।

**2016 ओलंपिक में किया भारत का नाम रोशन** - रियो



ओलंपिक में सिंधू फाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं। सारी उम्मीदें सिंधू से थीं। सिंधू ने फैंस को निराश होने का कोई मौका नहीं दिया। फाइनल में स्पेन की दिग्गज कैरोलीना मारिन से कड़े मुकाबले के बाद हार तो मिली लेकिन वो रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। वो ओलंपिक रजत पदक जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी भी बनी थी। पूरे देश में उनका सम्मान हुआ और उम्मीदें अब भी जारी हैं।

**कामयाबी के पीछे है कोच का बड़ा हाथ** - 2001 में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले पुलेला गोपीचंद की सफलता को देखकर सिंधू इतना प्रेरित हुई कि आठ साल की उम्र में ही उन्होंने बैंडमिंटन में अपनी रूचि दिखाई। गोपीचंद की वजह से सिंधु ने वॉलीबॉल की बैचमिंटन को चुना। गोपीचंद की बैडमिंटन अकादमी में दाखिल होने के बाद से सिंधू ने अपनी प्रतिभा के दम पर जलवा बिखेरना शुरू कर दिया था।

# ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन पैर की चोट के कारण बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डेनिश बैडमिंटन स्टार विक्टर एक्सेलसेन 13 से 17 दिसंबर, 2024 तक हांगझू, चीन में खेले जाने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में हिस्सा नहीं लेंगे। एक्सेलसेन ने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा, दुर्भाग्य से मैं इस दिसंबर में एचएसबीसी वर्ल्ड टूर फ़ाइनल में भाग लेने में असमर्थ हूँ। मैं अपने बाएं पैर में चोट से जूझ रहा हूं, जिससे मुझे कई समस्याएं हो रही हैं और दीर्घकालिक समस्याओं से बचने के लिए मुझे तुरंत इससे निपटने की सलाह दी गई है।



दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने इस साल जुलाई में ओलंपिक खेलों में अपने पुरुष एकल स्वर्ण पदक का बचाव किया, उन्होंने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न को दो गेम में आसानी से हराया। उन्होंने सितंबर में हांगकांग ओपन में अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और चीन के लेई लांक्सी को हराकर 27 वर्षों में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले डेनिश खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, मैं हांग्जो में नहीं खेल पाने से बहुत निराश हूं। पांच बार टूर्नामेंट जीतने के बाद और दौरे पर यह मेरे पसंदीदा टूर्नामेंटों में से एक होने के कारण इसे छोड़ना कठिन हो गया है। हालाँकि मेरी पहली प्राथमिकता प्रतिस्पर्धा से पहले 100 प्रतिशत स्वस्थ होना है।

# महिलाओं के दृष्टिबाधित टी-20 विश्वकप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुल्तान में विश्व दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (डब्ल्यूबीसीसी) की आम सालाना बैठक में अगले साल भारत में होने वाले शुरूआती



दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप को 'हाइब्रिड मॉडल' के आधार पर कराने का फैसला लिया गया जिसमें पाकिस्तान अपने मैच नेपाल या श्रीलंका में खेलेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में पुरुष टी20 दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप से हटने का फैसला किया था और इसके कुछ हफ्ते बाद ही यह कदम उठाया गया।

महिलाओं के टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार पिछले साल भारत को दिए गए थे और सोमवार को आम सालाना बैठक में इसकी पुष्टि की गई जिसमें 11 सदस्य देश मौजूद थे। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। भारत में दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अध्यक्ष जीके महनतेश ने कहा, 'टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पिछले साल (2023) ही भारत को दिया गया था। उस समय यह भी तय किया गया था कि अगर पाकिस्तान की टीम के भारत आने में वीजा की समस्या आती है तो टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा।

यह पूछने पर कि पाकिस्तान के मैच कहां होंगे तो महनतेश ने कहा, 'पाकिस्तान की दृष्टिबाधित महिला टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान या तो नेपाल में या श्रीलंका में ही रहेगी। भारतीय टीम नेपाल या श्रीलंका में उनके खिलाफ खेलने के लिए जाएगी। पूरे टूर्नामेंट का खर्च हमारा क्रिकेट बोर्ड उठाएगा। हम इन दोनों देशों में से किसी एक में पाकिस्तानी टीम के रहने का पूरा खर्च वहन करेंगे।% सीएबीआई न ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड से और न ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त है।

# एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट से पहले चोटिल हुए स्टीव स्मिथ

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** स्टार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को भारत के खिलाफ एडिलेड ओवल में दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से पहले नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। वह मार्नस लाबुशेन से थ्रोडाउन ले रहे थे, तभी उनके दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, कुछ देर के लिए उन्होंने बल्लेबाजी करना बंद कर दिया और मार्नस लाबुशेन से बात करते समय काफी दर्द में दिखे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम का एक मेडिकल स्टाफ उनके अंगूठे की जांच के लिए नेट्स में आया और स्मिथ ने अंगूठे की स्थिति का पता लगाने के लिए उसे सावधानी से हिलाया। हालांकि उन्हें ज्यादा तकलीफ नहीं हुई, लेकिन वह उसी समय नेट्स से चले गए। थोड़ी देर बाद स्मिथ वापस आ गए और दूसरे नेट्स में बल्लेबाजी करने लगे, ऐसा लग रहा है कि उन्हें कोई दीर्घकालिक चोट नहीं लगी है, जिससे एडिलेड में उनकी भागीदारी प्रभावित हो सकती है।

पर्थ में पहले टेस्ट में स्मिथ ने पहली पारी में गोल्डन हुए जबकि दूसरी पारी में 17 रन पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम 295 रनों से हार गई। अगर ऑस्ट्रेलिया को वापसी करने का कोई गंभीर मौका चाहिए तो उसे अपने प्रमुख बल्लेबाज को फॉर्म में रखना होगा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (2023-25) चक्र के 13 टेस्ट में स्मिथ ने 26 पारियों में सिर्फ 755 रन बनाए हैं, जिसमें 32.82 का औसत है, जिसमें सिर्फ एक शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 110 है।

### भारत आस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट

# जायसवाल की नजरें सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने पर, ब्रेडमैन की बराबरी करना चाहेंगे कोहली

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए तैयार है। जहां टीम इंडिया जीत दर्ज करते हुए सीरीज में पकड़ मजबूत करना चाहेगी। वहीं भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली महान



सचिन तेंदुलकर और डॉन ब्रैडमैन से आगे निकलने की कोशिश करेंगे।

22 वर्षीय युवा जायसवाल रिकॉर्ड तोड़ने की होड़ में हैं। साल के अधिकांश समय घरेलू परिस्थितियों में दबदबा बनाए रखने के बाद इस युवा खिलाड़ी ने पहले टेस्ट के दौरान पर्थ में 161 रनों की शानदार पारी खेलकर ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों पर विजय प्राप्त की। इस साल अब तक जयसवाल ने 58.18 की औसत और 72.52 की स्ट्राइक रेट से 1,280 रन बनाए हैं, जिसमें 3 शतक और 7 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है।

यह युवा खिलाड़ी एक कैलेंडर वर्ष के दौरान किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने के सचिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने से 282 रन दूर है। 2010 में सचिन ने 14 टेस्ट और 23 पारियों में 78.10 की औसत से 1,562 रन बनाए जिसमें सात शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214 था। एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक टेस्ट रन पाकिस्तान के बल्लेबाजी दिग्गज मोहम्मद यूसुफ के नाम हैं जिन्होंने 2006 में 11 मैचों और 19 पारियों में 99.33 की औसत से 1,788 रन बनाए थे। उन्होंने 202 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 9 शतक और तीन अर्द्धशतक बनाए।

दूसरी ओर विराट कोहली ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने से एक शतक दूर हैं। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घर में 10 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाए हैं, विराट का एक और शतक उन्हें ब्रैडमैन की बराबरी पर ले आएगे जिन्होंने अपने पूरे करियर में प्रतिद्वंदि इंग्लैंड के खिलाफ उन्हीं के घर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11 शतक बनाए हैं।

- **दूसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम** - पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर
- **भारतीय टीम** -रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।
- **रिजर्व-** मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, यश दयाल।

# बुमराह एंड कंपनी का सामना करने के लिए तैयार हैं ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज : एलेक्स कैरी

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम एकजुट है और उन्हें विश्वास है कि छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि क्रिकेट मैच में उनके बल्लेबाज जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले भारतीय आक्रमण का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ मैदान पर उतरेंगे।

बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर भारत की 295 रन से बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज इस मैच में नहीं चल पाए थे जिससे गेंदबाजों पर भी दबाव बढ़ा। कैरी ने कहा, 'वह (बुमराह) निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारे बल्लेबाज भी विश्वस्तरीय हैं और हमेशा समाधान निकालने के तरीके ढूंढते हैं।

उन्होंने कहा, 'हमने उसकी गेंदबाजी का आकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके





पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने जवाबी हमला किया था। कैरी ने कहा, 'हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका ढूंढ लेंगे। भारत पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरा था और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।

ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रन का असंभव लक्ष्य मिलने के बाद जोश हेजलवुड ने मीडिया को अपने बल्लेबाजों से यह पूछने के लिए कहा था कि उन्होंने दूसरी पारी के लिए क्या रणनीति बनाई है। इसके बाद बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच दरार की अफवाहें फैल गई। कैरी ने हालांकि इस तरह की अफवाहों को खारिज कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम में किसी तरह का तनाव है।

उन्होंने कहा, 'अगर आप बल्लेबाजों से पूछें, तो हम सभी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और (एक क्रिकेटर के रूप में) आप शतक बनाने के लिए वहां जाते हैं और यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि आप कई बार निराश होते हैं। कैरी ने कहा, 'लेकिन हमारी टीम एकजुट है। हम सभी को बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है और हम सभी बड़े स्कोर बनाने के लिए उत्सुक हैं और मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी ऐसा करने में सफल रहेंगे।

# 448 मिलियन डॉलर पहुंचा भारत के जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात

**- चालू वित्त वर्ष में जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात पिछले वर्ष के आंकड़े को कर सकता है पार**

**नई दिल्ली ।**
केंद्र सरकार ने देश के प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विस्तारित विकास के लिए नवीनतम आंकड़ों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले आठ महीनों में भारत ने 447.73 मिलियन डॉलर के जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात किया है। यह आंकड़ा पिछले पूरे वित्त वर्ष में निर्यात किए गए 494.80 मिलियन डॉलर के बहुत करीब है। इस प्रगति के साथ उम्मीद की जा रही है कि चालू वित्त वर्ष में जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात पिछले वर्ष के आंकड़े को पार करेगा। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू ने एक लिखित उत्तर में यह जानकारी साझा की कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 494.80 मिलियन डॉलर के जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात किया था। मंत्रालय ने जैविक उत्पादों के उत्पादन के लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई विशिष्ट निधि आवंटित नहीं की है, लेकिन वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) जैविक उत्पादों के निर्यातकों सहित वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत जैविक प्रमाणित प्रसंस्करण इकाइयों की कुल संख्या 1,016 है, एपीडा ने जानकारी प्रदान की। सितंबर में, एपीडा ने ग्लोबल रिटेल चेन लुलु ग्रुप इंटरनेशनल (एलएलसी) के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत भारतीय जैविक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को यूएई में ले जाने का भी निर्णय लिया गया है। एपीडा किसान उत्पादक संगठनों, किसान उत्पादक कंपनियों, सहकारी समितियों, और लुलु समूह सहित जैविक उत्पादकों के बीच कनेक्शन के लिए काम कर रहा है ताकि भारत के जैविक उत्पाद वैश्विक बाजार में पहुंच सकें।

# देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता

**- ब्रेंट क्रूड का भाव गिरावट के साथ 71.83 डॉलर प्रति बैरल हुआ**

**नई दिल्ली ।**
कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर मंगलवार को देश के ज्यादातर शहरों में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों ने देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती की है। वैसे दिल्ली-मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में मंगलवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 14 पैसे महंगा होकर 94.58 रुपये लीटर है। डीजल भी 16 पैसे चढ़ा और 87.67 रुपये लीटर पहुंच गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 10 पैसे सस्ता हो गया और 94.69 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 11 पैसे फिसलकर 87.81 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 37 पैसे टूटकर 105.23 रुपये लीटर तो डीजल 34 पैसे गिरकर 92.09 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में भी बड़ी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरने के साथ 71.83 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी टूटकर 68.16 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं गाजियाबाद में पेट्रोल 94.58 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.69 रुपये और डीजल 87.91 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.23 रुपये और डीजल 92.09 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# अर्थव्यवस्था में तेजी से नवंबर में पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन की हुई अधिक बिक्री

- त्योहारी महीने में ईंधन की मांग बढ़ने से 8.3 प्रतिशत बढ़ी पेट्रोल की बिक्री

**नई दिल्ली ।**

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल नवंबर में पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन की बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बढ़ोतरी हुई है। यह वृद्धि देश में आर्थिक गतिविधियों के उच्च स्तर को दर्शाती है। त्योहारी महीने में ईंधन की मांग में वृद्धि के कारण इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की पेट्रोल बिक्री नवंबर में 8.3 प्रतिशत बढ़कर 3.1 मिलियन टन हो गई।

जिसकी तुलना में पिछले साल इसी महीने में 2.86 मिलियन टन की खपत हुई थी। ईंधन की बिक्री में सरकारी स्वामित्व वाली इन दिग्गज कंपनियों का हिस्सा 90 प्रतिशत से अधिक है।

इसी तरह राजमार्गों पर माल की आवाजाही बढ़ने और रबी फसल की बुवाई के मौसम के दौरान कृषि क्षेत्र की बढ़ती मांग के कारण नवंबर के दौरान डीजल की खपत 5.9 प्रतिशत बढ़कर 7.2 मिलियन टन हो गई। वहीं देश में हवाई यात्रा में वृद्धि के कारण नवंबर के दौरान जेट ईंधन (एटीएफ) की बिक्री में सालाना आधार पर 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 6,50,900 टन हो गई।

अक्टूबर में 6,36,100 टन ईंधन की बिक्री की तुलना में यह मासिक आधार पर 2.3 प्रतिशत अधिक थी।

सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के तहत अधिक घरों ने रसोई गैस का उपयोग करना शुरू कर दिया है, इसके परिणामस्वरूप नवंबर में एलपीजी की बिक्री भी सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत बढ़कर 2.76 मिलियन टन हो गई। इसके अलावा आर्थिक गतिविधि में वृद्धि नवंबर में जीएसटी संग्रह में उछाल से भी देखी जा सकती है, जो 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.8 लाख करोड़ रुपये हो गई। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में भी आर्थिक गतिविधि के कई हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर में भी उछाल की जानकारी मिलती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

# नवंबर में घरेलू बाजार में कारों और एसयूवी की बिक्री में बढ़ोतरी

**-प्रमुख कंपनियों का बेहतरीन प्रदर्शन, ऑटो उद्योग के लिए सकारात्मक संकेत**

**नई दिल्ली।**
घरेलू बाजार में नवंबर महीने में कारों और एसयूवी की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रमुख कंपनियों जैसे मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और टोयोटा किर्लोस्कर ने अपने थोक बिक्री आंकड़ों में बढ़ोतरी दर्ज की है, जो भारतीय ऑटो उद्योग के लिए सकारात्मक संकेत हैं। मारुति सुजुकी ने नवंबर 2023 में 1,41,312 यूनिट्स की घरेलू यात्री वाहन बिक्री की, जो पिछले साल की इसी अवधि में 1,34,158 यूनिट्स से ज्यादा है। खासकर एसयूवी सेगमेंट में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। मारुति के पॉपुलर मॉडल जैसे ब्रेजा, ग्रैंड विटारा और जिम्नी की बिक्री में वृद्धि देखी गई और यह नवंबर 2023 में 49,016 यूनिट्स से बढ़कर 59,003 यूनिट्स हो गई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने नवंबर 2024 में 25,586 यूनिट्स की मासिक बिक्री की जो पिछले साल इसी माह में बेची गई 17,818 यूनिट्स से 44 फीसदी ज्यादा है। कंपनी ने 1,140 यूनिट्स का निर्यात भी किया। टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट ने बताया कि कंपनी ने अपनी उत्पाद रेंज में विविधता लाते हुए हैचबैक से लेकर एसयूवी तक के वाहन पेश किए हैं, जो कई ग्राहकों की लाइफस्टाइल के मुताबिक उपयुक्त हैं। टाटा मोटर्स ने नवंबर 2024 में 47,117 यूनिट्स की यात्री वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो सालाना आधार पर 2 फीसदी बढ़ोतरी को दर्शाता है। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 1 फीसदी की गिरावट आई, जो 27,636 यूनिट्स रही। नवंबर 2024 में टाटा मोटर्स की कुल वाहन बिक्री बढ़कर 74,753 यूनिट्स हो गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 74,172 यूनिट्स था। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने नवंबर में 61,252 यूनिट्स की कुल बिक्री की, जिसमें से 48,246 यूनिट्स घरेलू बिक्री के थे और 13,006 यूनिट्स का निर्यात किया गया। हालांकि, कंपनी की कुल बिक्री में मामूली गिरावट आई है। एचएमआईएल के सीईओ ने बताया कि कंपनी ने एसयूवी सेगमेंट में अपनी स्थिति मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया था और इस सेगमेंट ने घरेलू बिक्री में 68.8 फीसदी का योगदान दिया। इसके अलावा, कंपनी की ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच भी मजबूत हुई, जहां नवंबर में बिक्री का 22.1 फीसदी हिस्सा आया। नवंबर के आंकड़े दर्शाते हैं कि भारतीय ऑटो उद्योग में बढ़ोतरी बनी हुई है और कंपनियां अपनी बिक्री को बढ़ाने के लिए कई सेगमेंट में नयापन ला रही है।

# ठंडे पेय पदार्थों और तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ा सकता है नया जीएसटी स्लैब

**– वर्तमान में तंबाकू उत्पादों पर लगता है 28 प्रतिशत का टैक्स**

**नई दिल्ली ।**

मंत्रियों के समूह ने तंबाकू, तंबाकू उत्पादों और ठंडे पेय के लिए एक नया जीएसटी स्लैब की सिफारिश की है, जिससे इन पदार्थों पर 35 प्रतिशत का टैक्स लग सकता है। वर्तमान में इन उत्पादों पर 28 प्रतिशत का टैक्स लगता है। इसके साथ ही लक्जरी वस्तुओं पर भी टैक्स में वृद्धि की सिफारिश की गई है। 21 दिसंबर को आंध्रप्रदेश में होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में इस मामले पर चर्चा होने की उम्मीद है। इस बैठक में अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसमें 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने की सिफारिश भी शामिल है। सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है जिससे इसे विपणन और विक्रय में वृद्धि की जाए। जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी, जहां नई स्लैब संरचना पर भी विचार होगा। जीओएम ने अभ्यास पुस्तकों और पैकेज्ड पेयजल पर टैक्स कम करने की सिफारिश दी है, जो सामान्य जनता के आवश्यक उत्पादों के लिए काफी भविष्यवाणी है। इसके साथ ही उन्होंने भी संशोधित स्लैब जारी की है जिसमें किसी भी कपड़े की मूल्य 10,000 रुपये से कम है तो 5 प्रतिशत, 10,000 रुपये से अधिक लेकिन 1,500 रुपये तक के उत्पादों पर 18 प्रतिशत और 10,000 रुपये से अधिक की किमत वाले उत्पादों पर 28 प्रतिशत का टैक्स लगाने की सिफारिश की है। इन सुझावों से मानव जीवन की आवश्यकताओं पर किया जा रहा कर बोझ कम होने की उम्मीद है, जिससे नागरिकों को आर्थिक हरकत में सुधार मिल सके।

# बढ़त पर बंद हुआ रुपया

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया पांच पैसे की बढ़त पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी की वजह से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.76 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये में गिरावट की मुख्य वजह डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स मुद्रा को लेकर दी गई चेतावनी, यूरोक्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता, कमजोर घरेलू समष्टि आर्थिक संकेतक और निरंतर विदेशी पूंजी की निकासी रही। रुपया सोमवार को 12 पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी की बढ़त के साथ 106.51 पर रहा।



# अमेरिका ने चीन की और कंपनियों पर कसी लगाम

**कंप्यूटर चिप, चिप बनाने के उपकरण तथा सॉफ्टवेयर बनाने वाली कई कंपनियां शामिल**

**बैंकॉक ।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्रालय ने अपनी निर्यात नियंत्रण पहल का विस्तार करते हुए चीन की और कंपनियों पर लगाम कसने की तैयारी कर ली है। इसमें कंप्यूटर चिप, चिप बनाने के उपकरण तथा सॉफ्टवेयर बनाने वाले उपकरण बनाने वाली कई कंपनियां शामिल हैं। इस तथाकथित इकाई सूची में शामिल की गई 140 कंपनियों में से करीब सभी चीन में स्थित हैं। हालांकि जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर में चीनी स्वामित्व वाली कुछ कंपनियों को भी इसमें शामिल किया गया है। इन कंपनियों के इकाई सूची में शामिल होने से तात्पर्य है कि इनके साथ व्यापार करने की कोशिश करने वाली किसी भी अमेरिकी कंपनी को निर्यात लाइसेंस देने से इनकार कर दिया जाएगा। संशोधित नियम सोमवार को अमेरिकी संघीय रजिस्टार की वेबसाइट पर साझा किए गए। नियम चीन को उच्च बैंडविड्थ मेमोरी चिप के निर्यात को भी सीमित करते हैं। कृत्रिम मेधा जैसे उन्नत अनुप्रयोगों में भारी मात्रा में डेटा को संसाधित करने के लिए ऐसी चिप की आवश्यकता होती है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इसका विरोध जताया और कहा कि वह अपने 'अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए काम करेगा।

# एचडीएफसी बैंक के शेयरों में ब्लॉक डील से मार्केट कैप नयी ऊंचाई पर

**- डील में 21.7 लाख शेयरों का लेनदेन हुआ**

**मुंबई ।** एचडीएफसी बैंक के शेयरों में एक बड़ी ब्लॉक डील की खबर आई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, इस डील में 21.7 लाख शेयरों का लेनदेन हुआ, जिसके कारण शेयर की कीमत 1,837.40 रुपए तक पहुंच गई, जो एक नया ऑल-टाइम हाई है। इससे बैंक का मार्केट कैप एक बार फिर 14 लाख करोड़ के पार पहुंच गया। ब्लॉक डील के पहले 12 महीनों के प्रदर्शन के आधार पर बैंक के शेयर ने करीब 14 फीसदी का रिटर्न दिया है, जो निफ्टी के 18 फीसदी के रिटर्न से कुछ कम है। मुख्य वजह समेत, 25 नवंबर को एमएससीआई इंडेक्स में रीबैलेंसिंग के बाद बैंक के वेटेज में बढ़ोतरी हुई थी और इसके बाद बैंक में 1.88 अरब डालर का पैसिव निवेश भी आया था। एचडीएफसी बैंक के शेयर बाजार में मजबूत मोमेंटम दर्ज कर रहे हैं और श्रेष्ठता के मान्यता देते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि रीबैलेंसिंग और मजबूत फंडामेंटल्स के कारण बैंक के शेयर में और भी तेजी आ सकती है। वर्तमान मे एचडीएफसी बैंक के साझेदार और निवेशकों के लिए यह सुनहरा समय हो सकता है।

# निष्क्रिय खातों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक ने जतायी नाराजगी

**आरबीआई ने बैंकों को निष्क्रिय खातों को तत्काल सक्रिय करने के दिए निर्देश**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में बैंकों को चेतावनी दी है कि वे निष्क्रिय खातों की संख्या कम करें और उन्हें तत्काल सक्रिय करें। इस निर्देश के पीछे का कारण है रिजर्व बैंक की चिंता की बढ़ती मात्रा पर जिसमें निष्क्रिय खातों में पड़ी धनराशि की बढ़ती संभावना मानी जा रही है। वे बैंकों से प्राथमिकता के साथ ऐसे निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की मांग कर रहे हैं। निष्क्रिय खातों से संबंधित समस्याओं को उजागर करने वाले आरबीआई के पर्यवेक्षण विभाग के एक विश्लेषण से पता चला है कि कई बैंकों में निष्क्रिय या फ्रीज खातों में निरपेक्ष रूप से अधिक धनराशि जमा हो रही है जिससे बैंकों को संदेह हो रहा है। इन खातों में बड़ी संख्या सरकारी योजनाओं के लाभ वाले लाभार्थियों के खातों की है, जो डीबीटी से जुड़े हैं। आरबीआई ने बैंकों को विभिन्न उपायों के साथ खाताधारकों को सक्रिय करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बैंकों को निष्क्रिय/जमा किए गए खातों की संख्या कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की सलाह दी है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सुझाव दिया है कि बैंक मोबाइल/इंटरनेट बैंकिंग, विभिन्न शाखाओं और वीडियो ग्राहक पहचान प्रक्रिया के माध्यम से खाताधारकों का केवाईसी निर्बाध अद्यतन करने का मार्गदर्शन दिया है।

# नवंबर में बेरोजगारों की संख्या 34 लाख घटी

**- पांच लाख को ही मिला रोजगार**

नई दिल्ली ।
देश में बेरोजगारी दर में नवंबर महीने में थोड़ी कमी देखने का अनुमान है, लेकिन बेरोजगारों की संख्या में एक बड़ी गिरावट आई है। अक्टूबर महीने में देश में 8.7 फीसदी बेरोजगारी दर थी, जो नवंबर में 8 फीसदी हो गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में बेरोजगारों की संख्या में 34 लाख की गिरावट देखने को मिली है। केवल 5 लाख लोगों को ही रोजगार मिल पाया। इस डेटा के मुताबिक, श्रम बाजार गिरावट के बावजूद ठंडा पड़ गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसमें त्योहारों का असर भी हो सकता है। नवंबर महीने में करीब 29 लाख लोगों ने श्रम बाजार छोड़ दिया। देश में अक्टूबर महीने में 3.97 करोड़ बेरोजगार थे, जो नवंबर में 3.62 करोड़ रह गई है। बेरोजगारी से ग्रस्त लोगों में से 30 लाख लोगों ने रोजगार की तलाश बंद कर दी है, लेकिन इन्हें फिर से रोजगार मिलने की उम्मीद है। दिसंबर में अतिरिक्त रोजगार देने की उम्मीद है, लेकिन बेरोजगारी दर का अधिक होने का खतरा भी बना रहेगा। देश में बेरोजगारी दर अक्टूबर में 8.7 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद नवंबर, 2024 में घटकर 8 फीसदी रह गई। इस दौरान बेरोजगारों की संख्या में 34 लाख की बड़ी गिरावट देखने को मिली, जबकि रोजगार सिर्फ पांच लाख लोगों को ही मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले माह घटने के बावजूद बेरोजगारी दर अब भी अधिक है। नवंबर लगातार दूसरा महीना रहा, जब बेरोजगारी दर 8 फीसदी या उससे अधिक रही है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**




भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। बैंकिंग, मेटल के अलावा तेल कंपनियों के शेयरों में तेजी से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 597.67 अंक करीब 0.74 फीसदी बढ़कर 80,845.758 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 181.10 अंक तकरीबन 0.75 फीसदी ऊपर आकर 24,457.15 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 25 शेयर बढ़त पर बंद हुए। अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, एसबीआई और एलएंडटी सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, टीसीएस, टाइटन, जेएसडब्लयू स्टील, पावर ग्रिड, इंफोसिस, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एचयूएल, टाटा स्टील, मारुति के शेयर भी उछले। इसी प्रकार से, निफ्टी के 41 शेयरों में तेजी रही , जबकि 9 शेयर नीचे आये।

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 5 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। भारती एयरटेल, आईटीसी, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और कोटक बैंक सेंसेक्स के नुकसान वाले पांच शेयर रहे। आज कारोबार के दौरान व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। जबकि निफ्टी मिडकैप100 और निफ्टी स्मॉलकैप100 इंडेक्स क्रमशः 0.89 फीसदी और 0.84 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी एफएमसीजी और फार्मा को छोड़कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी पीएसयू बैंक और मीडिया इंडेक्स 2 फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। इसके बाद बैंक निफ्टी, ओएमसी और मेटल इंडेक्स सभी 1 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए।

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग बढ़त पर बंद हुए जबकि यूरोपीय बाजार लाभ में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में सोमवार को बढ़त रही।

वहीं पिछले कारोबारी सत्र यानी सोमवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 281 अंक के उछाल के साथ 80,529.20 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी 91.45 अंक की तेजी के साथ 24,367.50 के लेवल पर खुला।

# मोबाइल मैलवेयर हमलों के मामले में भारत सबसे आगे

**- जून 2023 से मई 2024 के बीच कुल हमलों में से 28 फीसदी हमले भारत में हुए**

**नई दिल्ली ।**

भारत में मोबाइल मैलवेयर हमले बढ़ रहे हैं, जो एक चिंताजनक विकास है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय भारत मोबाइल मैलवेयर हमलों का सबसे बड़ा निशाना बन गया है। जून 2023 से मई 2024 के बीच कुल हमलों में से 28 फीसदी हमले भारत में हुए हैं, जो काफी चिंताजनक है। रिपोर्ट बताती है कि बैंकिंग मैलवेयर हमलों में 29 फीसदी की वृद्धि और मोबाइल स्पाइवेयर हमलों में 111 फीसदी की चौंका देने वाली वृद्धि हुई है। इससे दिखता है कि साइबर खतरे भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं। भारतीय उद्यमों के लिए इस बढ़ते संकट का सामना करना महत्वपूर्ण है। एक रिपोर्ट के अनुसार लीगेसी सिस्टम और असुरक्षित आईओटी/ओटी परिवेश साइबर अपराधियों का मुख्य निशाना बन रहे हैं। इसलिए उद्यमों को अपने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने की जरूरत है ताकि उन्हें साइबर हमलों से बचाया जा सके। चिंताजनक बात यह है कि गूगल प्ले स्टोर पर 200 से अधिक खतरनाक ऐप थे जो संकेत करते हैं कि सुरक्षा के मामले में हमें और भी सतर्क रहना चाहिए। आईओटी मैलवेयर में भी 45 फीसदी की वृद्धि होना भी गंभीर बात है, जो साइबर खतरों की चुनौतियों को दिखाता है। भारत को लेन-देन सुरक्षा में सुधार करने की जरूरत है ताकि उन्हें साइबर




अपराधों से निपटने में मदद मिल सके। यहाँ तक कि भारत ने एपीएसी क्षेत्र में भी अपनी स्थिति सुधारी है, जो एक सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए एक अच्छा उदाहरण है।

# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयरों ने शेयर बाजार में जबरदस्त प्रदर्शन किया

**- शेयर 10 फीसदी की तेजी के साथ 142.10 रुपए पर पहुंच गए**

**मुंबई ।**

हाल ही में लिस्ट हुई कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों ने शेयर बाजार में जोरदार प्रदर्शन किया है। बीएसई पर मंगलवार को शेयर 10 फीसदी की तेजी के साथ 142.10 रुपए पर पहुंच गए, जो कंपनी के लिस्टिंग के बाद का सबसे बड़ा उछाल है। 27 नवंबर को लिस्टिंग के बाद यह पहला मौका है जब कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लगा। सोमवार को शेयर 129.20 रुपए पर बंद हुए थे, जिससे निवेशकों को मिले शानदार रिटर्न। शेयर अब तक 31 फीसदी की वृद्धि दर्ज कर चुके हैं। ग्रीन एनर्जी सेक्टर में बढ़ते निवेश और कंपनी की मजबूत स्थिति के कारण विश्लेषकों का मानना है कि कंपनी के शेयरों में और भी तेजी जारी रह सकती है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का बाजार पूंजीकरण 1.19 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है, जो दर्शाता है कि इसकी मान्यता बाजार में बढ़ती जा रही है। शेयर के स्थिर ग्रोथ और निवेशकों के विश्वास के साथ, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने अपने आईपीओ से कुल 10,000 करोड़ रुपए जुटाए थे, जो इसके भविष्य की रोशनी में और भी उजागर करता है। शेयर के आने वाले दिनों में और भी बढ़ती मांग का आगामी मंज़र नजर आ रहा है।

# 331 गो अग्निवीरमन पासिंग आउट परेड में लेलयं रास्ट्र सेवा कर सपथ





**उत्तर प्रदेश।** वाराणसी में एगो परभावसाली पासिंग आउट परेड कर दौरान 331 गो अग्निवीरमन कर बैच 3 दिसंबर के रास्ट्र कर सेवा करेक कर सपथ लेलयं। परेड कर समीछा ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता, सेना मैडल, कमांडेंट 39 गोरखा परसिछन केंद्र कर द्वारा करल गेलक। 31 सप्ताह कर बेसिक आउर एडवांस कॉम्बैट ट्रेनिंग कर बाद अग्निवीर सामान्य जुवामन से अनुसासित सैनिक में बदइल गेलयं। गोरखा परसिछन केंद्र जुवामन के मजबूत, मानसिक रूप से चुस्त, सख्त आउर जुद्ध ले तैयार सैनिकमन में बदलेक आउर उनकर छमता कर निरमान करेक में माहिर हयं। ई सैनिकमन के



फिर हमिन कर सीमा कर सुरछा ले सक्रिय यूनिटमन में तैनात करल जाएला। परेड में बड़ संख्या में पासिंग आउट बैच कर मायं-बाप आउर भूतपूर्ब सैनिक मौजूद रहयं। ई बास्तव में सैन्य ड्रिल कर एगो बेदाग परदरसन रहे। परसिछुमन आपन सटीकता आउर सान से दरसकमन के मंत्रमुग्ध कइर देलयं। जैसने दस्ता सलामी मंच कर सामने हथियार पेस करलयं, दरसकमन ताली कर गड़गड़ाहट से उनकर सोवागत करलयं। आत्मबिसबास से भरल छाती लेवल बीर जवानमन के मार्च करते सानदार दृस के देइख के परसिछुमन कर मायं-बाप कर आंइख में खुसी कर आंसू आय गेलक।

## जीडी गोयनका पब्लिक इस्कूल में होलक मैत्री फुटबॉल मैच



**रांची।** नामकुम कर जीडी गोयनका पब्लिक इस्कूल आउर दीपशिखा इस्कूल कर संजुक्त तत्वावधान में एक दिनक मनोरंजक मैत्री फुटबॉल मैच कर आयोजन 3 दिसंबर के करल गेलक। मैच जीडी गोयनका पब्लिक इस्कूल में खेलल गेलक।

ई अवसर में दुईयों इस्कूल कर छउवामन बड़ उत्साह से मैच खेललयं। मैदान में टीम भावना कर बारे में खेल कर माध्यम से छउवामन समझलयं। फुटबॉल मैच कर दौरान छउवामन समझलयं कि एकता में हे बल होवेला। हमिन कर बेक्तिगत सक्ति कम इया बेसी होए सकेला, मकिल अगर हमिन मिइल जाब तो बड़ मिसन के भी अंजाम देइ सकीला। छउवामन कर उत्साह बर्धन ले खेल कर मैदान में इस्कूल कर प्रचार्य डॉ सुनील कुमार, दीपशिखा इस्कूल कर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुश्री सुधा लिल्हा, प्रेसीडेंट सुश्री मंजू गुप्ता, प्राचार्या गोपिका आनंद उपस्थित रहयं। दरसन दीर्घा में बैइठ के इस्कूल कर सउब छउवामन फुटबॉल मैच कर आनंद लेलयं। खेलाड़ीमन कर मनोबल भी बढ़ालयं।

## नागपुरी कहानी

## लालची घोड़ा बेटक जिद से आजाद



संतोष महली

एगो जंगल में तीन गो घोड़ा रहत रहैं 'कालू'सेकर पत्नी 'कली'एगो बेटा उकर नाम 'लाला'रहे।

तीनो बहुते सुंदर रहैं,एकदम आजाद अपन परिवार संगे खुश रहैं,अपन मन कर मालिक जने पार तने भइल चलत रहैं,जे मन करत रहे से करत रहैं, कहियो-कहियो तो बाहरोहो घुमे जात रहैं।

एक दिन कालू के एगो आदमी देईख लेलक उ आदमी घोड़ा दउड़ में बहुते पईसा लगात रहे आउर जीतत भी रहे। आदमी के लागलक अगर इके कोनो तइर वस में कइर लेली तो मालामाल होइ जाब।

आदमी रोज कालू के जोहे लागेला कखन- कखन आवेला जायला सेके, दुई चाईर दिन बितल कर बाद कालू एकेले जंगल से बाहरे जायला,उ दिन उके बाहरे हरियर- हरियर घांस आउर बुट दिखेला,इ देईख कालू बड़ा खुश होवेला आउर बिना सुझे ना बुझे जायके खाय लागेला । आदमी चुपे से कालू ले रोज हरियर- हरियर घांस राईख देवत रहे ,इसनेहे दिन बितते गेलक, एक दिन कालू अपन (पत्नी )कली आउर अपन बेटा लाला के अपन बारे में बतायला की रोज हमर ले हरियर -हरियर घांस आउर बुट खायले मिलेला जंगल में,के रोज खोजत रही चला तोहरोहो मोंय तो एकेले खाहे नी पारोन'तोहरे साथे जाबा तो अच्छा रही।

कालू कर बात के सुइन पत्नी कली आउर बेटा लाला के संका होवेला आंईख देखाते कहैना,एके जगे खायले रोज कइसे मिली माजाक मइत करू,कइह के उ मन कालू कर बात के सुइन मजाक उड़ाय लागैना । बेटा लाला छोटे बेरा से होसियार रहे अपन बाप के कहेला निही-निही केकरु जरूर चाइल होवी निही तो रोज- रोज के देवि फिरी फोकट कर खायेले।

एतइ बात सुइन निराश होइ के कालू चुपचाप बइठ देवेला , कालू कर मुंह फुलल देईख पत्नी हर कालू कर बात के माइन लेवेला,आउर दुसरा दिन जाएक कर बात होवेला बेटा लाला तोहरे जावा मोंय नी जाबुं,कइहके अपन जिद में अंइड़ जायला मुदा मांय बाप कर डांटेक दबाएक से बेटा लाला के भी हं कहेक पड़ेला। दुसर बिहान तीनों जंगल से बाहरे जायना आउर देखैना सचे में हरियर -हरियर घांस आउर बुट राखल रहेला।

कालू तो, जाते ही खाय लागेला आउर पत्नी बेटा के भी खाय ले कहे लागेला, इ दुईयो भी कालू कर कहल में जाय के खाय लागैना,मुदा उ दिन घांस में उ आदमी घोड़ा के धरेले नाशा वाला दवाई मिलाय दे रहे,तीनो घोड़ा कर खाते -खाते आईंख बंद होवे लागेला।

जब होस आवेला तो घोड़ा मन अपने के एगो घर में बंद पावैना ,तब कालू कर होस कर ठिकाना नी रहेला बेटा लाला कहेला देखले बाबा आब बुझ,मोंय कइह रहों नी,कालू मुड़ के निचे गाइड़ के चुपचाप होइ देवेला,तीनो समइझ जायना की आब फंइस गेली सेके। तीनो बहुते भागेक कर जोर देवैना मुदा जतइ जोर देवैना ओतने बगरा साजा मिलेला आदमी से।

मोट -मोट डोरा में बांधल जा रहे आउर नाइथ दे रहे,तीनो गुलाम बइन जा रहैं , लाला छोट रहे सेले उके फिरिये छोइड़ दे रहे उ आदमी ....लाला पाबंदी में रहे मुदा बाहरे भितरे घुमत फिरत रहे,आदमी भी उके कोनो नी करत रहे,छउवा हय कहिके। आदमी रोज दुईयो पति पत्नी के दउड़ में लेके जात रहे आउर जीत के आवत रहत रहैं' तो बेस खाय पियेले देवत रहे,आउर अपने पि खाय के मस्त रहत रहे। कय महिना इसनेहे बितेला जीत के आवैना होले बढ़िया- बढ़िया खायले देवेला,आउर हारैना तो मारेला पिटेला इ देईख बेटा के बाड़ा दुख होवत रहे। आदमी कर एगो आदत बाड़ा खाराब रहे,जब भी जीत के आतक तो पी के टुल रहत रहे ।

छोटका घोड़ा लाला सउब के समइझ जा रहे,उ भी आदमी के जोहेक शुरू कइर दे रहे की आदमी कहिया- कहिया खुश रहेला ,आउर मौज मस्ती करेला सेके।

आदमी के भी अपन घोड़ा मन में बिस्वास होइ जा रहे,सोचत रहे एतइ दिन कहों जाबे नी करलैं तो आब काहां जाबैं,पईसा एतइ कामाय रहे की देईख के गदगद रहे। एक दिन कर बात हके आदमी बहुत बड़का साट्टा लागाय रहे,घोड़ा घोड़ी कर मेहनत से फाइनल तक पोहंइच जाय रहे,उ सांझी उ आदमी बहुते खुश रहे आउर दुईयो घोड़ा के बान्धेक भुलाय जा रहे।

छोटका लाला ले एहे मोका रहे,लाला कर उ आस पास पुरा देखल ताकल रहे ,राईत के एक बजे लाला अपन मांय बाप के उठायला आउर उ दुईयो के बतायेला अपन बात भागेक वाला। लाला कर बात सुइन,दुईयो फिर डांइट दबायके सुते कहैना मुदा लाला काहां माने वाला रहे अपन जिद में अइंड़ जायला आउर अपन मांय बाप के अपन संगे भागेक ले कहेला। पाकड़ाल से बहुत माइर मिली बेटा इसन मइत सोच,बेटा लाला के कहैना ।

मांय बाप कर बात सुइन बेटा लाला कहेला एक बइर बस मोर बात के माना , बस एक बइर ..... बेटा कर बात सुइन राती तीनो भागेक में कामयाब होइ जायना। अपन जगह में जाय बेटा लाला के अपन छाती से लगाय , पोटराय -पोटराय के कांदैना आऊर साबासी देवैना।

तो इ रहे लालची घोड़ा बेटक जिद से आजाद,राउरे मन के कहनी कइसन लागलक जरूर बाताब।

## एमएमके हाई इस्कूल में बैलट पेपर से होलक पोर्टफोलियो चुनाव

**रांची।** एमएमके हाई इस्कूल, बरियातू में पोर्टफोलियो चुनाव बैलट पेपर से 3 दिसंबर के सफलतापूर्बक संपन्न होलक। ई चुनाव में छात्रमन गोटा उत्साह कर संगे भाइग लेलयं। हेड बॉय कर पद में सुहैल राजा आउर हेड गर्ल कर रूप में मन्तासा नाज के चुनल गेलक। इकर अलावा, इस्कूल में 30 गो पद ले 50 से बेसी उम्मीदवारमन नामांकन करलयं। छात्रमन में चुनाव कर प्रति जागरुकता आउर सक्रिय भागीदारी ई आयोजन के सफल बनालयं। चुनाव कर दौरान इस्कूल कर प्रधानाचार्या छात्रमन कर उत्साहबर्धन करते कहलयं कि ई चुनाव छात्रमन में नेतृत्व आउर ज़िम्मेदारी कर भावना बिकसित करेक कर एगो महतपूर्न कदम हेके। सउब प्रतिभागीमन के सुभकामना देलयं।

प्रधानाचार्या कहलयं कि एमएमके हाई इस्कूल छात्रमन कर सर्वांगीन बिकास ले प्रतिबद्ध आहे। ई किसिम कर आयोजन कर माध्यम से उनकर नेतृत्व गुन के निखारेक कर प्रयास करेला।



## गोवा के कार्गो आउर क्रूज हब कर रूप में करल जाई बिकसित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सागरमाला जोजना कर तहत गोवा राइज सरकार कर संगे मिइल के गोवा के एगो परमुख कार्गो आउर क्रूज गंतव्य कर रूप में बिकसित करत हे। उल्लेखनीय आहे कि सागरमाला जोजना कर तहत गोवा में एगो अंतररास्ट्रीय आउर घरेलू क्रूज टर्मिनल कर संगे-संगे एगो फेरी टर्मिनल भी बिकसित करल जाए हे। ई जानकारी केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन आउर जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल आइज राइजसभा में एगो लिखित उत्तर में देलयं। केंद्र सरकार गोवा कर मोरमुगाओ बंदरगाह में एगो अंतररास्ट्रीय आउर घरेलू क्रूज टर्मिनल कर संगे-संगे एगो फेरी टर्मिनल भी बिकसित कइर हे, जेकर अनुमानित परिजोजना लागत 101.72 करोड़ रुपया हेके। ई परिजोजना के मार्च 2025 तक पूरा करेक कर लछ राखल जाय हे । बंदरगाह, जहाजरानी आउर जलमार्ग मंत्रालय गोवा में 09 तटीय जेटी ले डीपीआर भी तैयार करत हे, ताकि कार्गो कर मात्रा बढ़ाल जाय सके। यातायात कम



करल जाए सके आउर अंतर्देसीय परिवहन में सुधार करल जाए सके।

कार्गो बढ़ायेक कर परयास में नवा टर्मिनल बनायेक, मौजूदा टर्मिनल कर बिस्तार करना, कनेक्टिविटी बढ़ायेक, उपकरन के अपग्रेड करेक आउर सब्सिडी आउर कम सुल्क कर माध्यम से तटीय सिपिंग के बढ़ावा देवेक सामिल हय। क्रूज गतिबिधिमन के आउर बढ़ावा देवेक ले केंद्र सरकार 2024 में क्रूज भारत मिसन सुरू करलक। ई किसिम कर बिकास से ई छेतर में अपेछित आर्थिक परभाव पड़ी, जैसे परिवहन, आतिथ्य, खुदरा आउर पर्यटन में रोजगार सृजन, स्थानीय बेयापार राजस्व में बिरधि होवी। ई एकीकृत क्रूज सर्किट कर द्वारा सक्षम फेरी आउर रोरो (रोल-ऑन/रोल-ऑफ) सेवामन संगे उन्नत अंतर्देसीय जलमार्ग सेवा कर माध्यम से स्थानीय कनेक्टिविटी में भी सुधार करेला।

# अंतर्राष्ट्रीय दिब्यांगता दिवस में व्हील चेयर कर करल गेलक बितरन

**पलामू।** अंतर्राष्ट्रीय दिब्यांगता दिवस कर अवसर में मंगलवार के जिला प्रसासन आउर जिला समाज कल्याण शाखा दिव्यांगता दिवस सह जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन टाउन हॉल में करल गेलक। कार्जकरम में बतौर मुध गोतिया सदर एसडीओ सुलोचना मीणा आउर बिसिस्ट गोतिया जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती नीता चौहान सामिल रहयं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार कर प्रतिनिधि कर रूप में अधिवक्ता अमिताभ चंद्र सिंह भी उपस्थित रहयं। ई अवसर में उपस्थित गोतियामन सामूहिक रूप से कार्जकरम कर उद्घाटन करलयं।

कार्जकरम कर संचालन पवन कुमार गुप्ता सिछक सह दिव्यांग संघ कर संरछक कर द्वारा करल गेलक। कार्जकरम में गोटा पलामू



जिला कर दिब्यांगमन भाइग लेलयं। दिव्यांग संघ कर दन से सुरेंद्र कुमार दिब्यांगमन के एकजुट रहेक कर बात कहलयं। इकर संगे ऊ दिब्यांग आवासीय बिद्यालय के फिर से खोलेक ले परसासन से अनुरोध करलयं। उपस्थित पदाधिकारीमन मांग के जलदी से जलदी उपायुक्त कर माध्यम से सरकार तक भेजेक कर आउर उके पूरा करेक कर आसवासन देलयं।

मुध गोतिया सदर एसडीओ दिब्यांगमन कर बीच एक दर्जन व्हीलचेयर कर बितरन भी करलयं। समाज कल्यान पदाधिकारी नीता चौहान आसवासन देलयं कि भविस में जतई भी सरकारी जोजना हेके, सउब के सुलभतापूर्न आपनेमन कर बीच उपलब्ध कराल जाई। ई अवसर में पलामू जिला कर बड़ संख्या में दिब्यांगमन सामिल रहयं।

## सेल-आरडीसीआईएस दिब्यांगजन आउर बरिसठ नागरिकमन के देलक सामग्री

**रांची।** सेल-आरडीसीआईएस 'अंतर्राष्ट्रीय बिकलांगता दिवस' कर उपलछ में रांची कर नामकुम परखंड कर कुटियातु पंचायत भवन में 50 गो दिब्यांगजन आउर बरिसठ नागरिकमन के व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड, वॉकर, घुटना कर बेल्ट, कमर कर बेल्ट, सिलिकॉन कुसन इत्यादि परदान करलयं। सेल-आरडीसीआईएस ई आयोजन आपन सीएसआर जोजना कर तहत एलिम्को कर संगे मिइल के करलयं। ई मौका में सेल कर दन से सीजीएम (एचआर) आउर सीएसआर हेड एसजे जाचक, डीजीएम (सीएंडएम) गोपाल कृष्णा, सेल सीएसआर से राहुल श्रीवास्तव, लक्ष्मण कुमार आउर निखिल उरांव उपस्थित रहयं। एलिम्को कर दन से अविनाश



सिन्हा आउर विवेक उपस्थित रहयं।

कुटियातु पंचायत कर मुखिया श्रीमति निशा उरांव कर संगे-संगे अंजलि, ज्योति, संतोषी, किरन आउर अन्य महिलामन ई मौका में आपन-आपन अस्तर से ई आयोजन के सफल बनायेक में जोगदान देलयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com